* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 57

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


महाराष्ट्र-कर्नाटक के सीएम के साथ अमित शाह की बैठक, कहा- मुद्दों को संवैधानिक तरीके से सुलझायेंगे








## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री को लिखा पत्र, कहा-

# अवैध खनन में रेल अधिकारी शामिल, जांच में सहयोग करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को खुला पत्र लिखा है। पत्र में झारखंड में अवैध खनन में रेलवे अधिकारियों की संलिप्तता की जांच करने को लेकर सरकार द्वारा बनायी गयी जांच कमेटी की बात कही है। साथ ही जांच में केंद्र सरकार से सहयोग की मांग की है। पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य से अवैध खनन को समाप्त करने के लिए उनकी सरकार कृत संकल्पित है। सरकार गठन के बाद लगातार बैठकों, अवैध खनन के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाने एवं प्राथमिकी दर्ज करने, जिला एवं राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। खनिज प्रबंधन के लिए ऑनलाइन तरीके से झारखंड इंटीग्रेटेड माइंस एंड मिनरल मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली को प्रभावी किया गया है। इसके माध्यम से ऑनलाइन परमिट, इ-चालान, सभी वैधानिक भुगतान इत्यादि कार्य किये जाते हैं। इसका सकारात्मक परिणाम राज्य को प्राप्त होने वाले राजस्व में वृद्धि के रूप में देखने को मिला है।



- अवैध खनन को समाप्त करने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित

### रेलवे के माध्यम से बिना वैध चालान के खनिज का परिवहन किया गया

सीएम ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा विगत दिनों यह आरोप लगाया गया है कि साहिबगंज में दो वर्षों में विभिन्न लोडिंग प्वाइंट से 3531 से भी अधिक रेलवे रैक से बगैर चालान के पत्थर का परिवहन किया गया है। अवैध परिवहन की रोकथाम से संबंधित झारखंड खनिज (अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम) नियम, 2017 के अधिसूचित होने के बाद से इसका अनुपालन हो रहा है। अभी ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं कि रेलवे के माध्यम से बिना वैध चालान के खनिज का परिवहन किया गया है। साफ है कि इस अनियमितता में रेलवे के अधिकारियों की संलिप्तता है। इसे देख हमारी सरकार ने अवैध खनन एवं इसके परिवहन में रेलवे पदाधिकारियों की संलिप्तता एवं अन्य सभी संबंधित बिंदुओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन का निर्णय लिया है। जरूरी है कि केंद्रीय रेल मंत्रालय भी राज्य सरकार के जांच कार्यों में सहयोग करे।

### रेलवे राज्य को कोई सहयोग नहीं कर रहा

लेकिन यह भी सत्य है कि अवैध खनन के परिवहन की रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों में रेलवे द्वारा राज्य को कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है। राज्य सरकार एवं पदाधिकारियों द्वारा रेलवे से अनेकों बार पत्राचार किया गया। नीति आयोग, पूर्वी क्षेत्रीय परिषद एवं कोयला मंत्रालय की बैठकों में भी यह मसला उठाया जा चुका है। कोयला मंत्री से भी व्यक्तिगत अनुरोध किया गया है। इसके बावजूद कोई पहल नहीं हुई है। सरकार के अनुरोध के बावजूद रेलवे द्वारा लौह अयस्क को छोड़ कर किसी भी अन्य खनिज संपदा के लिए अपने सॉफ्टवेयर को जेआइएमएमएस पोर्टल से इंटीग्रेट (समेकित) नहीं किया गया है।

# जामताड़ा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ हुई मारपीट

- जिलाध्यक्षों की सूची से नाराज इरफान समर्थक भिड़ गये जिलाध्यक्ष से
- भारत जोड़ा यात्रा के दौरान राजेश ठाकुर पहुंचे थे जामताड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** कांग्रेस की अंदरूनी कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। जिलाध्यक्षों की सूची को लेकर हुआ घमासान अभी थमा भी नहीं था कि जामताड़ा में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा में अंदरूनी कलह मारपीट में तब्दील हो गयी। जिलाध्यक्ष और विधायक इरफान अंसारी के समर्थक गुटों के बीच हुई इस झड़प में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ मारपीट हो गयी। हालांकि इज्जत बचाने के लिए कांग्रेसी इसे धक्का-मुक्की बता रहे हैं।

### एक तरफ जिलाध्यक्ष, तो दूसरी तरफ विधायक इरफान ने निकाली यात्रा

भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा की अगुवाई में निकाली गयी, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदेश के कृषि मंत्री बादल शामिल हुए। वहीं दूसरी ओर जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी अपने समर्थकों के साथ अपने कोर्ट रोड स्थित आवास से निकले। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बादल पत्रलेख, जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा और अन्य वरीय कांग्रेसजनों के साथ कोर्ट चौक स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का आगाज किया।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान भिड़े समर्थक

बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद काफिला बैंक मोड़ स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचा। वहां पहले से मौजूद विधायक समर्थकों ने डॉ इरफान के समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ नोंकझोक करने लगे। हंगामे पर उतारू विधायक समर्थकों ने पहले प्रदेश अध्यक्ष के बाडीगार्ड के साथ हाथापाई शुरू की, फिर मामला और बिगड़ गया।

### दोनों गुटों के बीच होने लगी मारपीट

विधायक समर्थकों की हुड़दंगई देख जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा के समर्थक भी नारेबाजी करते हुए विधायक समर्थकों से भिड़ गये। दोनों ही पक्षों के बीच पहले धक्का-मुक्की हुई, फिर मारपीट में बदल गयी। वरीय नेताओं ने किसी तरह लोगों को समझा-बुझा कर इस यात्रा को जामताड़ा के सुभाष चौक पर पहुंचाया। यहां माल्यार्पण के दौरान विधायक समर्थकों और जिला अध्यक्ष समर्थकों के बीच जम कर मारपीट हुई।






# झारखंड और पश्चिम बंगाल में 33 जगहों पर आयकर छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

- मोंगिया, सलूजा एवं लाल फेरो प्लांट में छापामारी, रांची में डॉ मजीद आलम के यहां भी हुई छापेमारी

**कोलकाता/गिरिडीह।** बुधवार को आयकर विभाग ने झारखंड और बिहार के 33 ठिकानों पर छापामारी की। इस छापा में दो करोड़ रुपये नगद और निवेश के दस्तवेज मिले हैं। छापामारी मनी लांड्रिंग के शक पर की गयी है। जो गुरुवार को भी जारी रहेगी। छापा गिरिडीह जिले की तीन बड़ी लौह कंपनियां मोंगिया स्टील लिमिटेड, सलूजा स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड और लाल फेरो कंपनी के व्यावसायिक और आवासीय ठिकानों पर की गयी है। आयकर विभाग के अधिकारियों ने बुधवार सुबह छापा मारा। अधिकारी कागजातों को खंगालने में लगे थे। विदित हो कि मोंगिया स्टील का संचालन गुणवंत सिंह सलूजा, सलूजा स्टील अमरजीत सिंह सलूजा और लाल फेरो का संचालन बांके बिहारी, चेतू साव और गांगो साव करते हैं। वहीं रांची में डॉक्टर मजीद आलम के ठिकानों पर भी आयकर छापेमारी हुई।













आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,500 रु./10 ग्राम
चांदी 72,500 रु./प्रति किलो



## हर जुबान से निकल रही यही आवाज, अपने लिए नहीं, जनता के लिए किया था आंदोलन

# जेल जाने के बाद रामगढ़ में बह रही ममता के पक्ष में सहानुभूति की लहर

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड का रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र फिर से एक बार चुनावी मोड में आने वाला है। चौक-चौराहों पर फिर से चाय की चुस्की के साथ बड़े-बुजुर्ग चुनावी चर्चा के लिए तैयार बैठे हैं। राजनीतिक पार्टियां अभी से ही प्रत्याशियों के चयन पर विचार करना आरंभ कर चुकी हैं। जैसे ही मंगलवार को हजारीबाग व्यवहार न्यायलय स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट ने रामगढ़ विधायक ममता देवी को चर्चित इनलैंड पावर गोलीकांड मामले में पांच साल की सजा सुनायी, राजनीतिक दल सक्रिय हो गये। इस फैसले के साथ ही ममता देवी की विधानसभा सदस्यता भी खत्म हो जायेगी। इसके मद्देनजर रामगढ़ विधानसभा सीट पर चुनावी समीकरण बनने शुरू हो गये हैं। पहले रामगढ़ को आजसू का मजबूत किला माना जाता था। कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने साल 2019 में आजसू का यह अभेद्य किला ध्वस्त कर दिया। 2014 के चुनावों तक वहां तत्कालीन विधायक चंद्रप्रकाश चौधरी की तूती बोलती थी। उसके बाद चंद्रप्रकाश चौधरी की ख्वाहिशें हिलोरें मारने लगीं। उन्हें सांसद बनने की इच्छा हुई। भाजपा के साथ सीटों के तालमेल के चलते गिरिडीह सीट आजसू को मिली और वहां से चंद्रप्रकाश को टिकट मिला। वह चुनाव जीत गये और पहुंच गये संसद। लेकिन रामगढ़ विधानसभा सीट को वह अपने हाथों से जाने नहीं देना चाहते थे। सो उन्होंने अपनी पत्नी को 2019 के विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारा। लेकिन उनकी पत्नी सुनीता चौधरी बुरी तरह चुनाव हार गयीं। ममता देवी को 99944 वोट मिले, वहीं सुनीता चौधरी को 71226 वोट ही मिल पाया। इस प्रकार ममता देवी ने रामगढ़ में आजसू का पिछले 15 साल का किला ध्वस्त कर दिया। फिलहाल ममता देवी को सजा हो गयी है, लेकिन यह सजा उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में नहीं, बल्कि जनांदोलन के लिए हुई है। उन्होंने वहां के विस्थापितों के लिए अपनी आवाज बुलंद की थी। उस आंदोलन में उग्र भीड़ पर पुलिस ने गोली चलायी थी। उसमें दो लोग मारे गये थे। जनता सब समझती है। ममता देवी का एक चार महीने का दुधमुंहा बच्चा भी है। संयोग देखिये, जब इस आंदोलन में ममता देवी पहली बार जेल गयी थीं, तो उस समय उनकी गोद में पांच माह की बच्ची थी। इस बार जब सजा मिलने पर जेल गयीं, तो उनकी गोद में चार माह का बच्चा है। यही कारण है कि ममता देवी को लेकर रामगढ़ में सहानुभूति की लहर तेज है। भले ही उन्हे सजा हो गयी है, लेकिन जनता की अदालत बहुत बड़ी होती है। असली इंसाफ तो वहीं होगा। यह अदालत रामगढ़ उपचुनाव में लगेगी और फैसला भी सुनायेगी। महागठबंधन और एनडीए ताल ठोकने को तैयार है। क्या माहौल होने वाला है रामगढ़ उपचुनाव को लेकर, बता रहे हैं ***आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

रामगढ़ नाम सुनते ही जो पहली छवि किसी के मन में उभरती है, वह कोयला खदान और वाशरी से पटे इलाके की है या फिर 1984 के ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद हुए सैनिक विद्रोह की, लेकिन रामगढ़ की एक तीसरी छवि भी है और वह है झारखंड में सब्जी की खेती के साथ राजनीतिक संघर्ष के लिए मुफीद जमीन की। इसी रामगढ़ में एक बार फिर से चुनावी सुगबुगाहट शुरू हो गयी है, क्योंकि 2019 के चुनाव में जाइंट किलर का खिताब हासिल कर चुकीं कांग्रेस विधायक ममता देवी आइपीएल गोलीकांड में अदालत से सजा सुनाये जाने के बाद विधायक नहीं रह गयी हैं। इसलिए रामगढ़ में उपचुनाव होना तय हो गया है।

**क्या है आइपीएल गोलीकांड, जिसमें ममता देवी को सजा हुई**

रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में 29 अगस्त, 2016 को आइपीएल (इनलैंड पावर लिमिटेड) फैक्टरी में मजदूरों के शोषण के विरोध में आंदोलन हुआ था। नागरिक चेतना मंच और आइपीएल प्लांट प्रबंधन के बीच पुनर्वास और नौकरी की मांग पर आंदोलनकारी ग्रामीण, प्रबंधन और प्रशासन के बीच गोला अंचल कार्यालय में वार्ता हो रही थी। तत्कालीन पार्षद ममता देवी इस आंदोलन का नेतृत्व कर रही थीं।

राजीव जायसवाल और ममता देवी के नेतृत्व में विस्थापित ग्रामीण फैक्टरी गेट तक पहुंच गये और यहीं वार्ता की मांग करने लगे। यहां पर पहले से तैनात पुलिस बल ने सभी को वहां से जबरन हटा दिया। इससे नाराज विस्थापित सेनेगढ़ा नदी चले गये। वहां पर विस्थापितों ने फैक्टरी में पानी सप्लाई के लिए बिछायी गयी पाइपलाइन में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस भी वहां पर पहुंच गयी। पुलिस को देखते ही तनाव की स्थिति बन गयी। इसके बाद नदी के दोनों तरफ से ग्रामीणों ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि विस्थापितों की ओर से गोलीबारी की गयी, जबकि आंदोलनकारियों का कहना है कि पुलिस ने विस्थापितों पर गोली चला दी। फायरिंग में दशरथ नायक (50) और रामलखन महतो उर्फ फुतू महतो (40) की मौत हो गयी। दोनों पक्षों से करीब 43 लोग घायल हुए थे। सुरक्षा में तैनात बतौर मजिस्ट्रेट सीओ, बीडीओ और थानेदार सहित अन्य जवानों को भी चोटें आयी थीं। कई लोगों को जेल भेजा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे राजीव जायसवाल और ममता देवी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसी मामले में रामगढ़ विधायक ममता देवी समेत 13 लोगों को कोर्ट ने मंगलवार को पांच साल की सजा सुनायी है। इस सजा के एलान के साथ ही उनकी विधानसभा सदस्यता भी खत्म हो जायेगी।

## उपचुनाव को लेकर अभी से सजने लगी शतरंज, आजसू और कांग्रेस में होगी जंग



**2019 के बाद चार उप चुनावों में महागठबंधन की जीत**

ममता देवी की विधायकी खत्म होने के साथ ही रामगढ़ में उप चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गयी है। झारखंड में 2019 के बाद चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए उप चुनाव हो चुके हैं। झारखंड में सत्ता परिवर्तन के बाद जितने भी उप चुनाव हुए, उसमें महागठबंधन का प्रत्याशी ही जीता। चाहे वह दुमका का उप चुनाव हो या बेरमो का, मधुपुर का हो या फिर मांडर का, हर बार भाजपा प्रत्याशी को करारी हार का सामना करना पड़ा। सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बरहेट और दुमका दोनों सीट से जीत हासिल करने के बाद एक सीट छोड़ने की बाध्यता के कारण दुमका सीट छोड़नी पड़ी। इस पहले उप चुनाव में हेमंत सोरेन के छोटे भाई और जेएमएम प्रत्याशी बसंत सोरेन चुनाव जीतने में सफल रहे। उसके साथ बेरमो के दिग्गज कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह के निधन के कारण वहां भी उप चुनाव हुआ। कांग्रेस ने राजेंद्र बाबू के पुत्र कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को उतारा और उन्होंने भी जबरदस्त जीत हासिल की। कोरोना के कारण मधुपुर के विधायक और सरकार में शामिल अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हाजी हुसैन अंसारी की मौत हो गयी। इसके बाद हुए उप चुनाव में हाजी हुसैन अंसारी के पुत्र और जेएमएम उम्मीदवार हफीजुल हसन विजयी हुए। उसके बाद मांडर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बंधु तिर्की की सदस्यता समाप्त होने के बाद 23 जून को मांडर सीट पर उप चुनाव हुआ। इस उप चुनाव में बंधु तिर्की की बेटी और महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने भाजपा प्रत्याशी गंगोत्री कुजूर को हरा दिया। 2019 में सत्ता परिवर्तन के बाद हुए उप चुनावों में यह भाजपा की लगातार चौथी हार थी।

**आजसू के किले को तोड़ा था ममता देवी ने**

रामगढ़ को आजसू का अभेद्य किला माना जाता रहा है। लेकिन 2016 से विस्थापितों के आंदोलन की अगुवाई कर चर्चा में आयीं जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने आजसू के इस सबसे मजबूत गढ़ को 2019 के विधानसभा चुनाव में ढाह दिया। कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने 2014 के चुनाव में आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के सर्वाधिक 98 हजार 987 मत लाने के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया और 99 हजार 944 मत प्राप्त कर चुनाव जीतने में कामयाब रहीं। उन्होंने 28 हजार 718 वोट के अंतर से चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को हरा दिया। 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य में लगातार 15 साल से मंत्री रहे चंद्रप्रकाश चौधरी के गिरिडीह से सांसद बनने के बाद विधानसभा चुनाव में वह अपनी पत्नी सुनीता चौधरी को चुनाव जिताने में असफल हो गये। इस प्रकार रामगढ़ में आजसू का पिछले 15 साल का किला ध्वस्त हो गया। रामगढ़ क्षेत्र में इसे परिवर्तन की बयार कहें या सत्ता के प्रति लोगों का आक्रोश, 35 वर्षों के बाद कांग्रेस ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी।

**रामगढ़ में इसलिए हार गयी थी आजसू पार्टी**

आजसू को नुकसान भाजपा से अलग चुनाव लड़ने के कारण भी हुआ। 2019 के चुनावों में आजसू और भाजपा ने अपनी अलग राह अख्तियार कर ली थी। एक तरफ जहां झामुमो-कांग्रेस-राजद को गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने का फायदा सत्ता के रूप में मिला, वहीं गठबंधन टूटने से भाजपा और आजसू दोनों को ही जबरदस्त नुकसान हुआ। यदि दोनों दल साथ-साथ चुनाव लड़ते, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। ऐसी कई सीटें थीं, जो भाजपा और आजसू के मतभेद के कारण महागठबंधन की झोली में चली गयीं। रामगढ़ भी उसका एक उदाहरण है। खिजरी, गांडेय, मधुपुर, जुगसलाई समेत कई ऐसी सीटें थी, जो एनडीए की झोली में आसानी से आ जातीं, लेकिन महत्वाकांक्षा की लड़ाई ने दोनों दलों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**रामगढ़ का संभावित चुनावी परिदृश्य**

लौटते हैं रामगढ़। रामगढ़ उप चुनाव को लेकर ममता देवी के पति का कहना है कि पार्टी जो भी आदेश देगी, वह उसका पालन करेंगे। मन तो है उनका चुनाव लड़ने का, यह उनके बॉडी लैंग्वेज से साफ पता चलता है। अब देखना है कि महागठबंधन किसे अपना प्रत्याशी बनाता है। लोग कह रहे हैं कि ममता देवी जेल तो चली गयीं, लेकिन उन्हें भ्रष्टाचार के किसी मामले में सजा नहीं हुई है। उन्होंने जनता की लड़ाई लड़ी थी, इसलिए उनका पलड़ा कहीं से कमजोर नहीं है। उनका चार महीने का दुधमुंहा बच्चा भी है। किसी भी मां के लिए इससे ज्यादा कष्टकारी क्या होगा। वह जेल में होगी और उसका बच्चा...।

खैर अब देखना दिलचस्प होगा कि रामगढ़ उप चुनाव के लिए एनडीए किसे उतारती है। क्या आजसू फिर से अपनी पुरानी जमीन को हासिल कर पायेगी या फिर भाजपा का कोई प्रत्याशी होगा। कौन होगा दो सालों के लिए विधायक, यह देखना दिलचस्प ही नहीं, रोमांचक भी होने वाला है। लेकिन फिलहाल रामगढ़ की जो मौजूदा स्थिति है, उसमें ममता देवी और उनके परिवार के प्रति और खास कर उनकी दो बच्चों के प्रति सहानुभूति की लहर चल रही है। जब भी लोग छह साल और चार महीने के बच्चे को देख रहे हैं, उनकी आंखें भर आती हैं।

# अब मुसहर समाज के लोगों को भी मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

विजय प्रताप देव



**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुरू सरकार आपके द्वार कार्यक्रम वंचित समाज के लोगों को योजनाओं से जोड़ने की कड़ी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। वंचित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सरकार की योजनाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया में अब कड़ी दर कड़ी का समायोजन होने लगा है। वर्षों से विभिन्न योजनाओं के आच्छादन से वंचित मुसहर समाज के लोगों को पहली बार सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। गढ़वा की कल्याणपुर पंचायत स्थित धर्मडीहा से इसकी शुरूआत की गयी है। यहां रहनेवाले 77 मुसहर परिवार के लोगों का डोर टू डोर सर्वे करा कर उन्हें शत प्रतिशत सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, राशनकार्ड एवं 10 परिवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास स्वीकृत किया गया है। मुसहर परिवार के लोगों को जमीन का पट्टा देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। सभी परिवार को शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। पांच मुसहर परिवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से 24 परिवार को जोड़ते हुए बत्तख, बकरी और सूकर पालन के लिए पशुशेड उपलब्ध कराया जा रहा है।

## बच्चों का स्कूल में हुआ नामांकन

गढ़वा की कल्याणपुर पंचायत में हुए सर्वे में यह बात सामने आयी कि कई बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इसके बाद गढ़वा के उपायुक्त के निर्देश पर ऐसे 13 बच्चों का नामांकन स्कूल में कराया गया। साथ ही उन्हें स्कूल किट प्रदान किया गया। ये बच्चे स्कूल ना छोड़ें, इसकी समय-समय पर समीक्षा करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी और स्कूल प्रबंधन को दिया गया है।

## सभी परिवार को लाभ देने की योजना

पहले चरण में गढ़वा की कल्याणपुर पंचायत में निवास करने वाले मुसहर परिवार को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पूरे जिला में मुसहर परिवार की पहचान और उनका सर्वे करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इन परिवारों को भी विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जायेगा। इसके लिए विभिन्न प्रखंडों में बीडीओ द्वारा बस्तियों में निरीक्षण कर संवाद स्थापित किया जा रहा है। दो माह के अंदर सर्वे पूरा कर लिया जायेगा। उपायुक्त के निर्देश पर पूरे जिले में अनुमानित जनसंख्या के तहत निवास करने वाले 927 मुसहर आबादी को योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। साथ ही सर्वे के उपरांत इनकी सही जनसंख्या के आधार पर लाभान्वित किया जायेगा।

## क्या कहा उपायुक्त ने

गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू की गयी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का प्रतिफल है कि वंचित समाज के लोगों को योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो गया है। इससे पूर्व तक ऐसे लोगों के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिल पा रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर जब मैं गांव -गांव पंचायत-पंचायत गया, तो मुसहर परिवार की जानकारी मिली। अब उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

# सुषमा बड़ाइक गोलीकांड: पूर्व आइपीएस पी नटराजन समेत पांच के खिलाफ मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास मंगलवार को बाइक सवार अपराधियों ने सुषमा बड़ाइक को गोली मार दी थी। इस मामले में सुषमा बड़ाइक के भाई सिकंदर बड़ाइक के बयान पर पूर्व आइपीएस पी नटराजन, दानिश रिजवान, नाजिर, सुनील बादल, नीरज सिन्हा और अजय कच्छप के ऊपर मामला दर्ज कराया गया है। सिकंदर ने अपने बयान में बताया है कि जिन लोगों के ऊपर मेरी दीदी ने केस किया है, गोली मारने में इन लोगों की ही भूमिका है। पुलिस मामले की विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। इस कांड का खुलासा करने के लिए एसआइटी का गठन किया गया है।

## सुषमा बड़ाइक के केस में हाइकोर्ट में होनी थी सुनवाई

सुषमा बड़ाइक उर्फ पदमा से जुड़े एक मामले की सुनवाई घटना के दिन ही झारखंड हाइकोर्ट में होनी थी। उस केस की संख्या 531/2020 है। यह मामला झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था। इस केस में वह अपना पक्ष खुद ही अदालत में रखने वाली थी, लेकिन सुनवाई से पहले ही अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी।

## आइपीएस पीएस नटराजन पर लगाया था यौन शोषण का आरोप

बता दें कि बहुचर्चित आइपीएस पीएस नटराजन पर यौन शोषण केस कर सुषमा बड़ाइक चर्चा में आयी थी। आइपीएस पीएस नटराजन का स्टिंग ऑपरेशन करने के बाद पीड़िता ने यौन शोषण का केस दर्ज कराया था। प्रकरण सामने आने के बाद आइपीएस नटराजन को वर्ष 2012 में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। उनके खिलाफ यह कार्रवाई वर्ष 2005 में सनसनीखेज स्टिंग ऑपरेशन के सामने आने के बाद की गयी थी। 2 अगस्त 2005 को उनके खिलाफ लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। यह मुकदमा 12 साल तक चला था। इसके बाद कोर्ट ने वर्ष 2017 में नटराजन को रिहा कर दिया था। इस रिहाई के बाद पीड़िता ने कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपील याचिका दायर की थी। इसके अलावा सुषमा ने 50 से ज्यादा लोगों पर दुष्कर्म, दुष्कर्म का प्रयास और यौन शोषण का आरोप लगा कर केस किया है।

# तूल पकड़ रहा है फुसरो का पत्रकार उत्पीड़न कांड

- बीपीएम अंजना सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग
- दोनों पक्षों ने दर्ज करायी एफआइआर, पुलिस जांच शुरू
- घटना की चौतरफा निंदा, सड़क पर उतरने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** आजाद सिपाही के फुसरो संवाददाता संदीप सिंह के उत्पीड़न का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को बेरमो के प्रबुद्ध लोगों और जन प्रतिनिधियों ने बीपीएम अंजना सिंह द्वारा पत्रकार के साथ मारपीट किये जाने की घटना की निंदा की और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ मारपीट करना बहुत गलत है। वह इसकी निंदा करती हैं। यदि कोई मामला है, तो उसे मिल-बैठ कर सुलझाया जा सकता है। इस तरह से मारपीट करना गलत है। फुसरो नगर परिषद के पूर्व पार्षद कैलाश ठाकुर ने कहा कि आजाद सिपाही के स्थानीय पत्रकार के साथ जो घटना हुई है, वह लोकतांत्रिक मूल्यों पर सही नहीं है। हमारे देश में पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। अगर किसी को किसी भी समाचार पर आपत्ति है, तो उसके निबटारे की विहित प्रक्रिया है। भारत में हर व्यक्ति को अपनी बात लोकतांत्रिक तरीके से रखने की आजादी है। यदि इस तरह की घटना होगी, तो स्वतंत्र पत्रकारिता संभव नहीं होगी। कई अन्य लोगों ने भी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। घटना के खिलाफ सड़क पर उतरने की भी तैयारी की जा रही है।

# संदिग्ध नीरज सिन्हा पर सुषमा की बहन माया ने भी करायी थी प्राथमिकी, लगाया था रेप का आरोप

**रांची (आजाद सिपाही)।** सुषमा बड़ाइक गोलीकांड में पुलिस ने सिकंदर बड़ाइक के बयान पर केस दर्ज किया है, जिसमें पूर्व आइपीएस पी नटराजन, दानिश रिजवान, नाजिर, सुनील बादल, नीरज सिन्हा और अजय कच्छप का नाम शामिल है। अपने बयान में कहा है कि जिन लोगों के ऊपर मेरी दीदी ने केस की है, गोलीकांड में इन्ही लोगों की भूमिका है। हालांकि पुलिस विभिन्न बिदुओं पर मामले की जांच कर रही है। जिस संदिग्ध नीरज सिन्हा का नाम बयान में बताया गया है, उस पर सुषमा की बहन माया देवी ने रेप के आरोप में पुंदाग ओपी में केस दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार जुलाई 2021 में नीरज सिन्हा पर पैसे लौटाने के नाम पर जबरदस्ती रेप के प्रयास का आरोप है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की, जिसमें मामला सत्य पाया गया। हालांकि पुलिस इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

## जमीन म्यूटेशन कराने के नाम पर ठगी और रेप के प्रयास का है आरोप

माया देवी ने मामले में पुंदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि नीरज सिन्हा की मेरे पति अभिषेक कुमार से पहले से जान पहचान थी। माया के पति अभिषेक कुमार के नाम से खुंटी जिले के तोरपा में जमीन है, जिसका म्यूटेशन नहीं हो रहा था। बातचीत के क्रम में नीरज सिन्हा ने बताया कि जमीन का म्यूटेशन करवा देंगे। एक लाख खर्चा लगेगा। इस सिलसिले में नीरज सिन्हा का घर आना जाना होने लगा। म्यूटेशन का खर्च करीब एक लाख रुपया दिया गया। इसी बीच घर आने जाने के क्रम में मेरे ऊपर उसकी नीयत खराब हो गयी। नीरज सिन्हा द्वारा बार-बार यह कहा जाने लगा कि मैं आपके साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहता हूं। मामले की जानकारी पति को दी गयी, उन्होने नीरज सिन्हा से कहा कि मुझे काम नहीं करवाना, पैसा वापस कर दो। इसके बाद जुलाई 2021 में नीरज सिन्हा पैसा देने के नाम पर हेहल पहाड़ी के पास ले गया, जहां रेप करने का प्रयास किया और धमकी दी कि आपके घर आने के क्रम में आधा कपड़ा पहना हुआ फोटो लिया हूं, जिसे वायरल कर दूंगा। करीब दो महीने तक डर से चुप रही। नीरज सिन्हा ने मेरी फोटो मेरे परिचित बबलू दास को को दिखलायी थी, ताकि मैं रुपये वापस ना मांग सकूं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | 1st Channel




## कैबिनेट में 29 प्रस्तावों को मंजूरी, निकाय आरक्षण पर फैसला

# आबादी के हिसाब से तय होगा मेयर का पद

अजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव के लिए मेयर और अध्यक्ष पद के आरक्षण में बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में झारखंड नगरपालिका संशोधन विधेयक 2022 की मंजूरी दी गयी। एसटी-एससी, ओबीसी में रोटेशन शब्द को विलोपित किया है। अब नगर निकायों में आबादी के आधार पर आरक्षण आरक्षित वर्ग का तय किया जायेगा। मेयर और अध्यक्ष के पद में चुनाव रोस्टर के आधार पर नहीं होगा। कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्ताव की स्वीकृति दी गयी।



### मनरेगा कर्मी की अनुग्रह राशि बढ़ेगी

राज्य के मनरेगा कर्मी को अनुग्रह अनुदान राशि में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गयी। मनरेगा कर्मी की काम के दौरान दुर्घटना से मौत पर 75000 की जगह 200000 रुपये तक मुआवजा दिया जायेगा। मानसिक रूप से विकलांग होने पर 37500 की जगह 75000 और सामान मृत्यु होने पर 30,000 की जगह 1,00000 तक का मुआवजा दिया जायेगा। इसके अलावा मनरेगा से ढोभा में डूब कर मौत मुआवजा 50,000 के बजाय 1,00000 तक दिया जायेगा।

### सुखाड़ भुगतान के लिए नियम शिथिल करने को मंजूरी

सूखाग्रस्त 22 जिलों के 226 प्रखंडों में सुखाड़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार को राज्य आपदा मोचन निधि से आनुग्राहिक राहत राशि के भुगतान के लिए पुनर्विनियोग हेतु 25 फीसदी की अधिसीमा एवं अन्य शर्तों का शिथिल करने की मंजूरी दी गयी। इसके अलावा झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) द्वारा बकाया चुकाने के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन से लोन लिया जायेगा। यह लोन 750 करोड़ रुपये का होगा।

### उत्पाद अधिनियम में संशोधन

राज्यपाल द्वारा उत्पाद नीति वापस करने के बाद सरका ने संशोधन का फैसला लिया। उत्पाद विभाग के प्रस्ताव पर कैबिनेट ने झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 अंतर्गत नयी धाराओं का अंतः स्थापन और कुछ में संशोधन की स्वीकृति दी।

### विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से

कैबिनेट ने विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुलाने की मंजूरी दे दी है। शीतकालीन सत्र 19.12.2022 से 23.12.2022 तक आहूत करने की मंजूरी दी गयी। वहीं, मानसून सत्र के सत्रावसान पर) कैबिनेट ने मुहर लगा दी है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड राज्य सामाजिक सलाहकार बोर्ड कर्मियों को सातवें वेतन का लाभ मिलेगा। यह लाभ 1/1/2016 से दिया जायेगा।
- रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड में बल्ला थाना के निमरा गांव में मोबाइल टावर के लिए बीएसएनएल का मनोनयन।
- न्यायालय के अंतर्गत विभिन्न वादों में कोर्ट फीस में संशोधन करने के प्रस्ताव को मिली मंजूरी।
- सीएम और मंत्री की सुविधा में बढ़ोतरी एक टर्म में डेढ़ लाख से तीन लाख किया गया।
- राज्य सरकार अंतर्गत मुख्य सचिव/अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव को आवासीय कार्यालय की सुविधा उपलब्ध कराने की स्वीकृति
- सुरंगी जलाशय योजना के पुनरुद्धार के 44 करोड़ रुपये की मंजूरी।
- सुखाड़ राहत के 403 करोड़ रुपये के लिए प्रावधान को शिथिल किया गया।
- झारखंड भवन के वर्ग 2, 3 और 4 के कर्मियों को विशेष दिल्ली भत्ता देने की मंजूरी।
- सोना देवी विश्वविद्यालय 2022, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय विधेयक, 2022 और जैन विश्वविद्यालय विधेयक, 2022 को मंजूरी।
- गढ़वा जिलांतर्गत कवलदाग सिंचाई योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर के लाइनिंग कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति को संशोधित करने की मंजूरी।
- तत्कालीन जिला योजना पदाधिकारी (से.नि.) जयदीप कुमार एक्का द्वारा दंड के खिलाफ अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत किया गया।
- पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय में 100 शय्यावाले क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक अस्पताल के भवन निर्माण के लिए राशि की मंजूरी।
- बिनोमियल लेब के माध्यम से पेटेंट तकनीक 'एक पहल' से प्रचार-प्रसार पर होने वाले व्यय 3.42 लाख पर मनोनयन के आधार पर कार्य आवंटित करने की मंजूरी।

## संसद में गूंजा गो तस्करी का मुद्दा

# हेमंत सरकार पर लगा तस्करों को संरक्षण देने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को संसद में गो तस्करी का मुद्दा उठा। रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मामला उठाया। कहा कि झारखंड हमेशा से गो तस्करों के निशाने पर रहा है। पिछले तीन सालों में तस्करों की हिम्मत काफी बढ़ी है। इनके हौसले इस कदर बढ़े हुए हैं कि कुछ दिन पहले एक महिला दारोगा संध्या टोप्पो की कुचल कर हत्या कर दी गयी। वहीं गो तस्करों पर कार्रवाई करने के बजाय राज्य सरकार उन्हें संरक्षण देने में लगी है। एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निर्देश दिया है कि पशु तस्करों पर अब पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी। मुख्यमंत्री के इस बयान से तस्करों के हौसले और भी बढ़ गये हैं।

सांसद ने कहा कि हम गाय को पूजते हैं। इसके पीछे सिर्फ धार्मिक आधार नहीं है, बल्कि वैज्ञानिक आधार भी है। हमारी हर धार्मिक मान्यता के पीछे वैज्ञानिक आधार होता है। यही वजह है कि हम गाय को मां मान कर उसे पूजते हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि तुष्टिकरण के आकंठ डूबी झारखंड की यूपीए



सरकार ने गौ की तस्करी करने वालों के हौसलों को बढ़ाने का काम किया है। अब झारखंड के गो तस्कर गायों को पश्चिम बंगाल और संथाल के रास्ते बांग्लादेश तक भेज रहे हैं। हाल ही में प्रतिबंधित पीएफआइ का भी समर्थन इन गो तस्करों को मिल रहा है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि गो तस्करी को राष्ट्रीय अपराधी घोषित किया जाये और इसके लिए कठोर कानून बनाये जायें। उन्होंने कहा कि यदि हमने समय रहते कठोर कदम नहीं उठाये तो भगवान कृष्ण के देश में गो वंश संकट में होंगे, और हमारी पीढियां हमें माफ नहीं करेंगी। उन्होंने संसद से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान की भर्त्सना करने की भी अपील की।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र में परिश्रम-प्रयत्न से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।
- **वृष** — रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।
- **मिथुन** — महत्वकांक्षा पूरी होगी, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का अवसर मिलेगा।
- **कर्क** — प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।
- **सिंह** — राजनीतिक लाभ मिलेगा, सरकारी नौकरी करनेवालों का स्वाभिमान बढ़ेगा।
- **कन्या** — रुका हुआ काम बनेगा, नौकरी में परेशानी से छुटकारा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- **तुला** — परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति, रोग-शोक-दुःश्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा।
- **वृश्चिक** — नौकरी में पदोन्नति होने का संयोग बनेगा, लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा।
- **धनु** — संकल्पित कार्य पूरा होगा, सेहत अच्छी रहेगी, गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा।
- **मकर** — संतान पक्ष से हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे।
- **कुंभ** — विपरीत परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ।
- **मीन** — वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त, नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य से सभी कार्य पूरे होंगे।

# सीएम से मिले सीसीएल के प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात बतायी जा रही है।

# इडी के डिप्टी डायरेक्टर के खिलाफ याचिका पर 5 जनवरी को सुनवाई

**बच्चू के मामले में इडी ने दाखिल किया जवाब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोपी पंकज मिश्रा द्वारा इडी के डिप्टी डायरेक्टर के खिलाफ दायर कंप्लेंट केस पर अब 5 जनवरी को सुनवाई होगी। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से समय मांगा। इडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए 5 जनवरी का समय दिया है। सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने 5 दिसंबर को इडी के डिप्टी डायरेक्टर देवदत्त झा के खिलाफ इडी की विशेष कोर्ट में शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत में उनके खिलाफ तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया है।

### अब 17 दिसंबर को सुनवाई

वहीं अवैध खनन से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले के आरोपी बच्चू यादव की डिस्चार्ज पिटीशन पर अब 17 दिसंबर को सुनवाई होगी। बुधवार की सुनवाई के दौरान इडी ने स्पेशल कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है। इससे पूर्व आरोप मुक्त कराने के लिए बच्चू यादव ने डिस्चार्ज पिटीशन दायर की है।

# ओरमांझी में बनने वाले फ्लाइओवर का नक्शा बदला, अब पिलर पर बनेगा

**झारखंड भाजपा सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिला**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ओरमांझी में बनने वाला फ्लाइओवर का नक्शा बदला दिया गया है। अब यह फ्लाइओवर दीवार पर नहीं, बल्कि पिलर पर बनाया जायेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया गया है। इस मुद्दे को लेकर झारखंड के भाजपा सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। सांसदों ने कहा कि ओरमांझी में दीवार पर फ्लाइओवर बनने से वहां के दुकानदारों और स्थानीय ग्रामीणों को काफी समस्या होगी। इसलिए इसका डिजाइन चेंज किया जाये। सांसदों के आग्रह पर संज्ञान लेते हुए नितिन गडकरी ने अधिकारियों को तत्काल फ्लाइओवर की डिजाइन बदलने और उसे पिलर पर बनाने का निर्देश जारी किया। मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने केंद्रीय मंत्री से रातू रोड में बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर में सोहराई पेंटिंग बनवाने का भी आग्रह किया। नितिन गडकरी ने इस मुद्दे पर भी काम करने की बात कही। वहीं सांसदों ने रांची-सिल्ली-मुरी पथ को भी नेशनल हाइवे के रूप में अपग्रेड करने का आग्रह मंत्री से किया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक पहल करने की बात कही। उन्होंने जल्द झारखंड आकर एनएच से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करने की भी बात कही। प्रतिनिधिमंडल में रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, धनबाद के सांसद पीएन सिंह, गिरिडीह के चंद्रप्रकाश चौधरी, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, दुमका के सांसद सुनील सोरेन के अलावा रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी मौजूद थे।

# लोकपाल केस में शिबू सोरेन से जुड़े मामले में अब 8 फरवरी को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल के मामले में दिल्ली हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत में शिबू सोरेन के अधिवक्ता की ओर से सुनवाई के लिए अगली तिथि देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 8 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। इसके साथ ही अदालत ने शिबू सोरेन के अधिवक्ता को रिजॉइंडर दाखिल करने का निर्देश दिया है।

दिल्ली हाइकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस प्रतिभा सिंह की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने डीए मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआइ को प्रारंभिक जांच की कार्रवाई और आदेश को चुनौती दी है।

# अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अब 16 को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिश्वत देकर पीआइएल मैनेज करने के मामले में जेल में बंद कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत में अमित अग्रवाल की अधिवक्ता रंजिता रोहतगी ने कहा कि मेरे मुवक्किल को सिर्फ इसलिए गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि उन्होंने राजीव कुमार की शिकायत की। साथ ही अमित अग्रवाल की वकील की ओर से कहा गया कि जब इस केस से जुड़े आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार को जमानत मिल गयी है, तो उन्हें भी जमानत दी जाये।



सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा है कि अमित अग्रवाल को जमानत क्यों न दी जाये। इस पर अदालत में इडी की ओर से कहा गया कि हम इस पूरे मामले में जवाब दाखिल करेंगे। अब इस केस की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी।

उल्लेखनीय है कि झारखंड हाइकोर्ट अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। इसके साथ ही हाइकोर्ट ने रिश्वत कांड के षड्यंत्र की जांच सीबीआइ को करने का आदेश दिया है। हाइकोर्ट के इस आदेश को अमित अग्रवाल ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी है। अमित अग्रवाल ने अपनी याचिका में कहा है कि जबरन वसूली के मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ शिकायतकर्ता थे और उनकी शिकायत और कोलकाता पुलिस द्वारा बिछाये गये जाल के बाद राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन इडी ने उन्हें आरोपी बना दिया।

# पंचायत सचिव नियुक्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत भरी खबर

**रांची (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिव नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंचायत सचिव की नियुक्ति के मामले को शिक्षक नियुक्ति के मामले के साथ टैग करते हुए सरकार को राज्यस्तरीय मेधा सूची बनाने का निर्देश दिया है। पंचायत सचिव नियुक्ति का मामला पांच सालों से लंबित था। कुल 3088 अभ्यर्थी सारी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बावजूद नियुक्ति की आस लगाये बैठे थे। ऐसे में उन्हें अब उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होगी। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एम आर शाह की अदालत में हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा।

## बहुत ही कम समय में हमें छात्रों और उनके माता-पिता का विश्वास मिला : पारस

# ब्रदर्स एकेडमी ने 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आइआइटी-जेइइ और एनइइटी की तैयारी के लिए छात्रों को कोचिंग देने वाला संस्थान, ब्रदर्स एकेडमी ने अपना 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। संस्थान के निदेशक पारस कुमार अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि बहुत ही कम समय में हमें छात्रों और उनके माता-पिता का अच्छा समर्थन और विश्वास मिला है। हमने आइआइटी-जेइइ और एनइइटी में लगातार सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिये हैं। इस वर्ष-2022 में हमारे छात्र तनिश अग्रवाल ने आइआइटी-जेइइ एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक-57 प्राप्त की है। लेकिन, सर्वश्रेष्ठ परिणाम अभी आना बाकी है। पिछले 11 वर्षों में बिहार, झारखंड और बंगाल के कोने-कोने से छात्रों ने ब्रदर्स एकेडमी में प्रवेश लिया है। जिसने हमें झारखंड का सबसे भरोसेमंद संस्थान बना दिया। ब्रदर्स एकेडमी



की ग्रैंड-स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट(जीसैट-22) 18 दिसंबर -2022 को नये सत्र के लिए ऑफलाइन मोड में आयोजित की जायेगी। जी-सैट आवेदन पत्र ऑनलाइन http://www.brothersacademy.co.in/admissions.php पर भरा जा सकता है साथ ही, आवेदन पत्र रांची में हमारे लालपुर या डोरंडा परिसर से भी प्राप्त किये जा सकते हैं और भरे जा सकते हैं। केवल पहले 2000 आवेदकों के लिए पंजीकरण निःशुल्क है (इसके बाद 500/- रुपये) जीसैट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ये परीक्षा ही आइआइटी-जेइइ और एनइइटी कोचिंग के लिए ब्रदर्स ऐकेडमी में नामांकन कराने का एकमात्र तरीका है।

जीएसएटी के सभी प्रतिभागियों को हम पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40% छात्रवृत्ति देंगे और प्रत्येक पाठ्यक्रम में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को पूर्ण 100% छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया जायेगा। वर्तमान में कक्षा 7, 8, 9 और 10 में पढ़ रहे छात्र नियमित स्कूली अध्ययन के साथ आइआइटी-जेइइ और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन को लक्ष्य मानते हुए एक साल / 3 साल / 4 साल / 5 साल: फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आइआइटी-जेइइ / एनइइटी (मेडिकल) के लिए 2 साल के पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें उन्हें कक्षा 10 पास करने के बाद 2 साल के लिए इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सघन प्रशिक्षण के साथ कक्षा 11 और 12 के अपने नियमित स्कूल सिलेबस को भी पढ़ाया जायेगा।

# मेयर सीट ओबीसी के लिए आरक्षित हो: राजेंद्र प्रसाद

**कहा-रोटेशन बदलने का अधिकार राज्य सरकार को नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा है कि संविधान का अनुच्छेद 243 टी, समाज के हर वर्ग को राजनीतिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व का अधिकार दिलाता है। इसे रोटेशन कहते हैं। इसलिए इसको बदलने या इसके साथ छेड़छाड़ करने का अधिकार किसी भी राज्य सरकार को नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार जनसंख्या को आधार मान कर मेयर और जिला परिषद अध्यक्ष की सीटों को आरक्षित करती है, तो रांची सहित झारखंड के सभी मेयर की सीट ओबीसी के लिए आरक्षित होनी चाहिए। ओबीसी की आबादी सबसे ज्यादा झारखंड में है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियों की जनगणना और सर्वेक्षण सरकार को तुरंत करवाना चाहिए, जिससे ओबीसी को उनका अधिकार मिल सके।



### राज्य में ओबीसी की आबादी करीब 55 प्रतिशत

राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड की कुल आबादी में ओबीसी की आबादी करीब 55 प्रतिशत है। ऐसे में मेयर की सीट ओबीसी के लिए आरक्षित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम संविधान को माननेवाले लोग हैं। संविधान हर वर्ग को राजनीतिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व मिले, इसका अधिकार देता है। इसका हम सम्मान करते हैं। उन्होंने सरकार को सलाह दी है कि कोई भी असंवैधानिक कदम सरकार न उठाये।

### न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है

प्रसाद ने कहा कि जनजाति समाज को मेयर की सीट मिले, तो हमें खुशी होगी, क्योंकि हम झारखंडियों के हित की बात करने वाले लोग हैं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि संविधान ने जो व्यवस्था दी है, उसका सभी को सम्मान करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्य रहा है कि झारखंड का कोई भी सांसद, विधायक सच्चाई के साथ खड़ा होने की हिम्मत नहीं रखता है। यह राज्य के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। प्रसाद ने कहा कि यदि रोटेशन को समाप्त कर मेयर की सीट को आबादी के आधार पर आरक्षण सरकार देती है, तो इसको न्यायालय में चुनौती दी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड को जनजातीय बहुल राज्य बनाना है, तो फिर तेली और कुर्मी को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने की पहल झारखंड सरकार करे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं. टीआरडी–आरएनसी–22–23–20, दिनांक 13.12.2022,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (साधारण)/आरएनसी, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची के द्वारा निविदा सूचना सं. टीआरडी–आरएनसी–22–23–20, दिनांक 13.12.2022 के तहत ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 09.01.2023 को 15.30 बजे या उसके बाद है: **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल के मुरी यार्ड में डायमंड पॉइंट्स (02 अदद) को हटाने एवं स्पीड बढ़ाने के सिलसिले में ओएचई का रूपांतरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 38,69,432.68, **बयाना राशि:** रु. 77,400/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.01.2023 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का वर्णन एवं विवरण:** www.ireps.gov.in निविदा का विवरण वेबसाइट http:// www.ireps .gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-905)

## पेंशनर समाज की बैठक, स्थापना दिवस 17 जनवरी को मनेगा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा कोडरमा की एक बैठक समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। जिन पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर ने सक्षम पेंशन पुनरीक्षण का प्रपत्र अब तक वित्त विभाग झारखंड सरकार के अनुसार नहीं भरा है वह जल्द से जल्द प्रपत्र भरकर उचित माध्यम से महालेखाकार झारखंड रांची को भेजें ताकि उन्हें आर्थिक लाभ मिल सके। जिला शिक्षा अधीक्षक कोडरमा से मांग की गई कि अर्जुन दुसाध की प्रोन्नति का मामला का निष्पादन किया जाए। ठंड पड़ने के कारण पेंशनर दिवस स्थापना दिवस का आयोजन 17 दिसंबर के स्थान पर 17 जनवरी 2023 को किया जाएगा। यह कार्यक्रम ध्वजाधारी धाम मंदिर परिसर में होगा। बैठक में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा गिरिजा नंदन प्रसाद, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, सीता प्रसाद, यदुनंदन प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, राजकुमारी देवी, मोती देवी, मुनेश्वर सिंह, राजेंद्र सिंह, इबनुल हसन आदि उपस्थित थे।

## रामपाल गैस एजेंसी झुमरीतिलैया पर अनियमितता का आरोप



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कोडरमा जिला कमेटी सदस्य और वरिष्ठ नेता रमेश प्रजापति ने डीसी को लिखित आवेदन देकर स्थानीय गैस वितरण के खिलाफ जांच की मांग की है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने मांग की है कि रामपाल गैस एजेंसी झुमरी तिलैया कोडरमा का भण्डार स्थान गांधी स्कूल रोड में है, लेकिन ट्रक से गैस से भरा सिलेंडर गांधी उच्च विद्यालय के पास उतारा जाता है। जहां हजारों छात्र पढ़ने आते हैं, साथ ही यह इलाका घनी आबादी वाला क्षेत्र है। ऐसे में दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा है कि गैस वितरक को 15 किलोमीटर के दायरा में निशुल्क गैस सिलेंडर पहुंचाना है, लेकिन कोरोना काल में इस दायरा में भी गैस वितरक द्वारा ग्राहकों से भाड़ा लिया गया। उज्जवला के गैस ग्राहकों से भी भाड़ा लिया जाता है। गैस गोदाम से ग्राहक को गैस सिलेंडर बदलकर लाने पर दस रुपए वापस मिलता था, जो अब इंडेन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा उन्नतीस रुपए साठ पैसे किया गया है, जिसका लाभ भी ग्राहकों को नहीं दिया जा रहा।ग्राहकों को जागरूक करने के लिए कोई सेमिनार आयोजित नहीं होता। ग्राहक को भरा हुआ गैस सिलेंडर देते समय वजन करके देने का प्रावधान है, लेकिन ऐसा यहां नहीं हो रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉमरेड रमेश प्रजापति ने इन सभी बिंदुओं पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## सदर अस्पताल में जरूरी दवाएं नहीं मिलती, मरीज खरीद रहे बाहर से दवा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा सदर अस्पताल में जरूरी दवाएं नहीं रहने से मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की बात सामने आ रही है। कोडरमा सदर अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 400-500 मरीज ओपीडी में अपना इलाज कराने पहुंचते हैं। जिले के सड़क दुर्घटना छोटी-बड़ी भी आते जाते रहते हैं, बताया जाता है कि सदर अस्पताल में पैन 40, बच्चे के कई दवा, कफ सिरप आदि दवाएं मरीजों को ओपीडी काउंटर और एमरजेंसी में नहीं रहने के कारण आम मरीजों व गरीब मरीजों को बाहर से खरीदना पड़ रहा है। बहरहाल सदर अस्पताल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये मरीजों को सरकारी अस्पताल में सिर्फ डॉक्टर की फीस नहीं देनी पड़ रही है, जबकि ब्लड जांच, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे जांच के साथ दवा के भी पैसे देने की मजबूरी है। वहीं बेड की कमी के कारण भी मरीजों को परेशानी होता है। इस बाबत प्रभारी डीएस डॉ मनोज कुमार ने कहा कि शीघ्र ही दवा उपलब्ध करवा दिया जायेगा। ऑर्थो का डॉक्टर भी नहीं : सदर अस्पताल में ऑर्थो का डॉक्टर नहीं रहने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। ज्ञात हो कि सदर अस्पताल में प्रतिदिन जिले का कहीं ना कहीं से दुर्घटना की मरीजों का आना होता है। जिसके बाद किसी का पैर हाथ टूट जाने के कारण सदर अस्पताल में ऑर्थो का डॉक्टर नहीं रहने के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है। दुर्घटना के मरीज के आते ही सदर अस्पताल में इलाज कर-के हाथ पैर टूटे हुए मरीजों को रिम्स रेफर कर दिया जाता है।

## प्रदीप सुमन घर -घर पहुंचा रहे गिलोय,



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क गिलोय का वितरण किया जा रहा है। योगी सुषमा सुमन ने बताया कि बीमार व्यक्तियों असहाय व्यक्तियों जिनको गिलोय उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, पतंजलि परिवार घर घर गिलोय पहुंचा रही है और गिलोय का लाभ भी बता रही है। इसमें खून की कमी, बुखार आना, शरीर कमजोर होना, शुगर, ब्लड प्रेशर, याददाश्त कमजोर होना, पूरे शरीर के लिए यह काम करता है। इसका नाम अमृता से जाना जाता है तीखुर भी कहते हैं। इसे हर घर में रहना चाहिए। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि बुधवार को सुशील छाबड़ा के यहां निशुल्क गिलोय पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि दुर्लभ जड़ी बूटी पौधा हर घर में लगाएं और जीवन सुरक्षा करें और प्रत्येक दिन योग करें।

## एड्स पर जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी के द्वारा एचआईवी एड्स से संबंधित जागरूकता हेतु बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। झारखंड एडस कंट्रोल सोसाइटी के मुख्य ट्रेनर महताब आलम खान ने एचआईवी एड्स के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बीमारी मुख्यतः चार कारणों से होती है। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स पॉजिटिव व्यक्ति के साथ रहने, खाने से यह रोग नहीं फैलता है। एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति दवा का सेवन करके सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने बताया कि इसके रोकथाम के लिए कंट्रोल एंड प्रोवेशन ऑफ एचआईवी एंड ऐड्स एक्ट 2017 बनाया गया है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला को एचआईवी एड्स होता है और कोई डॉक्टर डिलीवरी करने से मना करता है, तो डॉक्टर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो सकती है। इसके लिए विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ सतगावां एवं कोडरमा, महिला पर्यवेक्षक एवं पोषण अभियान कर्मी उपस्थित थे।

## प्रमुख ने किया सीएसपी का उद्घाटन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित चेचकप्पी पंचायत के पचरुखी तिलैया गांव में बैंक ऑफ इंडिया का सीएसपी ब्रांच का उद्घाटन किया गया। सीएसपी का उद्घाटन प्रमुख रेणु देवी, बैंक आफ इंडिया शाखा प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि पचरुखी तिलैया गांव में बैंक आफ इंडिया का सीएसपी ब्रांच खुलने से यहां के लोगों को लेन देन करने के लिए बरकट्ठा नहीं जाना पड़ेगा। लोगों को पैसा जमा निकासी में दिन भर चला जाता था वहीं अब लोगों को समय का काफी बचत होगी। मौके पर शाखा प्रबंधक मनीष मिश्रा ने कहा कि बैंक की सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। अब यहां के लोगों को बैंकिंग के छोटे कामों के लिए बरकट्ठा नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर सीएसपी संचालक मनोज कुमार उर्फ बिडीओ, उमेश कुमार, टींकू प्रसाद, सराज अंसारी, प्रमेश्वर कुमार, संतोष कुमार, हिरामण प्रसाद, महीलाल मांझी, कैलाश टुडु, महेश मांझी, मोहन मरांडी, धनीराम टुडु समेत कई लोग उपस्थित थे।

# खनन विभाग ने चरही में अवैध रूप से संचालित कोयला डीपो में की छापेमारी

▶▶ बड़ी मात्रा में अवैध कोयला जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग\चरही।** उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय के निर्देशानुसार गत मगंलवार रात्रि अंचल अधिकारी, चुरचू शशिभूषण सिंह एवं खान निरीक्षक हजारीबाग सुनील कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से चरही थाना के चनारो में अवैध रूप से संचालित कोयला डीपो पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान अंचल अधिकारी एवं खान निरीक्षक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए स्थल पर थाना प्रभारी एवं सीसीएल के पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी की मौजूदगी में जांच पड़ताल की गयी। जांच के दौरान अवैध कोयला डीपो से 46,650 किलो अवैध कोयला एवं 20 टन अवैध कोयला लदा 12 चक्के के ट्रक को जब्त किया गया। जब्त किये गये वाहन का रजिस्ट्रेशन नं एनएल 01के5835 है। घटनास्थल से कोयला वजन करने की दो मशीन, कुदाल, कड़ाही, गैंता आदि भी जब्त किया गया। वारदात स्थल से जब्त अवैध कोयले को सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया। माइनिंग अधिकारी ने बताया कि अवैध कोयला लदे ट्रक को चरही थाना के हवाले कर दिया गया है। जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार के निर्देश पर सुनील कुमार खान निरीक्षक ने चंदन सिंह, पिता महेश सिंह, ग्राम चनारो, अनिल सिंह, पिता प्रदीप सिंह, निमाडीह, अभिषेक कुमार, पिता अरूण महतो, ग्राम इंडरा, पिंटू सिंह, कुजू, राज कुमार साव तापीन, दिलीप राम, तापीन, जब्त ट्रक के मालिक एवं चालक के विरूद्ध चरही थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उपायुक्त हजारीबाग द्वारा सभी अंचल अधिकारी को अवैध कोयला, बालू, पत्थर पर कानूनी कार्रवाई करने हेतु सख़्त निर्देश दिया गया है। जिसके आलोक में जिले में खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक कार्रवाई की जा रही है। सर्द रात्रि में सुनसान जगह पर उपायुक्त के निर्देश पर अंचल अधिकारी चुरचू एवं खान निरीक्षक हजारीबाग के द्वारा की गयी औचक कार्रवाई से कोयला माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## 6 सूत्री मांग को लेकर मुखिया संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव मुखिया संघ के नेतृत्व में प्रखंड के सभी मुखिया के द्वारा पंचायतों के समस्याओं का समाधान हेतु उपायुक्त नैंसी सहाय को 6 सूत्री मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन। इस ज्ञापन में बड़कागांव में बस पड़ाव नहीं होने के कारण बसे रोड पर लगती है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, डीएमएफटी मद की राशि ग्राम पंचायत को दिया जाए जिससे प्रखंड की सर्वांगीण विकास हो सके, बड़कागांव मेन चौक में त्रिवेणी - सैनिक अपने कर्मचारियों को ले जाने के लिए 8 से 10 बसे एक साथ प्रवेश करती हैं जिसके कारण जाम की समस्या होती हैं, बड़कागांव प्रखंड के सभी पंचायतों में खनन कंपनियों के द्वारा निःशुल्क बिजली पानी उपलब्ध कराई जाए, 75% रोजगार ग्राम सभा के स्थानीय लोगों को खनन कंपनियो के द्वारा किया जाए कि यहां के लोगों का पलायन रोका जाए, प्रभावित/ विस्थापित ग्राम पंचायतों धूल गर्दा प्रदूषण से बचाव हेतु कोयला सेलिंग शेयर अंश का 30% ग्राम पंचायत को दें। मौके पर अध्यक्ष रंजीत कुमार, उपाध्यक्ष इलियास अंसारी, कार्यालय सचिव अनिकेत कुमार नायक, कोषाध्यक्ष सुलेखा कुमारी, प्रवक्ता तकरीरमुल्लाह खान, करम राम, पूजा कुमारी, गीता देवी, बेबी कुमारी लीलावती कुमारी सहित अन्य मुखिया उपस्थित थे।

## हजारीबाग के प्रवासी मजदूर की हैदराबाद में इलेक्ट्रिक शॉक से हुई मौत

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** घर- परिवार के बेहतरी के लिए जब कोई बेरोजगार रोजगार की तलाश में प्रदेश जाता है तो अपनों के बीच एक आस जगती है की उनका भविष्य स्वर्णिम होगा। परिवार के लोग दूर रहकर भी भविष्य को बेहतर बनाने की सपने मन में संजोकर तसल्ली कर लेते हैं। लेकिन जब कोई प्रवासी मजदूर की कहीं दूर प्रदेश से अचानक मौत की खबर आती है तो परिवार जनों का कलेजा फट सा जाता है। घर में क्रंदन और चीत्कार से माहौल गमगीन हो जाता है। बच्चों के सर से पिता का साया उठ जाता है तो बीबी की मांग की सिंदूर उजड़ जाती है। जीते जी किसी मां- बाप के लिए उनका संसार उजड़ जाता है। दोस्त- परिजन और परिचित के लिए महज एक एक विडंबना बन कर हमेशा के लिए अतीत बन जाती है। ऐसा ही कुछ हुआ सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत शाहपुर निवासी प्रवासी मजदूर अनिल भुइयां के साथ। अनिल भुइयां महज 30 वर्ष के थे और घर परिवार के बेहतरी के लिए रोजगार हेतु मजदूरी का काम करने हैदराबाद गए थे। यहां वे एक बिल्डर के यहां भवन निर्माण के कार्य में मजदूरी का काम करते थे। काम करने के दौरान उनके साथ एक दुर्घटना हो गई और इलेक्ट्रिक शॉक के वजह से 12 दिसंबर को उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन के बाद उनके साथ काम करने वाले मित्रों ने जरूरतमंद प्रवासी मजदूरों के लिए काम करने वाली संस्था झारखंडी एकता संघ से संपर्क साधा। जिसके बाद संस्था के अधिकारियों और स्थानीय सदस्यों ने संबंधित बिल्डर से बात कर उन पर मुआवजा का दबाव बनाया और मृतक के परिजनों को 6 लाख रुपए का मुआवजा दिलाया। मुआवजा दिलाने और शव को लाने में झारखंडी एकता संघ, मुंबई के राष्ट्रिय अध्यक्ष असलम अंसारी, विनोद प्रसाद, असगर खान, संतोष कुमार, मुस्तकीम,ताजुद्दीन जी, सदरुल जी, तौफीक अंसारी, झारखंड प्रदेश देख रहे सुनील कुमार और हैदराबाद के सदस्य जीत यादव, विकास यादव, मनोज कुमार सहित अन्य लोगों ने सराहनीय योगदान निभाया। शव को हवाई मार्ग से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया । झारखंडी एकता संघ मुंबई के असलम अंसारी और सुनील कुमार संघ के टीम ने इनके शव को रांची से इनके घर शाहपुर तक पहुंचाने हेतु हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल ने संवेदनशीलता दिखाई और तत्काल एंबुलेंस और तेल का इंतजाम कर रांची एयरपोर्ट से शव को शाहपुर पहुंचवाया।

## बजरंग दल ने भव्य शौर्य दिवस पर निकाला जुलूस




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय योजना के तहत बरकट्ठा में भव्य शौर्य जुलूस निकाला गया। शौर्य जुलूस विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने निकाली। शौर्य यात्रा में मुख्य रूप से जिला मंत्री प्रदीप सोनी, सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, संयोजक प्रशांत सिंह, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र मोदी, पूर्व मुखिया बसंत साव शामिल थे। जिला मंत्री प्रदीप सोनी ने कहा कि सभी सनातनी हिन्दू रक्षा का संकल्प लें। आज सभी सनातनी को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से जुड़ने की आवश्यकता है। ताकि हिन्दू धर्म एक हो। प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि सबों के सहयोग से आज बरकट्ठा में भव्य शोभा यात्रा संपन्न हुआ इसके लिए सभी उपस्थित रामभक्तों का आभार। प्रखंड संयोजक दीपक राणा ने कहा कि सन 1992 बाबरी विध्वंस के दौरान से 06 दिसंबर को शौर्य दिवस मनाते हैं। प्रशांत सिंह ने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जहाँ जहाँ हिन्दू घटा है वह वह क्षेत्र भारत से कटा है इसलिए मैं इस शौर्य यात्रा दिवस के अवसर पर आप सभी साथियों से अपील करता हूँ कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से जुड़कर अपना,अपने समाज,राज्य एवं देश को संरक्षित करने में सहयोग करें। गुरूदेव गुप्ता ने कहा कि हिंदुत्व एकजुटता का समय आ गया है।धर्मांतरण के तहत हिंदुओं को तोड़ने का गतिविधियों पे ध्यान देना होगा, गौ रक्षा सेवा हमारा कर्तव्य है। गौ तस्करी पे अंकुश लगाना भी जरूरी है।ये सब कार्य हेतु आप सभी संगठन से जुड़े। मौके पर जुलूस में बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, मंत्री सत्यम भारती, संयोजक दीपक राणा, धीरज गुप्ता, विक्की चंद्रवंशी, बिनोद प्रसाद, रामचंद्र चौधरी, सुमन गुप्ता, युवराज अग्रहरि, रामजी मंडल, मुकेश पांडेय, मंटू पांडेय, सुनील पांडेय, रामेश्वर पासवान, मनोज सिंह, सुरेश पांडेय, गणेश नायक, इत्यादि सैकड़ों रामभक्त शामिल हुए।

## राज्य तथा केंद्र प्रायोजित फ्लैगशिप योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारें : डीसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सरकार की राज्य तथा केंद्र प्रायोजित फ्लैगशिप योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर लागू करने में तत्परता बरतने, आपसी समन्वय के अभाव में योजनाओं क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को समन्वय बनाकर समय पर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। राज्य सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं को लागू करने में क्षेत्रीय स्तर पर नियमित निगरानी, समीक्षा, स्थल निरीक्षण एवं संवेदनशीलता बरतने का निदेश उपायुक्त के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने राजस्व, निबंधन सहित जमीन के वाद, म्यूटेशन, दाखिल खारिज आदि के लंबित मामलों पर अनावश्यक विलंब करने की प्रवृति में सुधार करने एवं लंबित मामलों के निष्पादन का सख़्त निर्देश अंचल अधिकारियों को दिया। सरकार आपके द्वार 2.0 में प्राप्त आवेदन एवं निष्पादित मामलो की समीक्षा करते हुए राज्य सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं यथा सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, हरा राशन कार्ड योजना जैसे योजना के आवेदनों सहित सभी आवेदनों पर जल्द निर्णय लेने एवं प्रखंड व अंचल स्तर पर प्राप्त सभी आवेदनों को प्रक्रिया करते हुए अगले 10 कार्य दिवस में शत प्रतिशत निष्पादन कर संबंधित विभागों को अग्रेतर कारवाई हेतू अग्रसारित करने का निर्देश दिया। प्राप्त आवेदन से संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रोसेस कर आवेदनों का निष्पादन करने सहित लंबित आवेदनों की समीक्षा नियमित रूप से अपने स्तर पर करने को कहा। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जनशिकायत एवं उपायुक्त कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार में प्राप्त मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा प्रखण्ड एवं कार्यालय स्तर के अधिकारी अग्रसारित आवेदनों का समय पर निस्पादित करें और प्रखंड व अंचल कार्यालय भी नियत दिन को जनता की समस्याओं को सुने और समाधान करें। उन्होंने प्रखण्ड सह अंचल अधिकारियों को अपने कार्यालय की कार्य संस्कृति में सुधार लाने सहित कार्यालय अवधि में सभी अधिकारी कर्मी जनता की सेवा में उपलब्ध रहने को सुनिश्चित करने की हिदायत दी। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र के आधारभूत संरचना में सुधार के लिए बिजली, पानी, शौचालय, एलपीजी गैस कनेक्शन आदि मुहैया कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। पेंशनधारी के खाता में पेंशन राशि उनके मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से जानकारी देने के उद्देश्य से मोबाइल नंबर डाटा एंट्री को गति देने के लिए निर्देश दिया गया। सीएसआर के तहत कंपनियों के प्रस्तावित जन सुविधा की योजनाओं के क्रियान्वयन में एनओसी सहित अपेक्षित सहयोग अंचल कार्यालय को करने का निर्देश दिया गया। शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र जारी करने में प्रमाण पत्र निर्गत करने की अवधि को न्यूनतम करने सहित लंबित आवेदनों को निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। इसके अलावा अन्य सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर चर्चा कर आपसी तालमेल से पारदर्शी व जल्द योजनाओं को धरातल पर उतारने को कहा गया।बैठक में उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजमुदार, जिला योजना पदाधिकारी, बरही अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय अधिकारी, सभी अंचल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## डाड़ीघाघर पंचायत के मुखिया ने किया कंबल वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाड़ीघाघर पंचायत में मुखिया नंदकिशोर उर्फ नन्दू मेहता ने पँचायत के फुफन्दी में जरूरत मन्दों के बीच कम्बल का वितरण किया। कहा कि गरीबो के लिए सरकार की यह योजना कारगर है पर जितनी जरूरत मन्द हमारे पंचायत में हैं। कम्बल की आपूर्ति नही की गई है। जिन लोगो को कम्बल मिला उनमें अम्बिया देवी, जस्व देवी, ओमनाथ महतो,सीताराम महतो, शिवलाल महतो,जलाल महतो, गुनी महतो, छतों महतो, राधवा देवी, धन्वा देवी, अर्जुन महतो, सिकन्दर मेहता, रुकवा मो, सितवा मो, सुनीता मो, बजनी मसो, द्रोपती देवी , कमल महतो, मालती देवी, प्रिया कुमारी, भेखलाल महतो, किशोरी महतो, लालो महतो, सोना महतो, बड़की देवी, दशमी देवी, देनी मो, माइयो देवी, जकली मो,कैली देवी, मो नूनी और मो ननकी शामिल हैं। मौके पर भरत मेहता, राजेश कुमार,जिवलाल मेहता, रामप्रसाद मेहता, महेन्द्र मेहता, पंकज कुमार, समेत कई लोग मौजूद थे।

## मध्य विद्यालय बरियठ में संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता



**इचाक (आजाद सिपाही)।** संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन मध्य विद्यालय बरियठ में हुआ। इस प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय बरियठ, प्राथमिक विद्यालय सिरसी, प्राथमिक विद्यालय रूद, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिझुआ, नव प्राथमिक विद्यालय रूद, नव प्राथमिक विद्यालय दुर्गा नगर और नव प्राथमिक विद्यालय दांगी के कुल 7 रसोईया शामिल हुए। प्रतियोगिता का निर्णय निर्णायक मंडल के द्वारा किया गया। इस निर्णायक मंडल में बाल संसद के प्रधान मंत्री, उप प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, भोजन मंत्री एवं संकुल साधन सेवी थे। जिन्होंने सर्वसम्मति से उपलब्ध संसाधनों में बेहतर खाना बनाने के लिए मध्य विद्यालय बरियठ को प्रथम और नव प्राथमिक विद्यालय दुर्गानगर को द्वितीय स्थान दिया। शेष सभी प्रतिभागियों का मनोबल ऊंचा करने के लिए उन्हें और बेहतर प्रबंधन करने की सलाह दी गई और सबों का स्वागत तालियों से किया गया।

## बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में हुआ कंबल वितरण



**बड़कागांवः** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ,मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार,उप मुखिया सत्य देव कुमार के नेतृत्व में एनटीपीसी ने जरूरतमंदों के बीच 500 कंबल वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत एनटीपीसी के अधिकारी कमलाकांत रजक ने संबोधित करते हुए लोगों को कहा कि मुखिया रंजीत कुमार के नेतृत्व में जितने लोगों को टोकन दिया गया है, उन्हीं को कंबल दिया जाना है। जो सक्षम और पहले से जिनके यहां कंबल है वैसे लोग कंबल ना ले।ताकि जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल बांटने में आसानी होगी। पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने कहा समय-समय पर सभी जगह पर कंबल का वितरण किया जाएगा। मुखिया रंजीत मेहता ने बताया बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में 500 कंबल का वितरण किया गया।हमारे पंचायत में जरूरतमंदों का ख्याल रखा जाएगा। मौके पर सांढ मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, बड़कागांव पश्चिमी उप मुखिया सत्यदेव कुमार, वार्ड सदस्य अनीता देवी, किशोर कुमार, मन्नू चौधरी, बुधन तुरी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि रंजीत कुमार, रविंद्र कुमार, शशि तुरी, सरोज कुमार सनी कुमार सहित सैकडों पुरुष महिला मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में झामुमो नेता का हुआ स्वागत



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झामुमो कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सात मील मोड़ में झामुमो के बिनोद पांडेय व फागु बेसरा का गर्मजोशी से स्वागत किया। राज्य मंत्री बिनोद पांडेय व फागु बेसरा देवघर से रांची लौट रहे थे। मौके पर प्रमुख रूप से झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष शम्भूलाल यादव, केंद्रीय सदस्य टेकोचंद महतो,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, उपाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी,यशोदा देवी, महताब हूसैन, संजय प्रजापति,सुनील अकेला राजू श्रीवास्तव, तूफानी अंसारी, अजय साव,विष्णुधारी यादव,मो अख्तर, अनिल पटेल, अनंतल महतो,राजू यादव,सुनील सिंह समेत दर्जनों कि संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हत्या के दो आरोपियों को भेजा गया जेल

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** केरेडारी पुलिस ने केरेडारी थाना कांड संख्या 181/2022 भादवि की धारा 341/342/323/307/302/34 के प्राथमिक अभियुक्त दिलीप दुबे व सबिता देवी बालेदेवरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है जबकि इस हत्याकांड में शामिल नाबालिग नीलेश दुबे को बाल संपेक्षण गृह में भेजा गया है । ये सभी हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे थे व पुलिस को इनकी तलाश थी इस बाबत केरेडारी थाना प्रभारी साधन चन्द्र गोराई ने कहा की जमीन विवाद में आरोपियों ने हत्या की घटना को अंजाम दिया था व घटना के बाद ये आरोपी फरार थे।

## बंद पड़े घर मे लगी भीषण आग



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में आग लगने की घटना लगातार घट रही है। मंगलवार को उमेश बॉडी गेराज में खड़े दो बस में लगी भीषण आग के बाद मंगलवार को ही रात्रि में भैया मनोरंजन प्रसाद के बंद पड़े घर मे भीषण आग लग गयी इससे पूर्व बासोबार में पुआल लदे ट्रेक्टर में आग लग गयी थी। मंगलवार की रात्रि बारह बजे पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को आग लगने की जानकारी हुई जिसके बाद थाना प्रभारी अमित कुमार को आग लगने की सूचना दी गयी। थाना प्रभारी के फोन करने के बाद रात्रि करीब एक बजे दमकलकर्मी पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास करने लगे पर आग की लपटें इतने तेज थी कि आग पर जल्द काबू नही पाया जा सका। दमकल की गाड़ी में पानी खत्म हो जाने के बाद इंद्रजीत सिन्हा उर्फ इंदु बाबू को रात में नींद से उठाकर उनके कुआं से पानी भरा गया। बुधवार की सुबह तक आग पर काबू पाया जा सका। आगलगी में घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया घर मे पड़े शीशम की लकड़ी को किसी तरह से जेसीबी की सहायता से लकड़ी को निकालकर जलने से बचाया गया। इस बारे में घर के मालिक स्वर्गीय भैया मनोरंजन के छोटे भाई भैया प्रभात ने बताया कि उनका घर पिछले कुछ वर्षों से बंद था और उनके घर मे एक स्थानीय बिछिप्त व्यक्ति रह रहा था जिसने पूरा घर मे कूड़ा करकट जमा कर दिया था उन्हें अंदेशा है कि खाना बनाने के दौरान बगल में रखे कूड़ा में भी आग लग गयी जिस कारण थोड़ी ही देर में पूरा घर मे आग पकड़ लिया। आग से करीब आठ लाख के नुकसान होने का अनुमान है।

## मुखिया ने बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय बरकट्ठा में वर्ग 1 और 2 के बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मुखिया प्रमीला देवी,पुर्व मुखिया बसंत साव प्रधानध्यापक रामकिशुन महतो ने 87 बच्चो के बीच पोशाक का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया प्रमीला देवी ने अभिभावकों से बच्चों को स्वच्छता पुर्वक नियमित ड्रेस पहनाकर विद्यालय भेजने कि अपील की। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद साव, शिक्षक साधन कुमार रवानी, बलदेव मंडल, सहदेव मंडल, सावित्री देवी, शबाना शीरीं, राघवेन्द्र लाल, विजय कुमार, मनोज कुमार, मनमोहन दास, धानेश्वर साव, मोहम्मद रूस्तम अहमद, इन्द्रदेव साव, इंदु देवी उपस्थित थे।

## दो प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा पुलिस ने दो प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। कांड संख्या 249/21 मारपीट एवं विस्फोट पदार्थ रखने के आरोपी चेतलाल प्रसाद स्व कैला महतो एवं रंजन कुमार चेतलाल प्रसाद दोनों ग्राम सलैया निवासी को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेजा गया।

## झामुमो जिला समिति की बैठक, पंचायत व बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने को लेकर विचार-विमर्श

# संगठन मजबूत होगा, तो पार्टी का जनाधार बढ़ेगा : किस्कू

▶▶ सदस्यता अभियान चलाने, पंचायत और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित होटल ट्रीट के सभागार में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू व संचालन जिला सचिव बिनोद कुमार महतो ने किया। इस दौरान बैठक में सदस्यता अभियान चलाने, पंचायत स्तर पर सम्मेलन कराने के अलावा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा कि केंद्र कमेटी के आह्वान पर जिले में सदस्यता अभियान चलाने, पंचायत स्तर पर सम्मेलन कराने, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर कई निर्देश दिए गए हैं। जिसके आलोक में आज बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि संगठन अगर मजबूत होगा तो निश्चित ही पार्टी का जनाधार बढ़ेगा, इसमें पार्टी के नेता और कार्यकर्ता की भूमिका अहम है। उन्होंने यह भी पार्टी के नेता और कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं जिससे आम आवाम को इसका लाभ मिल सके।

बैठक के दौरान कई निर्णय लिए गए। जिसमें, झामुमो रामगढ़ जिला में संगठन का विस्तार, जिला समिति द्वारा सभी प्रखंडों, पंचायतों, नगरों, वार्ड एवं सभी बूथ में सदस्यता अभियान चलाने, सभी प्रखंडों में पंचायत समिति पूर्णगठन एवं पंचायतों का 15 दिसंबर से लेकर 15 जनवरी तक गठन कर विस्तार करने, जिले के सभी बूथ में बूथ समिति का विस्तार 27 जनवरी से 27 फरवरी तक करने एवं पंचायत समिति का सम्मेलन हर प्रखंड में कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान रामगढ़ नगर सचिव मिथुन मुंडा के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का आस्था रखते हुए दामन थामा। वही, जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान किया।




### जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू के नेतृत्व में पार्टी में आयी मजबूती

बैठक में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच केंद्रीय समिति के द्वारा दिए गए कार्यक्रमों पर विचार विमर्श की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय समिति द्वारा दिए गए कार्यों को जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू के नेतृत्व में जिला में निरंतर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यक्रम किए जा रहे हैं। बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं सचिव को संगठन विस्तार करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड स्तर से संगठन का विस्तार एवं सदस्यता अभियान को चलाने पर बल दिया गया। इसके लिए प्रखंड में रहने वाले जिला एवं केन्द्र के सभी पदाधिकारियों को भी इसमें पुरी तरह से सहयोग करेने की बात कही गई। इसके लिए एक समय सीमा निर्धारित किया गया है।

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, जिला कोषाध्यक्ष भुनेश्वर महतो उर्फ भुन्नु, जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, महेंद्र मुंडा, गीता विश्वास, बरतु करमाली, पिंकी बेसरा, गीता देवी, बिणा देवी, गुलाम नबी, हरिलाल बेदिया, नरेश हांसदा, सुरेश पटेल, आलम अंसारी, राजु साव, मिथुन मुंडा, राजेन्द्र बेदिया, उदय अग्रवाल, इमामुल अंसारी, शिव करमाली, खुदीराम महतो, विमल करमाली, राजनाथ महतो, सतिश मुर्मू, मतीराम महतो, तुलसी महतो, शुसांत भारती, राजनाथ महतो, मुखेन्द्र महतो, शम्भु बेदिया, जावेद आलम, अरुण बनर्जी, मुमताज अंसारी, सकलदेव करमाली, सुरेश साव, दिलिप शर्मा सुशील कुमार, दुर्गा चौधरी, विजय राम, डालचंद महतो, अकल उरांव, मुकेश रावत, बिरेंद्र यादव, उदय मालाकार, संजय वर्मा, साजीद आलम, लुकेश्वर चौधरी, विनय मुन्ना, जाकिर हुसैन, भोला खान, विजय राम, लालबहादुर चौधरी, तारकेश्वर महतो, कामलेश पाण्डेय, बब्लू यादव, सबिर अंसारी, दिपक टुडु, फकरुद्दीन अंसारी, ऐतो बास्के, रामकिशुन गिरी, बंधन महतो, बालदेव मुर्मू, मुमताज अंसारी, कपिल महतो, संत विलास करमाली, राजा खान, जाकिर हुसैन, मुक्करम अंसारी सहित पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस संचालित योजनाओं की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा ।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में पावर ऑफ प्रेजेंटेशन के माध्यम से जेएसएलपीएस अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से संकुल संगठन के पंजीकरण, विभिन्न आजीविका गतिविधियों की समीक्षा, बैंको द्वारा सखी मंडल को उपलब्ध करायें गए ऋण, मुद्रा लोन की समीक्षा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का क्लेम सेटलमेंट, प्लास मार्ट खोलने से संबंधित, दिनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना, सखी मंडल का बचत खाता खोलने समेत अन्य बिन्दुओं पर बारी-बारी से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के विरूद्ध बेहतर कार्य को देखते हुए सराहना कर कार्य को और बेहतर करने का निर्देश दिया। दिनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत चयनित लाभुकों को शत प्रतिशत प्रशिक्षण दे कर रोजगार से जोड़ने का निर्देश दिया साथ ही भारतीय स्टेट बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर सखी मंडल का बचत खाता खोलने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकस आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस अनिल डुंगडुंग, जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, यंग प्रोफेशनल समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



# पावन क्रूस विद्यालय के खिलाफ शिक्षा विभाग से की गयी शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** शिक्षा बचाओ संघर्ष समिति ने पावन क्रूस विद्यालय प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि विद्यालय में नियमानुसार काम किया जाए। अन्यथा समिति विद्यालय के खिलाफ आंदोलन छेडेगी। समिति के संस्थापक विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि विद्यालय में टोपी पर विद्यालय का लोगो नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को विद्यालय में प्रवेश करने से रोका गया। साथ ही एक विशेष दुकान से उक्त टोपी खरीदकर आने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों में भारतीय संविधान में बनाए गए शिक्षा नीति का पालन नहीं होता है। रिएडमिशन के नाम पर स्कूल प्रबंधन द्वारा मोटी रकम ली जाती है। उन्होंने बताया कि टोपी वाले मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई है। जिसमें विभाग ने आश्वस्त किया है जल्द ही पूरे मामले की जांच की जायेगी। अगर विद्यालय प्रबंधन दोषी हुआ तो कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में निजी विद्यालयों की नौटंकी बर्दास्त नहीं की जायेगी।

# बड़कागांव विधानसभा के दिव्यांगों ने विधायक अंबा को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बरकाकाना व अन्य जगहों के दिव्यांगजनो ने मनोज कुमार व टिकेंद्र बेदिया की अगुवाई में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से दिव्यांगों ने बताया कि वर्तमान के कड़कड़ाती ठंढ में पिछले बीस दिनों से रामगढ जिले सहित पूरे झारखंड के दिव्यांगजन अपने जायज मांगों के साथ अनिश्चिन्तकालीन धरना प्रदर्शन करते आ रहे हैं।उन्होंने विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद से धरना स्थल पर आकर दिव्यांगजनो से मुलाकात कर उनकी बातों को मुख्यमंत्री तक पहुचाने में मदद की गुहार लगायी है।बताते चलें कि झारखंड प्रदेश के दिव्यांगजन पिछले 26 नवम्बर से अनिश्चिन्तकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे जिसमें मुख्य माँग है। पिछले 19 महीनों से रिक्त राज्य निशक्तता आयुक्त पद को भरने, दिव्यांगजनों के आरक्षण के अनुरूप बैकलॉग वैकेंसी की गणनाकर अतिशीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करना,राज्य के दिव्यांगजनों का पेंशन 2500 करने (वर्तमान सरकार में सत्तासीन दल के चुनावी घोषणा पत्र के आधार पर), सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी प्रदान करना, आदि मुख्य मांगे हैं।



## सीएम के चतरा आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज

**चतरा ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चतरा भ्रमण कर विकास कार्यों की जिलास्तरीय समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ साथ सरकार के आला अधिकारियों का चतरा जिले का भ्रमण कार्यक्रम संभावित है। इस दौरान वे चतरा जिला में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने बुधवार को जिले के सभी विभागों के साथ मैराथन बैठक किया। योजनाओं के प्रगति का जायजा लेंगे। सभी पदाधिकरियों को साफ शब्दों में निदेश दिया है कि गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये शत प्रतिशत मामलों का निष्पादन हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने अपने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का निष्पादन हर हाल में कर लें। सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, केसीसी, सूखा राहत योजना और मनरेगा सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट हैं।

## खतियानी रैयत परिवार की 10 सूत्री मांग को लेकर हुई त्रिपक्षीय वार्ता

# एलएंडटी प्रबंधन ने समस्याओं का समाधान नहीं किया तो होगा आंदोलन : दसई मांझी

आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी ।** खतियानी रैयत परिवार उरीमारी की ओर से 10 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को बिरसा परियोजना क्लब में खतियानी रैयत परिवार, सीसीएल प्रबंधन एवं एल एंड टी कम्पनी प्रबंधन के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई। बैठक की अध्यक्षता बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवदास एवं संचालन खान प्रबंधक रामेश्वर मुंडा के द्वारा किया गया। खतियानी रैयत परिवार की ओर से दिए गए मांग पत्र पर विस्थापितों की ओर से प्रमुखता से अपनी बातों को रखा गया। जिस पर सीसीएल प्रबंधन ने परियोजना से संबंधित सभी मांगों को नियमानुसार जल्द से जल्द उचित पहल करने का आश्वासन दिया। वहीं खतियानी रैयत परिवार द्वारा एल एंड टी कम्पनी में कार्यरत मजदूर एवं विस्थापितों से संबंधित ज्वलंत समस्याओं का समाधान करने के लिए एल एंड टी कम्पनी के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने चार दिनों का समय मांगा। वहीं विस्थापित ग्रामीणों ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि एल एंड टी कम्पनी प्रबंधन चार दिनों में समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो विस्थापित ग्रामीण एल एंड टी कम्पनी का काम अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया जाएगा। मौके पर संरक्षक दसई मांझी ने कहा कि एल एंड टी कम्पनी विस्थापित एवं स्थानीय मजदूरों के साथ जल्द से जल्द न्याय करने का काम करें। अन्यथा एल एंड टी कम्पनी में विस्थापित ग्रामीण डेरा डालो घेरा डालो आंदोलन की शुरूआत करेगी। त्रिपक्षीय वार्ता में खतियानी रैयत परिवार की ओर से संरक्षक दसई मांझी, अध्यक्ष शनिचर मांझी, सचिव कार्तिक मांझी, उपाध्यक्ष दिनेश करमाली, सुखू मांझी, रैना मांझी, सुरेश मुर्मू, खेपन मांझी, संतोष प्रजापति, विनोद सोरेन, दिनेश टुडू, रामलाल बेदिया, फुलचंद बेदिया, धनलाल बेदिया,पंसस किशोर बेदिया, बरियत किस्कू, जितेंद्र यादव, हेमलाल बेसरा,टुला करमाली, सुरेंद्र करमाली सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक संपन्न

# विकास कार्य में लापरवाही करने पर संवेदक को चिह्नित कर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा ।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनिकी समिति की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से तकनिकी विभागों अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अब तक कि स्थिति एवं लंबित कार्य, पूर्ण कार्य को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा, नगर परिषद समेत अन्य तकनिकी विभागों का विभागवार बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होने तकनिकी विभागों द्वारा मदवार प्राप्त प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को लेकर जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अगर योजनाओं में संवेदक के द्वारा लापरवाही की जा रही है तो वैसे संवेदक को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करें। वहीं उन्होने कहा कि वन क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य जो वन क्षेत्र होने के कारण योजना लंबित है उस स्थिति में वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण करें। पेजजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने हर घर नल योजना कि लक्ष्य के विरूद्ध किए गये कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, कार्यपालक अभियंता पेजजल एवं स्वच्छता प्रण्मडल अविक अंबाला, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमण्डल मोहनचन्द्र गुप्ता समेत अन्य संबंधित तकनिकी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



# 1.65 करोड़ के आरोपित कार्यपालक अभियंता एसपी के निर्देश पर गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** 1.65 करोड़ का गोलमाल करने वाले पथ प्रमंडल, चतरा के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शालीग्राम सिंह को पुलिस कप्तान राकेश रंजन के निर्देश पर सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शालीग्राम सिंह 2007 से लेकर 2012 तक पदस्थापित थे। इस क्रम में उन्होंने चौपारण-चतरा मार्ग चौड़ीकरण को लेकर निविदा निकाली थी, जिसमें संवेदक ने 1.65 करोड़ रुपये का बैंक गारंटी पेपर फर्जी शामिल किया था। प्रारंभिक जांच में बैंक ने गारंटी पेपर को सही बताया था। योजना प्रारंभ करने के बाद संवेदक ने काम रोक दिया। कई बार पत्राचार के बाद जब संवेदक ने कार्य प्रारंभ नहीं किया तो तत्कालीन अभियंता प्रमुख ने पथ प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता को बैंक गारंटी पेपर की जांच फिर से कराने का आदेश दिया था. जांच में बैंक गारंटी पेपर फर्जी मिला था।

## आवास में लगी आग, समान जलकर खाक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के ओरला पंचायत के गंझूडीह में मंगलवार कि देर शाम एक आवास में अचानक आग लग गयी। जिसमे तीन लाख रूपए मूल्य के महंगे समान जलकर खाक हो गए। इस संबंध में भुक्तभोगी देव कुमार नायक उर्फ चुन्नीलाल ने बताया कि अचानक आवास में आग लग गया। वही, ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में पानी डालकर आग को बुझाया गया। घर मे आग लगने से सोफा, पलंग, डायनिंग टेबल सहित तीन लाख रुपये मूल्य के कीमती सामान जलकर खाक हो गए।

## विपक्षियों ने साजिश कर विधायक ममता देवी को भेजा जेल : धर्मराज राम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी झारखण्ड प्रदेश सचिव धर्मराज राम ने विधायक ममता देवी की कोर्ट द्वारा जेल भेजे जाने के मामले को विपक्षियों पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। धर्मराज राम ने कहा कि गोला गोलीकांड घटना के वक्त ममता देवी के पास न बॉडीगार्ड था, फिर किसने गोली चलाया। वही, गवाहों को क्यों प्रभावित करने का प्रयास किया गया। जनता के हक व अधिकार के लिए आंदोलन कर रही नेत्री ममता को साजिश के तहत फंसाया गया। इधर, विधायक बनने के बाद ममता देवी द्वारा विधानसभा क्षेत्रों में विकास का कार्य तेजी से किया गया है। जिससे विपक्षियों को कोई रास्ता समझ नहीं आ रहा है, उनकी बढ़ती हुई लोकप्रियता से विपक्ष के लोग डरे हुए हैं। अपनी खिसकती हुई जमीन को देखकर बौखला गए हैं। इसलिए उनके खिलाफ साजिश रची गई है। मिली सजा के वक्त दुधमुंहे बच्चे का भी ख्याल नहीं रखा गया। आनेवाले वक्त में रामगढ़ की जनता इसका माकूल जवाब देगी।

## केरल में एटक का 42वां महाधिवेशन 16 से 20 तक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन संघ (एटक) का 42 वां महाधिवेशन दिनांक 16 से 20 दिसम्बर तक केरल के अल्फुजा में होगी। उक्त जानकारी देते हुए एटक नेता सह कोल फेडरेशन के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 2 हजार प्रतिनिधि इस महाधिवेशन में भाग लेंगे। इसमें कोयला, तांबा, स्टील, लौह अयस्क, अभ्रक, बैंक, रेलवे, बीमा, आंगनबाड़ी, ट्रांसपोर्ट, राज्य कर्मचारी, संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों आदि उपक्रमों से लोग शामिल लेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड से भी 70 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें कोयला उपक्रम से यूनाइटेड कोल वर्कस यूनियन से 9 प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। महाधिवेशन में देश की मौजूदा हालात पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान की केंद्र सरकार की मजदूरी विरोधी नीति, श्रम संहिता, सामाजिक सुरक्षा, निजीकरण व विनिवेश की पॉलिसी को कैसे रोका जाए इसपर मंथन होगा। साथ ही संगठित व असंगठित मजदूरों की मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन आदि मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा। महाधिवेशन को मुख्य रूप से एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार संबोधित करेंगे। श्री मंडल ने बताया कि रमेन्द्र कुमार 15 दिसम्बर को महासम्मेलन का प्रतिनिधित्व करने के लिए केरल रवाना होंगे।

## आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ ने बलकुदरा खुली खदान में किया धरना-प्रदर्शन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ के तत्वावधान में बलकुदरा खुली खदान के समक्ष धरना-प्रदर्शन सह चक्का जाम आंदोलन किया गया। इस दौरान संघ के लोगों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कहा गया कि प्रबंधन को पूर्व में कई बार में मांग-पत्र सौंपा गया लेकिन इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। हमारी मांगों में बलकुदरा में लोकल सेल चालू कर स्थानीय ग्रामीण व विस्थापितों को रोजगार देने, ट्रांसपोर्टिंग व ठेका कार्य विस्थापितो को देने आदि मांगे मुख्य रूप से शामिल है। इधर चक्का जाम की सूचना मिलने पर प्रबंधन के साथ संघ की घंटो वार्ता हुई। वार्ता में भुरकुंडा मनोज पाठक मुख्य रूप से मौजूद थें। धरना-प्रदर्शन व चक्का जाम में संघ के संयोजक देवानंद प्रसाद, अध्यक्ष झरी मुंडा, उपाध्यक्ष नंदकिशोर मुंडा, महासचिव विनय कुमार, ललित प्रसाद, बादल प्रसाद, रंजीत प्रसाद, पवन कुमार मुंडा, अरुण प्रसाद, त्रिभुवन साहू, सनीचर भगत महली, सूरज बाडा, मंटू प्रसाद, मंटू मुंडा, वीरेंद्र प्रसाद, शिवदेव मुंडा, अमित मुंडा, रामप्रवेश मुंडा सहित भारी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका के निधन पर कोयलांचल भुरकुंडा में शोक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा गांधीनगर निवासी सह महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के पूर्व शिक्षक शशिकांत प्रसाद की माता पूर्व शिक्षिका चंद्रकली देवी का बुधवार को निधन हो गया। 91 वर्षीय चंद्रकली देवी राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा की सेवानिवृत शिक्षिका थीं। उनके निधन से कोयलांचल के शिक्षा जगत में शोक की लहर है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। परिजनो ने बताया कि गुरूवार को उनका अंतिम संस्कार दामोदर नदी तट घाट पर होगा। उनके निधन पर परिजन अमित सिन्हा, ज्योति सिन्हा, नेहा सिन्हा, पूजा सिन्हा, राहुल श्रीवास्तव सहित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक मिश्रा, पूर्व प्रधानाध्यापक भवानी महतो, कैलाश राम, डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, जानकी ठाकुर, विजयंत कुमार, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, योगेश दांगी के अलावे दर्जनों शिक्षक शामिल हैं।

## न्यू डॉन बास्को स्कूल में गुड व बैड टच पर हुआ सेमिनार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित न्यू डॉन बास्को स्कूल में बुधवार को गुड व बैड टच विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की मुख्य अतिथि किड्जी स्कूल की पूर्व शिक्षिका मधु द्वारा बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बॉडी सेफ्टी नियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को बताया कि हमें अपनी बॉडी पार्ट्स का किस तरह ध्यान रखना चाहिए। साथ ही किसी अनजान व्यक्ति द्वारा अपने बॉडी और इनर पार्ट का स्पर्श नहीं करने देना चाहिए। किसी भी अनजान या जानने वाले व्यक्ति द्वारा गलत ढंग से स्पर्श करने पर तत्काल इसकी जानकारी अपने शिक्षकों, अभिभावकों व शुभचिंतको को देने की बात कही। ताकि अगर उनकी नियत गलत हो तो उस पर कार्रवाई हो सके। मौके पर स्कूल के प्रबंधक अंगद राय, संतोष कुमार, ज्योति कुमारी, शाहीन, प्रेरणा, शाक्षी, काजल सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।

## 50 टन कोयला सीसीएल ने किया बरामद

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध परियोजना क्षेत्र के देवलगड़ा कोल स्टॉक से कोयला तस्करो ने मोटर साईकिल से कोयला उबकापानी के जंगल में स्टॉक कर रातो रात ट्रकों से कोयला लादकर बनारस के मंडियों में बेचने का सिलसिला बदस्तूर जारी था।जिसकी सूचना मगध पीओ निपेन्द्र नाथ को मिली। उनके निदेर्शानुसार सीसीएल प्रबंधन के सुरक्षा प्रभारी धर्म नाथ सिंह एव सराढु पिकेट पुलिस प्रभारी राजेश राम में सहयोग से मंगलवार रात्रि संध्या 7 बजे उबकापानी जंगल से 50 टन कोयला बरामद किया हैं।इस कार्रवाई से अवैध कोयला के शातिरों में हड़कंप मच गया है। पीओ निपेन्द्र नाथ ने बताया की कोयला तस्करी की पर पूर्ण रूप से लगाम लगाना प्राथमिक है बताया।

## दलित छात्रा की हत्या के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

**कुजू (आजाद सिपाही)।** रांची में दलित छात्रा के साथ बलात्कार कर हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर कुजू में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च नयामोड़ फोरलेन से प्रारंभ होकर कुजू चौक पहुंचा। इस दौरान मार्च में शामिल लोगों ने हत्यारे को फास्ट ट्रैक कोर्ट चलाकर जल्द से जल्द फांसी देने की मांग की। कैंडल मार्च में समाजसेवी धर्मराज राम, सुपन समाज अध्यक्ष अशोक राम, सुरेश राम, संजीत राम, शक्ति राम, कमल राम, बिनोद राम, चन्दन राम, विकास राम, विशाल राम, मनोज राम, सागर राम, प्रेम राम, ललकु राम, समेत कई अन्य लोग शामिल रहे।

# बाज आये चीन

अरुणाचल प्रदेश के याग्त्से में एलएसी पर शुक्रवार 9 दिसंबर को चीनी सैनिकों की ओर से किया गया अतिक्रमण का प्रयास चिंताजनक है। इसने दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की संभावना को और दूर कर दिया है। हालांकि, जैसा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद को बताया, सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों ने बहादुरी का परिचय देते हुए उन चीनी सैनिकों को वापस खदेड़ दिया। भारतीय क्षेत्र में घुसने की उनकी कोशिश नाकाम कर दी गयी। इस क्रम में दोनों तरफ के कुछ सैनिक घायल जरूर हुए, लेकिन अच्छी बात यह रही कि किसी की जान नहीं गयी और न ही कोई गंभीर रूप से जख्मी है। मगर इससे इस तथ्य की गंभीरता कम नहीं हो जाती कि चीन ने एक बार फिर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया है। यह प्रयास ऐसे समय हुआ है, जब कुछ ही दिन पहले चीन ने उत्तराखंड के औली में भारत और अमेरिका के संयुक्त युद्धाभ्यास पर एतराज किया था। यह याद रखना भी महत्वपूर्ण है कि इसी महीने भारत ने जी-20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण की है, जिसके एक साल के कार्यकाल को अधिक से अधिक सार्थक बनाने की कोशिशों में वह लगा हुआ है। जी-20 के ही शिखर सम्मेलन के दौरान बाली में पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात भी हुई थी। हालांकि दोनों के बीच कोई बैठक या बातचीत नहीं हुई, लेकिन दोनों गर्मजोशी से जरूर मिले थे। तीन महीना पहले यानी इसी सितंबर में दोनों देश पूर्वी लद्दाख के गोगरा हॉटस्प्रिंग इलाके से अपने सैनिकों को पीछे लेने पर सहमत हुए थे, जिसे मई 2020 से शुरू हुई कमांडर लेवल बातचीत में उठा आखिरी विवादित बिंदु कहा गया। साफ है कि गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद से दोनों पक्षों के रिश्ते सामान्य भले न हुए हों, लेकिन लगातार बातचीत के जरिए असहमति और विवाद के बिंदुओं पर न्यूनतम सहमति बनाने की कोशिशें काफी हद तक कामयाब हो रही थीं। ऐसे में अचानक हुई यह झड़प न केवल चौंकाने वाली है बल्कि इसके पीछे का मकसद समझना भी मुश्किल है। हालांकि जानकारों के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के याग्त्सी इलाके में एलएसी को लेकर दोनों देशों की समझ में अंतर है और इसलिए पहले भी वहां ऐसी झड़पें हो चुकी हैं। इस बार झड़प के ठीक बाद जिस तत्परता से फ्लैग मीटिंग करके मसले को सुलझाया गया, वह पॉजिटिव संकेत है। दोनों देशों के रिश्तों में पॉजिटिविटी के इस फैक्टर के बने रहने की कामना करते हुए भी इतना तो कहना ही होगा कि इस झड़प ने सीमा पर विश्वास का माहौल बनाने की कोशिशों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे रिश्तों के सामान्य होने की प्रक्रिया पहले से थोड़ी और मुश्किल हो गई है।

**भारत और चीन के सैनिकों के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एलएसी पर झड़प की खबर सामने आयी। चीन के साथ झड़प में भारतीय सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया है जिसके बाद चीनी सेना पीछे हटने के मजबूर हुई। इस झड़प में दोनों ओर से सैनिक घायल हुए हैं। यह घटना 9 दिसंबर की है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पंजाब ने अपने सीने पर लम्बे समय तक आतंकवाद को झेला है, हिंसा, हत्याओं एवं आपराधिक गिरोहों का इतिहास पुराना है और अब तो यह साफ हो गया है कि राज्य में जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, उन्हें अंजाम देने वाले सरगना विदेशों में बैठे हैं। विदेश में बैठे इन गैंगस्टर्स के इशारों पर यह खतरनाक खेल चल रहा है, उनके तार पाकिस्तान से जुड़े होना भी चिंता बढ़ाता है।**

# पंजाब में हिंसा और आतंक की घटनाओं पर तत्काल ध्यान दे मान सरकार



**ललित गर्ग**

पंजाब में हिंसा, आतंकवाद एवं नशे की बढ़ती घटनाएं चिन्ता का कारण बनती जा रही हैं। जबसे आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हिंसा, हथियारों एवं नशे की उर्वरा भूमि बनकर पंजाब के जीवन की शांति पर कहर ढहा रही है। आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना न केवल पंजाब बल्कि पूरे राष्ट्र के लिये संकट का संकेत हैं। ऐसा ही एक ताजा संकेत तरनतारन के एक थाने में राकेट लांचर से हमला से मिला है, जिसे अतिवादी-आतंकी तत्वों के दुस्साहस का नया प्रमाण कहा जा सकता है। इस हमले ने कुछ माह पहले मोहाली में खुफिया विभाग के मुख्यालय पर हुए राकेट हमले की याद दिला दी। इस हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से यह मानकर की जा रही है कि यह आतंकी हमला है। प्रांत में लगातार सिर उठा रही आतंकवादी घटनाएं, नशे का बढ़ता प्रचलन एवं बन्दूक संस्कृति इस प्रांत के अशांत एवं अस्थिर होने की आधारभूमि कही जा सकती है।

पंजाब में इन दिनों हुई हिंसक घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले न सिर्फ बेकसूर लोगों की हत्याएं कर रहे हैं, बल्कि उनका दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि पुलिस थानों को भी निशाना बनाया जा रहा है। मई में ही पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या हुई थी। सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद यदि राज्य पुलिस इन गिरोहों पर लगाम कसती, तो शायद हालात इतने नहीं बिगड़ते। नवंबर में शिवसेना (टकसाली) नेता सुधीर सूरी और डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी प्रदीप सिंह के बाद 7 दिसंबर को एक कपड़ा व्यापारी की हत्या से स्पष्ट है कि पानी सिर से गुजरता जा रहा है। विपक्ष की आलोचनाओं से घिरने के बाद मान सरकार ने बंदूक संस्कृति व भड़काऊ गानों पर रोक लगाने के अलावा ऐसा कोई कड़ा कदम नहीं उठाया है, जो यह संकेत दे कि वह बढ़ती हिंसा को लेकर गंभीर है। वह सार्वजनिक रूप से हथियार लहराने और देशविरोधी बयान देने वालों पर अंकुश लगाने के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठा रही है। यह भी अजीब बात है कि इस तरह की भनक मिलने के बाद भी सुरक्षा एजेंसियां न तो आतंकी तत्वों की टोह ले सकीं और न ही तरनतारन में उनके दुस्साहसी हमले को रोक सकीं। यह निराशाजनक है कि जब पंजाब सरकार और उसकी पुलिस को अतिवादी-आतंकी तत्वों के दुस्साहस पर लगाम लगाने में सक्षम दिखना चाहिए, तब वह असहाय-निरुपाय-सी दिख रही है। यह शुभ संकेत नहीं, बल्कि चिन्ता का बड़ा सबब है।

**आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना न केवल पंजाब बल्कि पूरे राष्ट्र के लिये संकट का संकेत हैं।**



**यह निराशाजनक है कि जब पंजाब सरकार और उसकी पुलिस को अतिवादी-आतंकी तत्वों के दुस्साहस पर लगाम लगाने में सक्षम दिखना चाहिए, तब वह असहाय-निरुपाय-सी दिख रही है। यह शुभ संकेत नहीं, बल्कि चिन्ता का बड़ा सबब है।**

पंजाब ने अपने सीने पर लम्बे समय तक आतंकवाद को झेला है, हिंसा, हत्याओं एवं आपराधिक गिरोहों का इतिहास पुराना है और अब तो यह साफ हो गया है कि राज्य में जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, उन्हें अंजाम देने वाले सरगना विदेशों में बैठे हैं। विदेश में बैठे इन गैंगस्टर्स के इशारों पर यह खतरनाक खेल चल रहा है, उनके तार पाकिस्तान से जुड़े होना भी चिंता बढ़ाता है। पाकिस्तान देश में अशांति के लगातार प्रयत्न कर रहा है, उसमें युद्ध लड़ने की क्षमता एवं साधन-सुविधाओं का अभाव है। वैसे भी अब युद्ध मैदानों में सैनिकों से नहीं, भितरघात करके, निर्दोषों की हत्या कर लड़ा जाता है। सीने पर वार नहीं, पीठ में छुरा मारकर लड़ा जाता है। भारत को कमजोर करने के लिये पंजाब को आधार बनाकर यही सब किया जा रहा है। इसका मुकाबला हर स्तर पर हम राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर, एक होकर और सजग रहकर ही कर सकते हैं। यह भी तय है कि बिना किसी की गद्दारी के ऐसा संभव नहीं होता है। पंजाब, कश्मीर में हम बराबर देख रहे हैं कि प्रलोभन देकर कितनों को गुमराह किया गया और किया जा रहा है। पर यह जो पंजाब में लगातार घटनाएं हुई हैं इसका विकराल रूप कई संकेत दे रहा है, उसके खतरनाक संकेतों को समझना है। कई सवाल खड़े हुए हैं, जिसका उत्तर सक्षमता से देना है।

राज्य की विपक्षी पार्टियां आरोप लगा रही हैं कि भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद पंजाब में कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो गई है। तरनतारन के हमले के बाद शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने तो यह आरोप लगा दिया कि कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मान सरकार की विफलता के कारण राज्य में फिर आतंकवाद बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। एक बड़ी चिंता की बात यह भी है कि खालिस्तान का राग अलापने वाले तत्व निरंकुश दिख रहे हैं। वे खालिस्तान की खुली पैरवी करने के साथ सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने का काम भी षड्यंत्रपूर्वक कर रहे हैं। इनका समर्थन जिस तरह कुछ राजनीतिक-सामाजिक संगठन कर रहे हैं और पुलिस सतर्कता का परिचय देने के बजाय ढुलमुल नजर आ रही है, उससे पंजाब में वैसा ही माहौल बनता दिख रहा है, जैसे जरनैल सिंह भिंडरांवाले के समय था, जब खालिस्तानी आतंकवाद चरम पर था। पंजाब में खालिस्तानी तत्वों, नशे के सौदागरों, सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने वालों के साथ गैंगस्टर भी बेलगाम दिख रहे हैं। पंजाब के ये हालात राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार के लिए भी चिंता का विषय बनने चाहिए। केवल यह कहने से काम चलने वाला नहीं है कि पंजाब में जो अप्रिय घटनाएं घट रही हैं, उनके पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है। प्रश्न यह है कि इन ताकतों के जो एजेंट पंजाब में सक्रिय हैं, उन पर राज्य सरकार लगाम क्यों नहीं लगा पा रही है? राज्य में तेजी से पनप रही बंदूक एवं नशे की संस्कृति चिन्ता का सबब बन रही है। निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं और अधिकांश लोग नशे में डूब रहे हैं। हथियारों का खुला प्रदर्शन, खूनखराबा आम बात हो गयी है। पंजाब की घायल अवस्था पर आम आदमी पार्टी सरकार को जागना होगा, कठोर कदम उठाने होंगे।

पंजाब सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता उन विद्रोही खूनी हाथों को खोजना होना चाहिए जो शांति एवं अमन के दुश्मन हैं। सरकार को इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी पंजाब की सारी खोजी एजेंसियों की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा कि कोई दो-चार व्यक्ति कभी भी पूरे प्रांत की शांति और जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं। अब तो पाकिस्तान की ओर से यहां ड्रोन से भी हथियार गिराने की घटनाएं आम हो गई हैं। ऐसे में कड़ी सुरक्षा की जरूरत है। वैसे पंजाब में सीमाई इलाकों में सीमा सुरक्षा बल और सेना भी तैनात रहती ही है, लेकिन राज्य पुलिस की भूमिका कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। जाहिर है, हर स्तर पर पुलिस तंत्र को मजबूत, चौकन्ना बनाने की जरूरत है। पंजाब सरकार को राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर शांति एवं अमन कायम करना चाहिए, ज्यादा चुस्त-दुरुस्त एवं चौकन्ना रहना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# विधायक ने झारखंड का नाम रोशन करने वाली बेटी श्रेया अधरजी को किया सम्मानित

**समर्पण फाउंडेशन ने झारखंड की बेटी का बढ़ाया मान, दी ढेर सारी शुभकामनाएं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा पत्रकार की बेटी श्रेया अधरजी ने वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन के द्वारा आयोजित वोमेन्स स्पोर्ट्स मॉडल प्रतियोगिता में दो बार नेशनल व स्टेट प्रतियोगिता में झारखंड का नाम रोशन की है। जमशेदपुर में झारखंड की बेटी का लोगों ने जमकर सराहना की।

बुधवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोनारी स्थित आदर्श नगर 7वां फेज नार्थ के रहने वाले पत्रकार अभिजीत अधरजी की बेटी श्रेया अधरजी को शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

वहीं सामाजिक संस्था समर्पण फाउंडेशन ने छवि विश्वकर्मा व सुनील गुप्ता के नेतृत्व में पत्रकार की बेटी श्रेया अधरजी की जमकर सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने एक शील्ड, अंग वस्त्र और फूलों का गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया।

मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा झारखंड की बेटी श्रेया अधरजी ने दो बार नेशनल प्रतियोगिता में राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया राज्य के ऐसे प्रतिभागियों से काफी गर्व महसूस होता है। पत्रकार अभिजीत आधरजी की बेटी काफी मेहनत कर आज इस मुकाम तक पहुंची है। इकलौती बेटी श्रेया ने दो बार नेशनल में पांचवा स्थान प्राप्त किया। ऐसे खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा करने के लिए उनके आवास में सम्मानित करने आये हैं। उन्होंने बताया राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के नाम रोशन करने वाले बेहतर खिलाड़ियों को सीधे नौकरी देने का काम कर रहे हैं। झारखंड में खेल के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए उत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया झारखंड की बेटी श्रेया अधरजी की मेहनत और लगन का परिणाम है कि वे एक बार स्टेट और दो बार नेशनल प्रतियोगिता में शामिल हुई। विधायक ने कहा ऐसे खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। विधायक ने श्रेया अधरजी को आगे और बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड के नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं सामाजिक संस्था समर्पण फाउंडेशन के छवि विश्वकर्मा ने बताया फाउंडेशन युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करते आ रहा है। संस्था के द्वारा शहर के सभी क्षेत्र में सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया जाता है। जरूरतमंद लोगों की सेवा की जाती है। वैसे आज एक पत्रकार की बेटी श्रेया अधरजी ने दो बार नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड का नाम रोशन किया। झारखंड की बेटी को प्रोत्साहित करने के लिए संस्था के द्वारा उन्हें सम्मानित करने आए हैं।

वहीं संस्था के सुनील गुप्ता ने बताया अभी के समय बेटी और बेटा में कोई फर्क नहीं है। बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए संस्था के द्वारा हरसंभव सहयोग किया जाएगा। ताकि ऐसे खिलाड़ियों का मनोबल और उंचा हो सके। इसी उद्देश्य के साथ संस्था के सदस्यों द्वारा झारखंड की बेटी श्रेया अधरजी के आवास में पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया गया। ताकि वे आगे और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड और देश के नाम रोशन कर सकें।

इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी, जयदीप महतो, समर्पण फाउंडेशन संस्था के सचिव बिभूति जेना, छबि विश्वकर्मा, मनीषा कुमार, प्रीति, मुन्ना शर्मा, आदर्श तिवारी, श्रवण पाण्डेय, बागबेड़ा पंचायत सचिव सुनील गुप्ता उपस्थित रहे।

# जयकारे के साथ बिष्टुपुर से निकली बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा

**बिष्टुपुर तुलसी भवन में 15 से 17 दिसम्बर तक तीन दिवसीय संगीतमय खाटू श्याम बाबा की कथा का भव्य आयोजन होगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर सत्यनारायण मंदिर से तुलसी भवन तक बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा निकली। बुधवार को निकली यात्रा में कथा व्यास श्याम रत्न खाटू वाले पप्पू शर्मा भी शामिल हुए। शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान द्वारा आयोजित यात्रा कर निशान की पूजा सत्यनारायण मंदिर में की गयी। इससे पूर्व बाबा श्याम की पूजा और ज्योत प्रज्जवलित तुलसी भवन में किया गया।

मौके पर यजमान मधु अरूणबांकरेवाल की ओर से बजरंग पंडित ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करायी। ढोल, नगाड़ा, धमाल, बैंड पार्टी के साथ शाही अंदाज में बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। हाथों में निशान लिये 751 से अधिक भक्त बाबा के जयकारे के साथ सड़क पर नाचते गाते नजर आये। निशान यात्रा में लगभग 1000 से अधिक भक्त शामिल रहे। तुलसी भवन में भव्य दरबार सजाया गया। बाबा श्याम को भोग लगाने के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शयन आरती के बाद कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

बिष्टुपुर तुलसी भवन में गुरुवार 15 दिसंबर से 17 दिसम्बर तक तीन दिवसीय संगीतमय खाटू श्याम बाबा की कथा का भव्य आयोजन रोजाना शाम 4 बजे से होगा। कथा व्यास श्याम रत्न खाटू वाले पप्पू शर्मा कथा का वाचन करेंगे। तीनों दिन सुबह 05.30 बजे मंगला आरती एवं 06 बजे बाबा का श्रृंगार का कार्यक्रम होगा। ज्योत प्रज्जवलन व जजमान पूजा सुबह 08.30 बजे होगी। धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत, अध्यक्ष रिंकू अग्रवाल, सचिव पायल सोंथालिया, कोषाध्यक्ष पायल गर्ग, पूजा मोदी, सोनल अग्रवाल, नेहा सोंथालिया, किरण अग्रवाल, मोनिका बकरेवाल, अंजू मोदी, प्रीति बुधिया, संगीता गुप्ता, रिया अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, कृतिका अग्रवाल, नीमा मोदी, सीमा अग्रवाल, मनीष बांकरेवाल, नितेश धूत, शैलेश मोदी, विष्णु गोयल, सुमित अग्रवाल, रंजीत बुधिया, प्रमोद देबूका, संतोष अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सौरव सोंथालिया का योगदान रहा।

# झारखंड क्षत्रिय महिला संघ ने विकास सिंह के घर पहुंचकर ली घटना की जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** क्षत्रिय महिला संघ अध्यक्ष डॉ कविता परमार के नेतृत्व में महिला प्रतिनिधि मंडल विकास सिंह और पप्पू सिंह के आवास जाकर सारे मामले की जानकारी ली। बुधवार को जानकारी मिलने पर उन्होंने बताया प्रशासन द्वारा किया गया कृत्य चिंतनीय और निंदनीय है। जिस पर महिला संघ के द्वारा हरसंभव सहायता करने का भरोसा दिलाया। साथ ही झारखंड क्षेत्रीय संघ के बैनर तले सभी एकजुट होकर के पीड़ित परिवार से मिलेंगे और डीसी एसएसपी को ज्ञापन सौपेंगे। बातचीत के दौरान विकास सिंह की पत्नी पूनम सिंह ने रात की घटना का जिक्र करते हुए बहुत ही दुखद बताया। उन्होंने बताया महिलाओं के साथ इस तरह का बर्ताव प्रशासन को नहीं करना चाहिए। जिससे महिलाएं उग्र होकर सड़क पर उतरने को मजबूर हो जाएं। शहर में कुछ दिनों से एक खास समाज को टारगेट किया जा रहा है। जो कि सभी समाज के लिए चिंता का विषय है। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष कविता परमार के साथ संरक्षक देविका सिंह, महासचिव मंजू सिंह, उपाध्यक्ष जीनू सिंह, सचिव रीता सिंह, सुनीता सिंह, सुजाता सिंह, मुदिता सिंह, संध्या सिंह, सुनीता सिंह, सरिता सिंह, ममता सिंह शामिल रहे।

# धोखाधड़ी के मामले में शेयर कारोबारी अनूप अग्रवाल गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** स्थानीय साकची थाना पुलिस ने शेयर की खरीद बिक्री को लेकर करीब आठ करोड़ की धोखाधड़ी मामले में बाराद्वारी निवासी अनूप अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मामले में उसके साथी विकास गर्ग समेत अन्य की तलाश है। डिस्कवरी डायग्नोसिस के मालिक दशरथ कुमार कावंटिया ने आरोपित के विरुद्ध धोखाधड़ी की 19 नवंबर, 2022 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने आरोपित को न्यू बाराद्वारी स्थित परिचित महिला के घर से गिरफ्तार किया है। वह पार्लर की अलमीरा में पुलिस के पहुंचने पर छुप गया था। आरोपित से एसएसपी प्रभात कुमार ने साकची थाना में पूछताछ की।

**धोखाधड़ी का पूरा सच आया सामने :** जानकारी मिली कि उसने और भी लोगों से धोखाधड़ी की है, जो 50 करोड़ के आस-पास है। उसकी गिरफ्तारी की जानकारी पर धोखाधड़ी के शिकार लोग साकची थाना पहुंचे थे। आरोपित से आदित्यपुर के एक व्यक्ति ने धोखाधड़ी मामले में उसकी एक करोड़ कीमत की कार रख ली है। दूसरी एसएसपी और साकची थाना प्रभारी को 24 नवंबर 2022 को लिखित रूप से शिकायत दी कि अनूप अग्रवाल, उसकी पत्नी समेत अन्य आरोपितों ने कुल 22 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी उनसे की है। दो करोड़ 62 लाख और पांच करोड़ 41 लाख रुपये आरोपित के खाते में उन्होंने ट्रांसफर किया है, जिसका ब्योरा शिकायत में दिया गया है। उसने शहर और आदित्यपुर के व्यवसायियों से भी धोखाधड़ी की है, जो कुल मिला कर 50 करोड़ की होगी। आरोपित की पुत्री इशु ने बताया कि पिता को पुलिस दूसरे के घर से गिरफ्तार कर ले गयी है। पिता एमजीएम अस्पताल में है।

**दशरथ कावंटिया ने करायी अनूप के खिलाफ शिकायत :** दशरथ कावंटिया ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि मई, 2018 की शुरूआत में अनूप अग्रवाल लाइफ लाइन नर्सिंग होम स्थित आफिस में आये थे। कहा था कि मेरा केवाल्का सिक्योरिटीज फर्म है, जो शेयर की खरीद-बिक्री करती है। कार्यालय काशीडीह चौक आदर्श अब्दुल रहीम कॉम्पलेक्स के ग्राउंड फ्लोर पर है। पहले से परिचित और स्वजातीय होने के कारण उनकी बातों पर विश्वास कर लिया।

## अनूप के खाते में ट्रांसफर हुए रुपयों का ब्योरा

9 मई 2018 को आरटीजीएस के माध्यम से सात लाख रुपया अनूप अग्रवाल के खाते में ट्रांसफर किया। उसके बाद कहे अनुसार 9 मई 2018 को सात लाख, 10 मई 2018 को आठ लाख, 2 जून 2018 को तीन लाख, 4 जून 2018 को 27 लाख, 14 जून 2018 को 12 लाख, 23 अक्टूबर 2019 को 10 लाख, 9 दिसंबर 2019 को पांच लाख, 4 दिसंबर 2020 को 15 लाख, 9 दिसंबर 2020 को 20 लाख, 11 अप्रैल 2019 को 20 लाख, 6 जुलाई 2019 को आठ लाख, 18 जुलाई 2019 को 13 लाख, 22 जुलाई 2019 को 10 लाख, 23 अक्टूबर 2019 को 10 लाख, 4 दिसंबर 2019 को 10 लाख, 9 दिसंबर 2019 को पांच लाख, 13 दिसंबर 2019 को पांच लाख, 29 जनवरी 2020 को दस लाख, 30 जनवरी 2020 को 15 लाख, 20 फरवरी 2020 को 30 लाख, 4 मार्च 2020 को दस लाख और 1 जुलाई 2020 को नौ लाख रुपये दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महादलित परिवारों के बीच कार्यपालक पदाधिकारी ने किया कंबल का वितरण



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 ग्राम खजुरी में निवास कर रहे महादलित परिवारों के बीच मंझिआंव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश कुमार भास्कर ने कड़ाके की ठंड से बचाव को लेकर कंबल का वितरण किया। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला ने महादलित परिवारों से सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हैं या नहीं जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि महादलित परिवारों को सरकारी योजना से जोड़ने हेतु त्वरित अग्रेतर कार्रवाई की गया तथा महादलित परिवारों को सरकारी योजनाओं से शीघ्र लाभान्वित करने के लिए आश्वासन दिया गया। वहीं मौके पर स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नजीर अमित कुमार पाठक तथा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर मनायी पेट्रोल पंप की पहली वर्षगांठ



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लातदाग गांव में नेशनल हाईवे किनारे स्थित शिवनंदन पेट्रोल फ्युल की पहली वर्षगांठ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर मनायी गयी। बुधवार को एक सादे समारोह के बीच मुख्य अतिथि थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर अजय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना जी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, आजसू पार्टी के नेता शंकर प्रताप विश्वकर्मा, समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता, झामुमो नेता विनोद प्रसाद उर्फ लाला जी के द्वारा करीब 70 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर अजय कुमार द्विवेदी द्वारा अपने संस्थान की पहली वर्षगांठ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर मनाया जाना प्रशंसनीय है। उन्होंने अन्य लोगों को भी ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जरूरतमंदों का सहयोगी बनना बड़ा ही पुण्य का काम है, यह सभी को करना चाहिए। उन्होंने पेट्रोल पंप का नामाकरण आपने पूर्वजों के नाम से करने के लिए भी अजय द्विवेदी की प्रशंसा की। मौके पर भाजपा नेता संजय भगत, आजसू नेता शंकर प्रताप विश्वकर्मा, प्रसाद गुप्ता आदि ने भी कंबल वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा की। इससे पहले प्रोपराइटर अजय कुमार द्विवेदी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ तथा अंग वस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी धनंजय मिश्र, पुष्कर मिश्र, शशीकांत दुबे, हरिहर द्विवेदी, अवध किशोर दुबे, रामनारायण दुबे, चंदू प्रसाद रजक, यशवंत सिंह, मनोज सिंह, धनंजय दुबे मृत्युंजय दुबे, रविंद्र सिंह, यशवंत सिंह, राम सिंह, संजय चौधरी, अंतू दास, चंदन पासवान, अनुराग द्विवेदी, मनोज पांडे, रविकांत तिवारी, सुरेश यादव, अयोध्या पासवान, केश्वर पासवान, जमुना यादव, नरेश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मकरी गांव में आग लगने से खलिहान में रखे धान जलकर हुए राख

**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के मकरी गांव में खलिहान में आग लगने से खलिहान में रखे धान जलकर पूरी तरह राख हो गये। मिली जानकारी के अनुसार मकरी गांव निवासी अखबार बिक्रेता लालू कुशवाहा अपने चार बीघे का धान दौनी करने के लिए खलिहान में रखे थे। मगर बीते मंगलवार की शाम लगभग चार से पांच बजे के बीच अचानक खलिहान में आग लग गयी, जिस कारण चार बीघे का धान जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए लालू कुशवाहा ने बताया कि बिलासपुर बाजार में अपनी पान की दुकान चला रहा था। इसी बीच लगभग पांच बजे शाम को फोन आया कि आपके खलिहान में आग लगी है। सूचना के बाद घर पहुंचने के बाद देखा कि खलिहान में आग लगी है और गांव के लोग आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। मगर आग इतना विकराल थी कि आग बुझाने का प्रयास विफल साबित हो रही थी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इससे पहले खलिहान में रखे साढ़े चार सौ धान का बोझा जलकर राख हो चुका था। स्थिति यह हो गयी कि पूरा परिवार भुखमरी के कगार पर खड़ा हो गया है। चिंता इस बात को लेकर बढ़ गयी है कि धान की खेती में कर्ज लेकर लगाया गया खर्च की भरपाई कैसे होगा। इसे लेकर चिंता सता रही है।

**खुलासा :** ग्रामीण डाक सेवक के लिये नौ लोगों ने फर्जी प्रमाण पत्र जमाकर नौकरी हासिल करने की कोशिश की

# फर्जी अभ्यर्थियों को खानी पड़ सकती है जेल की हवा

**श्री बंशीधर नगर के डाक निरीक्षक ने नौ अभ्यर्थियों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने का दिया है निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** फर्जी कागजात के बदले डाक विभाग में नौकरी का ख्वाब पाले अभ्यर्थियों को जेल की हवा खानी पड़ सकती है। मामला श्री बंशीधर नगर से जुड़ा है। डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के लिये नौ लोगों ने फर्जी प्रमाण पत्र जमाकर नौकरी हासिल करने की कोशिश की। कागजातों की छानबीन में इसका खुलासा हुआ है। श्री बंशीधर नगर के डाक निरीक्षक आशीष पांडेय ने फर्जी प्रमाण पत्र जमा करने वाले नौ अभ्यर्थियों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है।

**क्या है मामला :** भारतीय डाक विभाग की ओर से गत मई माह में श्री बंशीधर नगर अनुमंडल में 17 ग्रामीण डाक सेवक की बहाली के लिये वेकेंसी निकाली गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। आवेदन पत्रों की जांच के दौरान अधिक अंक वाले 17 अभ्यर्थियों का चयन किया गया था। अधिक अंक वाले चयनित 17 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच के दौरान नौ अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया जबकि दो अभ्यर्थियों ने स्वेच्छा से अपना आवेदन वापस ले लिया है। शेष छह अभ्यर्थियों का आवेदन सही पाया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**अभ्यर्थियों के फर्जी पाये गये अंक पत्र :** ग्रामीण डाक सेवक के लिये अभ्यर्थियों ने जिन संस्थानों से अपना प्रमाण पत्र जमा किया था वे जांच में फर्जी पाये गये हैं। डाक विभाग द्वारा जब अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की संबंधित संस्थानों से जांच करायी गयी तो मैट्रिक के अंक पत्र फर्जी पाये गये। अंक पत्र में कुछ अंक था। जबकि आवेदन वाले अंक पत्र में अधिक अंक दर्शाया गया था।




### इन अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र पाया गया फर्जी

1. अजय यादव पिता चंदू यादव
2. श्वेता कुमारी पिता सतीश कुमार मेहता, ग्राम मड़वनियां, थाना रमना।
3. रौशन कुमार पिता राजकुमार पासवान, ग्राम थाना रमना, जिला गढ़वा।
4. मो. शाहिद अंसारी पिता मुमताजी मियां, बभंडी, जिला पलामू।
5. सुबोध होरो पिता सिलबेस्टर होरो, चोरहट रामगढ़, जिला पलामू।
6. अमित रौशन पिता जगनारायण सिंह, तरारी, भागपुरा (बिहार)।
7. सुशील कुमार पिता चन्देश्वर राम, दाउदनगर, जिला औरंगाबाद (बिहार)।
8. धीरज कुमार पिता वीरेंद्र सिंह, काराकाट, विक्रमगंज, जिला रोहतास (बिहार)।
9. जय प्रकाश तिवारी पिता जितेंद्र नाथ तिवारी, बक्सर बिहार।

### क्या कहते हैं डाक निरीक्षक आशीष पांडेय

डाक निरीक्षक आशीष पांडेय ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक की बहाली के लिये प्राप्त आवेदनों की जांच में नौ अभ्यर्थियों का अंक पत्र फर्जी पाया गया है। वैसे अभ्यर्थियों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय के भीतर अपना पक्ष नहीं रखने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया जायेगा।

# उपायुक्त ने की विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा

**उपायुक्त ने सभी बीडीओ-सीओ के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से की वर्चुअली बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप के ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से वर्चुअली समीक्षात्मक बैठक संपन्न की। उक्त बैठक के तहत जिले के मुसहर परिवारों के सर्वे की अद्यतन स्थिति, कक्षा 9 से 12 तक के निर्गत जाति प्रमाण पत्र की अद्यतन स्थिति, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की अद्यतन स्थिति एवं न्यायालय से संबंधित वाद की अद्यतन स्थिति जैसी बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कक्षा 8 से 12 तक के सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त स्कूलों से आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। जिले में 9 परियोजनाओं के तहत परियोजनावार 41005 लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गांव-गांव में अभियान चलाकर 18 से 19 साल की छात्राओं का आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि कोई भी अध्यनरत छात्राएं इस योजना का लाभ लेने से वंचित ना हो सके। 15 दिसंबर 2022 तक आवेदन जमा कर चेक लिस्ट बनाने की बात कही गई। उक्त कार्य की सफलता हेतु निदेशक डीआरडीए एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा हर तीन दिन पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के साथ वीसी करने हेतु निर्देशित किया गया। समाज कल्याण पदाधिकारी को स्कूल वाइज प्रतिवेदन तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। सीएमईजीपी योजना की समीक्षा करते हुए अस्वीकृत आवेदनों की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन की मांग की गई। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत कल्याण एवं पशुपालन विभाग के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं अस्वीकृत आवेदनों की स्थिति के बारे में पूछा गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए इसके तहत मृत व्यक्तियों का सर्वेक्षण पूरा करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। जिन आवेदकों का गलत उम्र होने के कारण पेंशन आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं उनसे पुनः आवेदन प्राप्त कर उनके उम्र की जांच करते हुए योजना से लाभान्वित करने की बात कही गई। योग्य व्यक्तियों को पेंशन से जोड़ने हेतु जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। मनरेगा के तहत मानव दिवस को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं जूनियर इंजीनियरों को मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया एवं सभी लंबित बकाया भुगतान कराने की बात कही गई। नियमानुसार कार्य नहीं करने वाले वेंडरों की सूची बनाकर उन्हें ब्लैक लिस्टेड करने हेतु कहा गया। कल्याण विभाग के तहत प्राप्त होने वाले छात्रवृत्ति योजना की भी समीक्षा की गई। योजनाओं के सफल संचालन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ एवं बीपीएम को स्कूलवार तथा डीईओ, डीएसई एवं डीडब्ल्यूओ को अनुमंडल वार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करने का निर्देश दिया गया। राजस्व के तहत रेवेन्यू कोर्ट की समीक्षा की गई। सभी पेंडिंग केस को डिस्पोज करने की बात कही गई एवं कोर्ट की तिथि निर्धारित करने की भी बात कही गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बसे मुसहर परिवारों की दयनीय स्थिति को सुधारने के लिए सर्वे कर सभी सरकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। मुसहर परिवारों के सर्वे के दौरान आधार, राशन, पेंशन, बच्चों के स्कूल में नामांकन, आवास, जमीन, पेयजल, बिजली एवं पशुधन योजना आदि की व्यवस्था तथा आच्छादित करने हेतु निर्देश दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वनाधिकार समिति की बैठक करें। यदि गैरमजरूआ जमीन में मुसहर परिवार रहते हो तो बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास का लाभ देने हेतु प्रस्तावित करें। कक्षा 1 से 12 तक के लोगों का पेंडिंग पड़े जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु निर्देश दिया गया एवं 09 से 12 तक के लोगों का जाति प्रमाण पत्र शत-प्रतिशत डिस्पोज करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी गढ़वा उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को किया रवाना



**गढ़वा जिले से चयनित राज्य स्तरीय खेलो झारखंड 2022-23 के प्रथम चरण में भाग लेने के लिए कुल 68 प्रतिभागियों को खेलगांव, रांची भेजा गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने राज्य स्तरीय खेलो झारखंड 2022-23 के तहत हरी झंडी दिखाकर स्कूली बच्चों (खिलाड़ियों) को प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर खेलगांव, रांची रवाना किया। राज्य स्तरीय खेल का आयोजन दो चरणों में दिनांक 15 दिसंबर 2022 से 17 दिसंबर 2022 एथलेटिक्स हॉकी कुश्ती एवं कराटे (बालक एवं बालिका वर्ग) तथा 19 दिसंबर 2022 से 21 दिसंबर 2022 तक फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल और तीरंदाजी (बालक एवं बालिका वर्ग) खेल का आयोजन निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में चयनित खेल हेतु दिनांक 14 दिसंबर 2022 को जिला स्तर से चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय खेल में सहभागिता हेतु भेजा गया है। झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के तहत गढ़वा जिले से चयनित राज्य स्तरीय खेलों झारखंड 2022-23 के प्रथम चरण में भाग लेने हेतु कुल 68 प्रतिभागियों को खेलगांव, रांची भेजा गया है।

मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### फुटपाथ दुकानदारों को दुकान देने को लेकर नगर परिषद ने वेंडिंग जोन निर्माण की योजना बनायी है : पिंकी केशरी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के फुटपाथ दुकानदारों के लिए वर्ष 2023 में अच्छी खबर मिलने वाली है। इन्हें स्थाई दुकान देने को लेकर नगर परिषद ने शहर में वेंडिंग जोन का निर्माण कराने की योजना बनाई है। यह वेंडिंग जोन का निर्माण सदर अस्पताल के सामने निमार्णाधीन फुटबॉल स्टेडियम तथा बस स्टैंड,एंवम टंडवा पुल के बगल में टेम्पू स्टेण्ड के पास किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी ने कहा कि वेंडिंग जोन का निर्माण नहीं होने के कारण शहर में जगह-जगह फुटपाथ दुकान लगाए जाने के कारण लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या झेलनी पड़ती है तथा फुटपाथ की विक्रेताओ को भी परेशानी की सामना करना पड़ता है वेंडिंग जोन का निर्माण होने के बाद लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। वहीं फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोगों को एक स्थायी जगह मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन के तहत 60 दुकान का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन बनने के बाद दुकान लेने के लिए लोगों को आवेदन देना होगा। फुटपाथ दुकानदार नगर परिषद में जरूरी कागजात के साथ अप्लाई कर करेंगे। जबकि लॉटरी के आधार पर दुकान आवंटित किए जाएंगे। इस वेंडिंग जोन में शौचलाय की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन की कल ही निविदा निकली जा चुकी है। उसके बाद गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में वेंडिंग जोन का निर्माण कार्य निविदा की प्रक्रिया होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन के तहत बनने वाली दुकान का लाभ वैसे फुटपाथ दुकानदार को मिलेगा। जिनके पास भेंडर लाइसेंस नगर परिषद द्वारा बनाई गई है। ताकि दुकानदार वेंडिंग जोन के तहत बनने वाली दुकानों का लाभ ले सकें। इस तरह से अगले बार सब्जी वाले दुकानदार भाई बंधुओं के लिए भी 40 से 50 दुकान नगर परिषद में वेंडिंग जोन की स्कीम के तहत यह दुकानें बनाने की योजना है जिसमें कि उन्हें सब्जी बेचने का स्टैंड से लेकर के नीचे सब्जी रखने का स्टॉक इस तरह का दुकान 6 फीट बाई 8 फीट का बनाने का योजना है। अध्यक्ष ने कहा कि नगर परिषद के द्वारा हर क्षेत्र में विकास के सोच विजन रखी गई है जिसे कि हर हाल में पूर्ण की जाएगी।

**परेशानी :** बालू घाट नहीं खुलने से निजी व सरकारी काम करने में हो रही है परेशानी

# कांडी प्रखंड क्षेत्र में बालू के अभाव में अधूरे पड़े हैं आवास

**एक ओर राज्य सरकार पीएम आवास बनवाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है और दूसरी ओर बालू घाट बंद कर बैठी है**

अरुण कुमार चौबे





शशांक शेखर, भाजपा कार्यकर्ता



अजय कुमार दास, सीओ, कांडी

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र इन दिनों बालू की किल्लत से जूझ रहा है। वर्तमान समय में बालू घाट नहीं खुलने से बालू संबंधित निजी व सरकारी कई कार्यों को करने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में प्रखंड क्षेत्र के लोगों को घर बनाना लोहे के चने चबाने के समान साबित हो रहा है। कारण है बालू घाट नहीं खुलना।

हम बात करें झारखंड सरकार की तो सरकार राज्य वासियों के साथ दोहरी व्यवहार कर रही है क्योंकि एक ओर सरकार लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनवाने के लिए जागरूक कर रही है और दूसरी ओर बालू घाट बंद कर बैठी है। इस स्थिति में प्रखंड वासी बालू संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए अवैध रूप से बिक रहे बालू को औने-पौने दामों में लेने को मजबूर हैं। उसके बावजूद भी बालू नहीं मिल पा रहा है। हम बात करें प्रधानमंत्री आवास योजना की तो कांडी प्रखंड में सत्र 2016 से 2022 तक 9217 आवास की स्वीकृति मिली थी जिसमे 7579 आवास ही पूर्ण हो सके। शेष अभी भी 1638 आवास अधूरा पड़ा हुए हैं, जिसमें अधूरे रहने का सबसे महत्वपूर्ण कारण है बालू का अभाव।



पीएम आवास लाभुक शंकरी देवी



आवास लाभुक रामजी राम

**क्या कहते हैं लाभुक :** प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक शंकरी देवी, सीताराम रजवार, रामजी राम सहित दर्जनों लाभुक कहते हैं कि कई महीनों से काम लगा कर बैठे हुए हैं पर बालू के अभाव में कार्य रुका हुआ है कहीं भी बालू नहीं मिल रहा है कि घर में काम को आगे बढ़ा सकें।

**शशांक शेखर भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता :** बालू घाटों का टेंडर नहीं होने से निजी व सरकारी सभी कार्य बाधित हुए हैं, जो अत्यंत ही चिंता का विषय है। एक ओर सरकार जहां प्रधानमंत्री आवास योजना पाने वाले लाभुकों को जहां जल्द आवास पूर्ण करने को नोटिस कर रही है और दूसरी ओर बालू का टेंडर नहीं कर रही है ताकि लाभुकों को आसानी से सस्ते दामों में बालू मिल सके।

**क्या कहते हैं अंचलाधिकारी :** बालू घाट के टेंडर नहीं होने पर अंचलाधिकारी कांडी अजय कुमार दास ने चिंता जताते हुए कहा कि बालू का टेंडर नहीं होने से कई सारी योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जो बालू के अभाव में अधूरी पड़ी हुई हैं। जिला प्रशासन यह प्रयास में लगा हुआ है कि जल्द से जल्द बालू घाट का टेंडर कर लोगों की परेशानियों को दूर किया जा सके।

# आरके पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स टीचर्स मीट का आयोजन

**स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय के निर्देशन में सभी अभिभावकों के समक्ष कक्षा 6 के पीटी 3 का रिजल्ट भी घोषित किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** आरकेवीएस के सभागार में आर के पब्लिक स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय के निर्देशन में कक्षा 6 के सभी शिक्षक एवं संबंधित कक्षा के सभी अभिभावकों के साथ बैठक की गयी। इस बैठक में संबंधित कक्षा के सभी अभिभावकों के समक्ष पीटी 3 का रिजल्ट भी घोषित किया गया। इस अवसर पर संबंधित शिक्षक व सभी अभिभावकों से उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। स्कूल की तरफ से सभी अभिभावकों को सुझाव दिया कि वे अपने बच्चों को जंक/ फास्ट/ रैपर फूड, स्मार्टफोन और स्कूटी/बाइक से दूर रखें। बच्चों की डायरी नियमित देखें। बच्चों की डायरी दर्पण के समान है, जिससे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का पता चल जाता है। अभिभावकों से यह भी आग्रह किया गया कि वह अपने बच्चों की गतिविधियों और संगति पर नजर रखें। बच्चों के साथ समय व्यतीत करें और उनसे स्कूल की गतिविधियों की जानकारी लेकर समय-समय पर स्कूल को सूचित करें। अगर अभिभावक अपने बच्चों की डायरी और उनके कॉपी को नियमित चेक करना शुरू कर दें तो उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बैठक में उपस्थित डॉ पंकज प्रभात ने भी अपने विचार स्कूल व अभिभावकों के बीच रखे। उन्होंने कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी है, इसके लिए अभिभावक और स्कूल को ध्यान देने पर जोर दिया। आगे वे स्कूल द्वारा दिए गए सुझावों पर सहमति जताते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें फास्ट फूड, जंक फूड और रैपर फूड से दूर रखना चाहिए। ये सभी बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। स्कूल के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाएं जो समय-समय पर आयोजित की जाती हैं उसकी उन्होंने प्रशंसा की।

बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों ने स्कूल के सही मार्गदर्शन में बच्चों के सर्वांगीण विकास की बात को स्वीकार किया और स्कूल के द्वारा प्रदत्त शिक्षा व आयोजित अन्य गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अनुप कुमार पांडेय के द्वारा किया गया।

## किसानों के बीच निःशुल्क बीज का वितरण



**कैरो (लोहरदगा)।** झारखंड राज्य जलछाजन मिशन ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में बुधवार को प्रखण्ड मुख्यालय कैरो में किसानों के बीच उन्नत बीज चना, मटर, सरसो, गेहूं प्रति किसान 2 किलोग्राम कर के वितरण किया गया। बीज वितरण से सैकड़ों किसान लाभान्वित हुए। वितरण के मौके पर उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा सरकार के द्वारा किसानों के विकास को लेकर निःशुल्क बीज वितरण करना किसानों के आर्थिक स्थिति को मजबूती देने है मुखिया वीरेंद्र महली ने कहा जलछजन के द्वारा किसानों के विकास के लिए जल संचय, निःशुल्क बीज वितरण, सिचाई सुविधा प्रदान कर किसानों को मजबूती देने का जो प्रयास किया जा रहा है सराहनीय है। बीज प्राप्त कर किसान अच्छे से खेती करे और अपना आर्थिक स्थिति को मजबूती दे। मौके पर बिसंबर साहु, अनिता साहु, जल छाजन समिति के अध्यक्ष तीला उरांव एवं भारी संख्या में किसान करमचंद उरांव, सुनील उरांव, सुजीत उरांव, बबलू महली, विनोद रविदास आदि उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद के शौर्य संचलन के लिए बैठक



**लातेहार।** विश्व हिंदू परिषद लातेहार जिला का शोर्य संचलन हेतु बुधवार को लातेहार जिला मुख्यालय के समीप चटनाही में जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गयी बैठक के दौरान आगामी 24 दिसंबर 2022 के विधि व्यवस्था हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान विभागों का बंटवारा किया गया। इस बैठक में विभाग संगठन मंत्री विजय यादव जिला संगठन मंत्री कुलदीप सिंह जिला उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता कार्यक्रम के संयोजक अरूण साहू गोरक्षा प्रमुख उदय यादव, नीतीश कुमार यादव संजय तिवारी सुभाष तिवारी एवं बहुत बजरंगी उपस्थित हुए।

## बच्चों के बीच ड्रेस व पढ़ाई सामग्री का वितरण



**लातेहार।** मनिका प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमाही में दिन बुधवार को विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच ड्रेस, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, पेन, पेंसिल, कट्टर, समेत इत्यादि पढ़ाई सामग्री का वितरण किया गया। विद्यार्थियों के बीच सामग्री का वितरण विद्यालय के प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अख्तर अंसारी, प्रधानाध्यापक इंद्रदेव सिंह, सहायक अध्यापक सुरेश प्रसाद यादव, उप मुखिया कुंती देवी के द्वारा की गयी। मौके पर सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ कई लोग उपस्थित थे।

## सेन्हा में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत के जमीरा गांव से मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा अवैध बालू लाद कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। वही जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। और अग्रेतर कारवाई हेतु सहायक खनन पदाधिकारी लोहरदगा को सूचना दिया गया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र का भ्रमण के दौरान दक्षणी कोयल नदी से अवैध बालू परिवहन करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। जिसमें रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही साथ ही उन्होंने कहा जब्त ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं होने के कारण इंजिन नंबर एवं चेचिस नंबर के आधार पर कारवाई हेतु खनन विभाग एवं परिवहन विभाग को सूचनार्थ भेजा गया है।

## धनंजय पासवान बने सेन्हा के नये थाना प्रभारी



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना प्रभारी के नये थानेदार के रूप में मंगलवार को देर शाम धनजय कुमार पासवान ने लिया पदभार। तत्कालीन थाना प्रभारी ऋषिकान्त को कनीय पदाधिकारी के रूप में कैरो थाना में योगदान देंगे। पदभार ग्रहण करने के उपरान्त श्री पासवान ने कहा की थाने में आम जनता कभी भी मिल सकते है। साथ ही अपराध उग्रवाद के क्षेत्र में नकेल कसने का प्रयास किया जायेगा। वहीं धनजय पासवान सेन्हा थाना के दुबारा थाना प्रभारी बनाये गये है। इससे पहले सेन्हा थाना में 27 अक्टूबर 2019 से 11 जनवरी 2020 तक पदभार में रह चुके थे। जिसको लेकर क्षेत्र की काफी जानकारी है। वही पूर्व थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने कहा कि सरकारी विभाग का दस्तूर के अनुसार आना जाना तो लगा ही रहता है। वरीय पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार कार्य करते करना है। परंतु रह जाती है लोगों का स्नेह प्यार और यादगार बाते। प्रशासनिक कार्य का निर्वाहन करना और लोगों के बीच भय मुक्त वातावरण, शांति व्यवस्था बनाये रखना मेरा सार्थक कदम होगा।

## महिला थानेदार किरण को किया गया सम्मानित



**लोहरदगा।** कुम्हार समन्वय समिति लोहरदगा जिला इकाई के द्वारा जिलाध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के नेतृत्व में समाज का एक प्रतिनिधिमंडल लोहरदगा महिला थाना प्रभारी किरण पंडित से शिष्टाचार भेंट की। समाज की ओर से उन्हें बुके और शॉल देकर सम्मानित किया। संरक्षक राधेश्याम प्रजापति ने बताया कि किरण पंडित अपने ही समाज से आती हैं। जो झारखंड हजारीबाग पद्मा के रहने वाली है। वो महिला थाना प्रभारी के रूप में लोहरदगा में पदस्थापित है जो समाज के लिए गौरव की बात है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रेमकिशोर प्रजापति, सचिव नागेंद्र प्रजापति, संरक्षक वासुदेव महतो, कमल महतो, देव आनंद महतो, राधेश्याम प्रजापति, सचिव मृत्युंजय मधुप, उपाध्यक्ष अमर प्रजापति, संजय प्रजापति, दिलीप प्रजापति के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## मनोहर अभिव्यक्ति के तीसरे अंक का हुआ विमोचन

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाली त्रैमासिक पत्रिका मनोहर अभिव्यक्ति का विमोचन बुधवार को हुआ। विमोचन महाविद्यालय की प्रचार प्रसार प्रमुख रश्मि साहू, सह प्रमुख यशोदा कुमारी, पत्रिका के तीसरे अंक की संपादक नीतू कुमारी और सह संपादक कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। संपादक ने बताया कि महाविद्यालय के संस्थापक मनोहर लाल अग्रवाल की जयंती 10 दिसंबर के अवसर पर यह अंक उन्हें समर्पित किया गया है।

### छह सूत्री मांग को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# पल्लवी के हत्यारों को फांसी की मांग को लेकर निकाला विरोध मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन झारखंड के आह्वान पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन लातेहार के तत्वधान में बुधवार को लातेहार बाजारटाड से समाहरणालय तक विरोध मार्च प्रदर्शन किया गया। वही लातेहार भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य में लगातार हो रहे बलात्कार एवं हत्या के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तहत विरोध मार्च निकालकर बीआईटी मिश्रा की छात्रा बहन पल्लवी के हत्यारों की फांसी की सजा की मांग करती है। आगे कुमार ने कहा कि नाबालिक दलित लड़की पल्लवी की हत्या पर प्रशासन लीपापोती करते हुए गलत ब्यान बाजी जारी किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस का ब्यान है की पल्लवी और पियूष का प्रेम प्रसंग था। पल्लवी शादी का दबाव बना रही थी। उसी बीच झगड़ा करते समय रेलवे ट्रैक पर आ गये। फिर पियूष तिवारी द्वारा ट्रेन के सामने धक्का दे दिया गया जो सरासर गलत है। पल्लवी के स्वजनों का कहना है की पल्लवी को पियूष तिवारी और उनके अन्य तीन साथी के द्वारा अपहरण किया गया। फिर उसके साथ दुष्कर्म कर धारधार चाकू से मारकर उसे रेलवे लाइन के किनारे फेंक दिया गया। पियूष तिवारी द्वारा परिवार को फोन करके जाति सूचक गाली गलौज भी किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा चरण बद्ध आंदोलन किया जायेगा। इस केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो, इस केश में एसआईटी टीम ने गलत ब्यान जारी किया है जिससे परिवार संतुष्ट नहीं हैं। इसलिए सीबीआई जांच हो, पल्लवी के साथ आपहरण साहित बलात्कार भी किया गाया है। पुलिस इन सब मामलो को लीपा पोती करके सिर्फ मर्डर केस यानी धारा 302 पर कार्य कर रही है। इसलिए अपराधियो पर मर्डर सहित अपहरण, ब्लातकार और एससी व एसटी एक्ट भी लगायी जाए, पियूष तिवारी के अलावा पुलिस दूसरे अपराधियो की गिरफ्तार करने से कतरा रही है। सारे अपराधियो की गिरफ्तारी सुनिश्चित करे एवं परिवार को 50 लाख की मुवावजा राशि तथा एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान करे व परिवार को अपनी सुरक्षा के लिए एक बंदूक की लाइसेंस प्रदान करने की मांग करते हैं। इस दौरान उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम छह सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर रवि शंकर जाटव जाटव, फुलेश्वर जाटव, संजय राम, चंद्रदेव राम, जगजीवन राम, अवधेश कुमार, अखिलेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, अरविंद कुमार, मोहन कुमार रवि, रमेश राम समेत बड़ी संख्या में भीम आर्मी के सदस्य मौजूद थे।

### बिजली की आंखमिचौली फिर से शुरू, सीएम के जाते ही तू चल मैं आया का खेल जारी

# बिजली की लचर व्यवस्था से लोगों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विगत 12 और 13 दिसंबर का लोहरदगा जिला में खतियानी जोहार यात्रा को लेकर समीक्षा बैठक एवं क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित था। इसे लेकर सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों की रातों की नींद उड़ गई थी। परंतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा कार्यक्रम की समाप्ति होते ही फिर से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही बदस्तूर जारी देखने के लिए मिल रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री के लोहरदगा आगमन को देखते हुए बिजली विभाग की ओर से बिजली व्यवस्था पूर्ण रूप से किया गया था जिससे उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल देखने के लिए मिल रहा था। परंतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा से जाते ही एकबारगी फिर से बिजली व्यवस्था चौपट हो गया है। जिसका सारा श्रेय बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को जाता है। इधर सीएम हेमंत सोरेन के लोहरदगा से जाते ही जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूर्ण रूप से चौपट देखने के लिए मिल रहा है। एक कहावत है तू चल मैं आया ये कहावत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा से जाते ही बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों में फीट बैठता है। उल्लेखनीय है कि बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों में मुख्यमंत्री के लोहरदगा जिला में रहते भर खौफ और डर दिखाई दे रहा था लेकिन सीएम के रांची कुच करते ही बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों में रति बराबर भी खौफ व डर नहीं दिखाई दे रहा है और न ही मुख्यमंत्री के आदेशों का असर दिखाई दे रहा है। बताते चलें कि विगत दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोलेन के द्वारा बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से समीक्षा बैठक कर राज्य में गिरती बिजली व्यवस्था में यथाशीघ्र सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया गया था। बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार के बदले दिन ब दिन और भी चौपट देखने के लिए मिल रहा है। इससे साफ प्रतीत होता है कि बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को मुख्यमंत्री के आदेशों का भी कोई परवाह नहीं है यही वजह है कि लोहरदगा से मुख्यमंत्री के जाते ही बिजली की आंख मिचौली एक बार फिर से देखने के लिए मिल रहा है। इधर किस्को प्रखंड क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था से लोगों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता दिखाई दे रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो वृहद रूप से बिजली विभाग के विरुद्ध आंदोलन किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ

**लोहरदगा।** पर्यटन, कला-संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेश पर बुधवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ नदिया प्लस टू हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मार कर किया गया। पहला मैच बालक वर्ग में कुडू और सदर प्रखंड के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का समापन दिनांक 15.12.2022 को होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में देशभर में झारखंड का नाम है। आप मेहनत करें तो एक दिन मंजिल अवश्य मिलेगी।

### भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट 16 दिसंबर को निकालेगा विजय जुलूस

# भारतीय सेना की वीरता को याद करने का दिन है विजय दिवस : डॉ टी साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के संरक्षक, आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 का दिन भारतीय सेनाओं की वीरता को याद करने का दिन है। इस दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान सेना को धूल चटाया था और विजय का पताका लहराया था। इस दिन को पूरा देश गर्व से विजय दिवस के रूप में मनाती है। इस क्रम में लोहरदगा जिले के भूतपूर्व सैनिक संगठन द्वारा भी विजय दिवस मनाने की पूरी तैयारी कर ली गयी है। विजय दिवस के अवसर पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों में स्थापित शूरवीरों के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। इसकी शुरूआत स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया जायेगा। इसके बाद मोटरसाइकिल जुलूस के साथ पूर्व सैनिक शहर के विभिन्न चौक चौराहे का परिभ्रमण करते हुए समाहरणालय मैदान पहुचेंगे जहां सैनिकों के सम्मान में सभा का आयोजन किया जायेगा। वही सभा में विजय दिवस के बारे में लोगों को जानकारी दिया जायेगा।

### स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण कार्य और चल रही योजनाओं का निरीक्षण किया, गड़बडी का आरोप

# निर्माण कार्य अविलंब बंद हो : पूनम देवी

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा।** चंदवा में जिला परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष और चंदवा पूर्वी प्रतिमा देवी चंदवा पश्चिमी सदस्य सरोज देवी के द्वारा चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन निर्माण विभाग के द्वारा डीएमएफटी फंड से निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें एक करोड़ 82 लाख रुपए का योजना बताई जाती है। चंदवा की जनता के शिकायतों के बाद जिला परिषद के अध्यक्ष पूनम देवी उपाध्यक्ष अनीता देवी और सरोज देवी प्रतिमा देवी के द्वारा निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला परिषद के जिला चेयरमैन पूनम देवी के द्वारा पेवर ब्लॉक जो कार्य चल रहा है उसको उठाकर देखा तो पेवर ब्लॉक हाथ से ही टूट गया उसके बाद यह भी देखा कि पेपर ब्लॉक का साइज भी बहुत छोटा बनाया गया है। उसके बाद बाउंड्री वाल के तरफ निरीक्षण करने के दौरान देखा कि वहां पर पुराने बाउंड्री के ईट को हि नए बाउंड्री में लगाया जा रहा है। उसके साथ ही भवन निर्माण में भी बताया कि भवन के ऊपर एस्बेस्टस डाला गया है जो गर्मी के दिनों में मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और कहां की महिलाओं को डिलीवरी कराने के बाद दो-चार दिन रखी जाती है। जो उसी भवन में रखा जाएगा मैं पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तो पाई की जो भी कार्य चल रहे हैं उसमें भारी लूट दिखाई दे रही है। भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता के द्वारा चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लूट दिखाई दे रही है। जो बर्दाश्त करने योग नहीं है। इस काम को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाये। और इस योजना को जो निर्माण कार्य चल रहा है।

## जिला परिषद अध्यक्ष ने चंदवा प्रभारी को जोरदार फटकार लगायी

**जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में योजनाओं का निरीक्षण का कार्य चल रहा था निरीक्षण खत्म होने के बाद अध्यक्ष पूनम देवी उपाध्यक्ष अनीता देवी जिला परिषद सदस्य पूर्वी जिला परिषद सदस्य पश्चिमी चंदवा के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एनके पांडे से मिला और अपना परिचय दिया डॉ पांडे जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों के देखने के बावजूद भी अपना काम करते रहे। जिस पर जिला परिषद के अध्यक्ष और वहां मौजूद सभी सदस्य इनके कार्यशैली पर बिफर पड़े।**

## रामचंद्र सिंह के विरुद्ध थाने में डायन प्रथा का मामला दर्ज

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार के नेतृत्व में जोबांग थाना में डायन प्रथा के नामजद अभियुक्त रामचंद्र सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने इस संदर्भ में बताया कि अभियुक्त रामचंद्र सिंह पर जोबांग थाना कांड संख्या 18/22 धारा 341/323/504/ 506/509 आईपीसी 3/4 डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त रामचंद्र सिंह पिता स्व कली सिंह ग्राम पंचायत सीरम अंतर्गत ग्राम सागोंडीह थाना जोबांग का रहने वाला है जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इधर जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अंधविश्वास के चक्कर में पड़कर खुद और अपने परिवार वालों का जीवन बर्बाद करने से बेहतर होगा।

## जाम से निजात दिलाने का प्रयास

**महुआडांड़।** प्रखंड के मुख्य सड़क में आए दिन लगने वाली जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने बुधवार को आम सूचना जारी करते हुए टेंपो चालक और दुकानदारों को निर्देश दिया कि सभी वाहन चालक सड़क को अवरूद्ध न करते हुए यथोचित स्थान पर वाहन का पड़ाव करेंगे। साथ ही सभी दुकानदार अवैध अतिक्रमण को यथाशीघ्र हटाते हुए आवागमन को सुलभ बनाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बाजार क्षेत्र के कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर दिया जाता है। जिससे आम लोगो आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, साथ ही जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिससे निजात दिलाने के लिए आम सूचना जारी की गयी है। साथ ही उचित कारवाई हेतु सीओ और थाना प्रभारी को भी निर्देशित किया गया है। गौरतलब है कि दिसंबर के महीने में प्रखंड क्षेत्र में पर्यटकों का आवागमन बढ़ जाता है जिन्हे जाम में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## महुआडांड़ में बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल



**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआडांड़-लोध फॉल मुख्य पथ में बोलेरों दुर्घटनाग्रस्त होने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार महुआडांड़-लोध फॉल पथ में बोलेरो में सवार होकर कुछ लोग लोध फॉल से महुआडांड़ की ओर आ रहे थे। इसी दरमियान हामी नदी के पास बोलरो अनियंत्रित होकर पुल के बैरियर से टकरा गयी। जिसमे बोलरों चालक प्रतीक मिंज और सवार अनुराग तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था। वही मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पहुंच मामले की जानकारी ली।

## कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा



**बालूमाथ।** लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो पदयात्रा लगातार किया जा रहा है। 15 दिसंबर को बालूमाथ कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा चेतग पंचायत के ओलहेपात, डैनी टोला, उरांव टोला, इत्यादि जगहों पर किया गया। जिसमे मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी पप्पू पासवान प्रखंड अध्यक्ष मो आमिर हयात पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो जुबैर, प्रिंस खान, आकिब, जैनुल, बिनोद भुइयां, कमलेश, हब्बीबुल्लाह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल, एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के बालुमाथ चतरा मुख्य मार्ग पर बरनी पेट्रोल पंप के समीप दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में पति-पत्नी समेत चार घायल एक को किया गया। रिम्स रेफर आज मंगलवार की संध्या बेला में बालूमाथ पंप के पास दो बाइकों के बीच हुई रेपटक्कर में पंचायत के नवादा ग्राम निवासी सुरेंद्र भूईया उनकी पत्नी गीता देवी पुत्र रोहित कुमारी तथा पुत्र वंश कुमार शामिल है। जिन्हें स्थानीय लोगों कि सहयोग से बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए गए। जहां डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए घायल सुरेन्द्र भुइयां की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया।

## अशोक चौधरी को जदयू प्रभारी बनाये जाने पर जिला अध्यक्ष ने दी बधाई

**लातेहार।** जदयू ने राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए दो प्रदेशों का नया प्रभारी बनाया है। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को उत्तर प्रदेश व भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी को झारखंड जदयू का प्रभारी बनाये जाने पर लातेहार जिला अध्यक्ष निजामुद्दीन कुरैसी ने बधाई दिया। श्री कुरैसी ने कहा कि मंत्री अशोक चौधरी एक बहुआयामी और अनुभवी नेता एवं संगठन कर्ता हैं इनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा साथ ही जदयू झारखंड में इनकी अगुवाई में पार्टी काफी मजबूत होगा। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को साधुवाद दिया और कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का यह फैसला झारखंड राज्य में पार्टी की मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इनके कुशल नेतृत्व में झारखंड में पार्टी नयी ऊंचाइयों तक पहुंचेगी।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित के लिए किया गया भूमि पूजन



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के पोखरी खुर्द में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर किया गया भूमि पूजन। मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू ने की शिरकत। सर्वप्रथम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने का कार्य किया। इस दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने कहा भीमराव अंबेडकर राष्ट्र की धरोहर है। उनके सम्मान में कोई भी कमी आने नहीं दिया जायेगा। बाबासाहेब की प्रतिमा पूरे सम्मान व साज सज्जा के साथ स्थापित किया जायेगा। वही मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र राम दीपू तिवारी जयप्रकाश रजक स्थानीय समिति के लोग समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बैंकर्स समिति की बैठक में लिए गये कई निर्णय



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक बीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से लातेहार एलडीएम एवं प्रखंड के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवम 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में केसीसी लोन, पूर्व लिए गए लोन धारकों को सर्टिफिकेट केस करने, स्वरोजगार हेतु ऋण देने के संबंध में व्यापक विचार विमर्श किया गया। बैठक में केसीसी लोन के प्रति बैंकों को संजीदगी दिखाने का निर्देश दिया गया। ताकि सुखाड़ के मद्देनजर विशेष तौर पर किसानों को केसीसी लोन सुगमता उपलब्ध कराने की व्यवस्था हो ताकि किसानों को सिंचाई कार्य करने में सुविधा मिल सके। बैठक में अंचल में लंबित नीलाम पत्र वादों की समीक्षा की गयी है और सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि जितने भी सर्टिफिकेट केश लंबित हो उसे दायर करते हुए रिकवरी में तेजी लाने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी डिफॉल्टर से राशि वसूल हेतु अद्यतन सूची अंचल को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में शामिल 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने भी बैंक प्रतिनिधियों से केसीसी लोन सहजता से उपलब्ध कराने हेतु विचार विमर्श किया।

## बालूमाथ में अवैध कोयला लदा हाइवा जब्त



**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक अवैध कोयला लदा हाईवा जब्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की मंगलवार देर रात करीब 2:30 बजे उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक अवैध कोयला लदा हाइवा ओडी09पी3445 बुकरू से बालूमाथ की ओर आ रही है। सूचना के बाद एक टीम का गठन किया गया और बालूमाथ कोयला साइडिंग जाने वाले मार्ग में झारखंड ढाबा के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया। चेकिंग के दौरान हाइवा को पकड़ा गया। हालांकि पुलिस को देख हाइवा चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए हाइवा में करीब 22टन कोयला लदा हुआ है। जिसकी बाजार कीमत करीब एक लाख रुपए बताई जाती है। इस सबंध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 232/22 धारा 379, 411, 414 भादवी, 21 एमएमडीआर एक्ट, 30(2) कोल माइंस एक्ट, झारखंड मिनिरल रुल्स के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वही छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एसआई सुनील कुमार, बालूमाथ थाना के शस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना के ग्राम डांडकापू में रीना देवी पति विकास प्रसाद केशरी द्वारा बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति और आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि महिला की मानशिक सन्तूलन खराब थी। पूर्व में भी आत्महत्या की प्रयास कर चुकी थी। परिजनों ने बताया कि बच्चे और पति घर में नहीं थे तभी महिला द्वारा फांसी लगाया गया था। घटना की सुचना मिलते ही नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत दल बल के साथ गांव पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। वही उन्होंने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 15 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


# मुख्यमंत्री के शब्दों की जादूगरी के साथ कार्यक्रम में चली जेबकतरों के हाथों की जादूगरी

**व्यंग्य : आफताब अंजुम की कलम से**



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जब माननीयों का राजधानी छोड़ कर अन्य जिलों में प्रवास होता है तो वाकई सबका भला होता है। टेंट के मालिक साहित कुर्सी लगाने व दरी बिछाने वाले तक को रोजगार मिलता ही है, वहीं बडी बड़ी घोषणाएं, अच्छी अच्छी योजनाओं की सौगात आम जनता को मिलती हैं। अब देखिए न! पिछले 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री गुमला आये। किसी को योजनाओं की सौगात मिली, किसी को दो चार दिनों का रोजगार भी मिला। तो ऐसे में पाकेटमार कैसे वंचित रहते। आखिर उन्हें भी तो मुख्यमंत्री के आने का लाभ मिलना चाहिए। जिला मुख्यालय से लेकर घाघरा प्रखंड तक जहां जहां मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हुआ, जम कर पाकिटमारी चली। और चले भी क्यों न। मुख्यमंत्री तो सबके मुख्यमंत्री हैं। उनके आने का लाभ सबको मिला, तो पाकेटमार इस से वंचित कैसे रहते। अब आम लोगों का हाल क्या हुआ, ये सूचना तो हम तक नहीं आयी। मगर बताया गया कि जिला मुख्यालय में कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी और वरिष्ठ कांग्रेसी मुरली मनोहर प्रसाद की जेब पर जेबकतरों ने हाथ की सफाई दिखा दी। उसी प्रकार कांग्रेस के एक और नेता जी की जेब साफ कर दी गई। बेचारे शर्म से अपना नाम नहीं छापने का आग्रह कर रहे हैं। इसके बाद घाघरा से खबर आयी कि वहां जेबकतरों ने पत्रकारों को निशाना बना दिया। घाघरा के संवाददाता शशि भूषण साहू और शिशिर शर्मा की जेब काट ली गई। मुझे बताया गया कि शशि भूषण साहू की जेब से 6000 और शिशिर शर्मा के जेब से 20,000 रुपये उच्चकों ने उड़ा लिये। जैसे ही ये सूचना मुझे मिली मैंने फौरन अपनी जेब टटोली। खुदा खैर करे, मेरी जेब के 1230 रुपये सही सलामत थे। लंबी सांस ली, ऊपर वाले का शुक्रिया अदा किया। लेकिन शशि भूषण जी आप छह हजार रुपये लेकर कार्यक्रम में गए क्यों? शिशिर जी ने तो हद पार कर दी, वो 20,000 लेकर कार्यक्रम में पहुंच गये। अरे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कोई आर्केस्ट्रा थोड़े न होता है जो डांसर के ऊपर रुपये न्यौछावर करने की होड़ लगी हो। इस कार्यक्रम में तो सब लोग कुछ पाने के चक्कर में आते हैं भैया। शिशिर जी जितने पैसे आप लेकर गए थे, उतने तो कांग्रेसियों की जेब में भी नहीं थे। शिशिर जी अब लोग जेब में नहीं अकाउंट और तिजोरियों में पैसे रखते हैं। खैर चलिए आप जेसे लोगों के कारण ही जेबकतरों का परिवार चलता है। उनके बच्चों की दुआएं लगेंगी आप लोगों को। मगर एक बात तो है? मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जितने लोगों की जेबें कटी, सारे बड़े दयावान लोग हैं। मैं इतने दावे से इसलिए ये बात कह रहा हूं कि अगर दयावान नहीं होते तो कम से कम पुलिस में किसी एक ने तो रिपोर्ट दर्ज तो जरूर करायी होती। अब बात रह गई पुलिस की तो वह कार्यक्रम स्थल में मुख्यमंत्री की सुरक्षा देखे, या जेबकतरों की जादूगरी। क्योंकि जादूगरी तो दोनों ओर हो रही थी। मंच पर शब्दों की जादूगरी, तो दर्शक दीर्घा में जेबकतरों के हाथों की जादूगरी।

## दौरा : एशियन हेरिटेज फाउंडेशन के कौशल प्रयोगशाला का उपायुक्त ने किया भ्रमण, कहा

# एशियन हेरिटेज फाउंडेशन के कार्यक्रमों से जेएसएलपीएस की महिला समूहों को जोड़ें

> जिला प्रशासन हर नयी सोच एवं जिले के विकास के क्षेत्र में किये जाने वाले प्रयासों को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने को प्रतिबद्ध है

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने गुमला में कार्यरत एनजीओ एशियन हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा संचालित जिओ कौशल प्रयोगशाला का दौरा किया। उक्त संस्था स्थानीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण देती है। जिले में स्थानीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने तथा फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों को समझने के उद्देश्य से ही उपायुक्त ने प्रयोगशाला का दौरा किया। उपायुक्त ने वहां के आर्किटेक्चर को करीब से देखा साथ ही उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उपायुक्त ने संस्था के कार्य क्षेत्र को आगे बढ़ाने तथा जिले भर में संस्था को अन्य विभागों से संभव समन्वय प्रदान करने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि संस्था से जेएसएलपीएस की महिलाओं को जोड़ते हुए उनके कौशल विकास में सहायता ली जा सकती है। कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में पद्मश्री प्राप्त संस्था के फाउंडर ट्रस्टी राजीव सेठ्ठी द्वारा संस्था के उद्देश्यों के विषय में उपायुक्त को बताया गया। उन्होंने बताया कि एएचएफ संस्था द्वारा ट्राइबल कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने तथा स्थानीय महिलाओं के कौशल विकास तथा रोजगार की क्षमता के वृद्धि के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है।

उपायुक्त ने कहा कि जिले के अन्य महिला जो आगे बढ़ना चाहती हैं उनको भी यदि इस प्रकार की ट्रेनिंग प्राप्त हो जाए तो वे स्वयं ही आगे बढ़ कर अपने जीवन को एक नयी दिशा दे सकती हैं। जिले में पहले से ही बहुत सारी योजनाएं महिलाओं के कौशल विकास के लिये चलायी जा रही हैं। इन योजनाओं से संस्था को भी जोड़ने के विकल्पों पर चर्चा की गई।

उन्होंने संस्था की ओर से एक बेहतर कार्य योजना तैयार कर उपस्थापित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन हर नयी सोच एवं जिले के विकास के क्षेत्र में किये जाने वाले प्रयासों को सफल बनाने हेतु हर संभव सहायता प्रदान करने को प्रतिबद्ध है।

इस दौरान संस्था के फाउंडर राजीव सेठ्ठी, संस्था के संजय कुमार, कुंतल कुमार, मलय कुमार, संजीव साहा, प्रभु साहू, श्रेया गांगुली के अलावा अन्य उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू

> डूमरी और कामडारा के खिलाड़ियों ने गाड़ा झंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय राँची झारखंड एवं ज़िला प्रशासन गुमला के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय ज़िला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुवा। जिसका आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव एवं डीएसपी गुमला उपस्थित रहे। उपायुक्त द्वारा सभी विजेता एवं उपविजेता के टीम को मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

बालक वर्ग में फाइनल में डुमरी प्रखंड विजयी एवं बालिका वर्ग कामडरा प्रखंड विजयी रही।

जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक - बालिका) प्रतियोगिता 2022-23 के तहत बुधवार को बालिका वर्ग में संत पात्रिक उच्च विद्यालय के मैदान में संपन्न हुआ।

प्रथम मैच बसिया बनाम कामडरा जिसमें 1-0 से कामडरा विजयी रहा दूसरा सेमीफाइनल मैच सिसई बनाम गुमला जिसमें 2 -3 से गुमला विजयी रहा फाइनल मुकाबला गुमला बनाम कामडरा जिसमें 4-0 कामडरा विजयी हुए। बालक वर्ग में परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में फाइनल मुकाबला हुआ।

बालक वर्ग में पहला मैच- गुमला बनाम कामडरा जिसमें 1-0 कामडरा विजयी रहा दूसरा सेमीफाइनल मैच-डुमरी बनाम चैनपुर जिसमें 1-0 से डुमरी विजयी रहा फाइनल मौके डुमरी बनाम कामडरा जिसमें 2-0 से डुमरी विजयी रहा।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की एवं खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने उप विजेता की टीम से और मेहनत करते हुए आने वाले मुकाबले में जीत हासिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को जीत और हार को शालीनता से स्वीकार करने की आदत ही उन्हें एक बेहतर मुकाम हासिल करने में सहायता करती है। हार से सिख लेने वाले खिलाड़ी ही आगे बढ़ कर जीवन इतिहास रचते हैं। इसी के साथ उपायुक्त ने विजेता टीमों को उनके जीत के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि के अलावा जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, कोच- बीना केरकेट्टा, सतीश, पीटर, विबयानी, रिजवान अली, प्रदीप, आलोक, रेशमा, कुसुम, अनिता, निर्मला आदि उपस्थित थे।

# गाय और बकरी शेड में भारी अनियमितता की खबर छपने के बाद एसडीओ ने योजना स्थल की जांच की



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेलागढ़ा पंचायत में गाय शेड और बकरी शेड में भारी अनियमितता की खबर छपने के बाद उपायुक्त गुमला के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन के द्वारा योजनाओं की जांच हालमाटी गांव पहुंचकर की गयी। स्थल में योजना की जांच करने के दौरान लाभुकों से एसडीओ के द्वारा बातचीत कर जानकारी हासिल की गयी। जांच के दौरान उन्होंने अभिलेख की मांग की, जहां पर अभिलेख में मापी पुस्तिका नहीं थी। अभियंता स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे थे। बीपीओ अजय भगत भी बचाव करते नजर आये। प्रखंड विकास पदाधिकारी भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे थे। एसडीओ रवि जैन ने सभी योजनाओं की मापी करायी और गुणवत्ता को भी देखा। उन्होंने बकरी शेड और गाय शेड की योजना पूर्ण होने के बाद भी भुगतान नहीं होने के कारण काफी नाराजगी जतायी और कहा कि योजनाओं का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर हो, किसी का चेहरा देखकर ना हो और नहीं तो किसी भी कीमत पर दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। रिश्ता और चेहरा देखकर भुगतान करना भ्रष्टाचार का परिचायक है। उन्होंने योजना स्थल पर बोर्ड नहीं लगने पर भी नाराजगी जतायी। एसडीओ रवि जैन ने कहा कि इस पूरी जांच की रिपोर्ट उपायुक्त गुमला को सौंपी जाएगी और दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। जांच के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, बीपीओ अजय कुमार, सहायक अभियंता सत्येंद्र उरांव, कनीय अभियंता पंकज कुमार के अलावे कई लोग शामिल थे।

# बिहार के ईंट भट्ठे में बंधक हैं घाघरा के छह मजदूर

आजाद सिपाही संवाददाता



बंधक मजदूरों के परिजन

**गुमला।** जिले के घाघरा प्रखंड अंतर्गत पनवारी गांव के छह मजदूरों को बिहार राज्य के शाहपुरा जिला के एक ईंट भट्ठा मालिक के द्वारा बंधक बनाकर जबरन काम कराने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना यह भी मिल रही है कि उनके परिजनों से सात लाख रुपये मांगा भी जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मजदूर संघ सीएफटीयूआई के झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान ने बताया कि मजदूरों को बंधक बना कर जानवरों की तरह रखा जा रहा है और ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है। मजदूर नेता ने कहा कि उक्त ईंट भट्ठा मालिक का नाम अमित कुमार व रोशन कुमार है। जो जिला शेखपुरा के गांव ढोंसा में भट्ठा चलाते हैं। बताया जा रहा है कि अमीन प्रिया पिता छोटा करमी, पुनई उरांव पिता तेम्बु उरांव, बिक्री उरांव पिता एतवा उरांव, राजीव उरांव, मुन्ना उरांव पिता सुकरा उरांव को बंधक बनाया गया है। जो गांव बदरी करमटोली व पनवारी पंचायत बदरी थाना घाघरा जिला गुमला के रहने वाले हैं। इनके द्वारा मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान एवं महिला जिलाध्यक्ष गुमला सुनीता कुमारी को लिखित आवेदन देकर अपने पति, बेटों को छुड़ाने की गुहार लगायी है। यहां ये बताते चलें कि घाघरा प्रखंड के आसपास काफी संख्या में मजदूरों को ईंट भट्ठा भेजने वाले दलाल सक्रिय हैं। जिन्हें सरदार कहा जाता है। इन सरदारों की पहुंच बहुत दूर तक होती है। ये समाजसेवी, मजदूर नेता या पत्रकारों से नहीं डरते। क्योंकि इन्हें अपनी सेटिंग पर पूरा भरोसा होता है।

## कार्यक्रम : मां सर्वेश्वरी परिवार बिशुनपुर ने किया कंबल वितरण समारोह का आयोजन

# गरीबों को भोजन कराया एवं दो सौ कंबल का किया वितरण

> कार्यक्रम में मां सर्वेश्वरी परिवार ने सभी अतिथियों को शॉल भेंट कर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता





**बिशुनपुर।** मां सर्वेश्वरी परिवार बिशुनपुर के द्वारा बुधवार को थाना मैदान में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां सर्वेश्वरी समूह के गणेशराम महतो एवं पत्नी सरस्वती देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सदानंद सिंह, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, जिप सदस्य पवन उरांव, विशिष्ट अतिथि समाज सुधारक अनिल असुर एवं प्रखंड के दस पंचायत के मुखियाओं के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ भगवान अवधूत की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया।

मौके पर मां सर्वेश्वरी परिवार द्वारा सभी अतिथियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर 10 पंचायत के 200 गरीब असहाय दिव्यांग जनों के बीच कोरियन कंबल का वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया। मौके पर पवन उरांव ने कहा कि इन दिनों कड़ाके की ठंड पढ़ रही है। ऐसे में सर्वेश्वरी समूह के द्वारा कंबल वितरण किया जाना यह समाज के गरीब असहाय लोगों के लिए बहुत बड़ी मदद है। प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने कहा कि सरकार एवं प्रशासन अपनी ओर से ठंड को देखते हुए मदद पहुंचाती है परंतु अन्य संस्थानों को भी आगे आकर ऐसे कार्य करने चाहिए ताकि इस ठंड के मौसम में किसी भी गरीब असहाय व्यक्ति को गर्म कपड़े की कमी महसूस ना हो। थानेदार सदानंद सिंह ने मां सर्वेश्वरी परिवार के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से इस कड़ाके की ठंड में लोगों को बड़ी मदद मिलेगी।

**300 लोगों को कराया भोजन**

मां सर्वेश्वरी परिवार के द्वारा आयोजित कंबल वितरण समारोह में प्रखंड क्षेत्र से पहुंचे लगभग 300 गरीबों को भोजन कराया गया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो व पत्नी सरस्वती देवी ने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य है। इससे न सिर्फ गरीब अपनी भूख मिटाने के बाद दिल से आशीर्वाद देते हैं, बल्कि ऐसा करने वालों को भी आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होती है।

इस मौके पर पार्वती देवी, सुनीता देवी, रत्नी देवी, रामप्रसाद बड़ाईक, राजू भगत, जगमोहन महतो, भैरव महतो, श्यामलाल महतो, सुखदेव महतो, तुलसी साहू, आदित्य साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे

## हत्या के एक मामले में दो को आजीवन करावास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चंधरियावी की अदालत ने हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपितों में कामडारा प्रखंड के सुरहु पहानटोली निवासी राजेश सुरीन और मदन झोरा के नाम शामिल हैं। अदालत ने आरोपितों को आजीवन कारावास और 5 हजार 500 रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक अनिल पांडेय ने बताया कि यह घटना 18 मार्च 2019 की है। गांव के ही मार्शल सुरीन की गला रेतकर हत्या आरोपितों के द्वारा कर दी गई थी। मृतक का छोटा भाई इलियास सुरीन ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसमें कहा था कि दोनों शराब पिलाने के बहाने उसे ले गए थे और हत्या कर रेलवे लाइन के किनारे शव को फेंक दिया था। हत्या का कारण मृतक मार्शल सुरीन किसी लड़की से प्रेम करता था जबकि राजेश उसका विरोध करता था।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 सुपर चेक अभियान के तहत उपायुक्त ने बूथों का किया निरीक्षण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 सुपर चेक अभियान के तहत डीसी सुशांत गौरव ने 67 सिसई विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 79, रेड़वा व 57 कुलंकेरी का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंनलाईन भरे प्रपत्र 6,7,8 का ऑफलाईन फार्म और बीएलओ रजिस्टर का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने बूथ संख्या 57 के बीएलओ सुखनाथ भगत व पर्यवेक्षक संत कुमार की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए उन्हें कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएसओ गुलाम समदानी, बीडीओ सुनीला खलखो, एलीओ सुषमा तिर्की, जिला आपरेटर सौरभ कुमार, प्रखंड आपरेटर रवि शंकर, संबंधित मतदान केन्द्रों के बीएलओ व पर्यवेक्षक मौजूद थे।

### घाघरा में उपायुक्त ने की मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत ऑनलाइन किये गये प्रपत्रों की जांच



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत ऑनलाइन किए गए प्रपत्रों की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव द्वारा सुपर चेकिंग की गयी। इस क्रम में बंसरी गांव स्थित मतदान केंद्र 208 में ऑनलाइन किए गए प्रपत्र 6 में नये वोटर जोड़े गए पुनीता कुमारी के घर जाकर जानकारी ली। साथ ही आधार कार्ड शिक्षा से संबंधित दस्तावेज का वोटर कार्ड ऑनलाइन का मिलान किया गया। इसके साथ ही उपस्थित अन्य लोगों से उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा किशोरी समृद्धि योजना पेंशन संबंधित कई जानकारी ग्रामीणों से ली। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, वैसे लोग जिनका उम्र 18 वर्ष हो चुका है अपने पास के मतदान केंद्र में पहुंचकर अपना नाम जुड़वाएं। इस संबंध में सीओ प्रणव ऋतुराज ने बताया कि मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत ऑनलाइन किए गए प्रपत्रों का उपायुक्त गुमला द्वारा सुपर चेकिंग की गई है। इस मौके पर उपस्थित लोगों में उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ,संतोष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने अपूर्ण आवासों की समीक्षा कर नोटिस तामीला कराने को लेकर दिये निर्देश



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभाकक्ष में बुधवार को बीडीओ सुनीला खलखो के द्वारा अपूर्ण पीएम व बाबा साहेब अम्बेडकर आवास की समीक्षा सह नोटिस तामीला कराने को लेकर बैठक की गई। इस दौरान आवास राशि भुगतान होने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं कराने वाले लाभुकों व अधूरे पड़े आवास के लाभुकों को 10 दिनों के अंदर निर्माण कार्य को पूर्ण कराने और पहले किस्त का भुगतान लाभुकों को निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर चौकीदारों को नोटिस तामील कराने को लेकर नामवार नोटिस का वितरण किया गया। वहीं बीडीओ ने सभी संबंधित कर्मियों को आवास योजना में प्रगति लाने व स्वयंसेवकों को नोटिस तामीला में चौकीदारों का सहयोग करने को लेकर निर्देश दिया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख मीना देवी, सीओ अरुणिमा एक्का, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, आवास समन्वयक आलोक कुमार मिश्रा, ग्रामवार प्रतिनियुक्त कर्मी, सभी पर्यवेक्षक, पंचायत सेवक, जनसेवक, चौकीदार, रोजगार सेवक सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### थाना रोड की कई दुकानों में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण




**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानों में अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार ने निरीक्षण आभियान चलाया। लव कुमार के नेतृत्व में बुधवार को गुमला शहर के थाना रोड के विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें करीब पांच छह दुकानों में पदाधिकारी औचक निरीक्षण में पहुंच गए। उन्होंने दुकानों में रखी सामग्रियों की जांच भी की। जांच के क्रम में मंत्री स्टोर से चनाचूर का नमूना, चौरसिया ट्रेडर्स से नूडल का नमूना एवं वसीम चाउमिन ट्रेडर्स से टमाटर साऊस का नमूना जांच हेतु लिया गया है। सभी दुकानदारों को दुकान और आसपास के स्थानों को साफ सफाई रखने, नकली ब्रांड की चीजें नहीं बेचने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताया कि एफएसएसएआई का लाइसेंस लेना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर फूड सेफ्टी एक्ट 2006 के तहत कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण में लव कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, गुमला, अनुमंडल कर्मी पुष्पा कुजूर शामिल थे।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं फिट इंडिया पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# विज्ञान एवं तकनीक से दोगुनी होगी किसानों की आय : कृषि पदाधिकारी

**इंटीग्रेटेड फार्मिंग करने की आवश्यकताः सह निदेशक**

**कृषि में नई तकनीक, नए प्रभेद व मशीनी उपकरण के उपयोग से लागत कम और मुनाफा ज्यादा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** कृषि कार्य में तकनीक आवश्यक है, इसके जरिए वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने से किसानों को फायदा होगा और किसानों में खेती के प्रति रुचि जागृत होगी। किसानों को उचित सलाह देने के लिए यहां वैज्ञानिक भी सहजता से उपलब्ध हैं। पलामू कम बारिश वाला क्षेत्र है। ऐसे में बूंद-बूंद/ ड्रिप सिंचाई एवं फव्वारा विधि से सिचाई के माध्यम से फसलों में अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। ड्रिप सिंचाई के लिए सरकार से अनुदान भी दिए जाते हैं। यह बातें जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी ने कही।? वे आज केन्द्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, चियांकी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं फिट इंडिया पर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर कृषि पदाधिकारी ने किसानों के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष केंद्रीय सहायता योजना की जानकारी दी। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, चियांकी, पलामू के सह



निदेशक डॉ. डीएन सिंह ने किसानों को मडुआ, ज्वार, बाजरा, मक्का आदि मोटे अनाजों की खेती के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज की खेती कम पानी में संभव हो पाती है। इससे पशुओं को भी चारा मिल पाता है। पशुपालन भी आर्थिक आमदनी का बेहतर जरिया है। बकरी पालन तो यहां के पशुपालकों के लिए एटीएम की तरह है। उन्होंने इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, चियांकी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा सलाह दिये जाते हैं, इसका पालन करें, तो किसान कृषि कार्य में बेहतर कर पाएंगे। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने विषय प्रवेश कराते हुए सभी किसानों का स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास की जो बातें कही हैं उससे देश के किसानों में समृद्धि आएगी। श्री पुष्कर ने भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने परंपरागत खेती से अलग हटकर तकनीक आधारित खेती करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अर्थ का उपार्जन ज्यादा- से- ज्यादा हो, इसके लिए सभी किसानों को सोचना होगा। कृषि और वानिकी से ज्यादा लाभ हो सकता है। उन्होंने कृषि कार्य में नए-नए तकनीक को अपनाने की बातें कही। उन्होंने पलामू के परिप्रेक्ष्य में कहा कि पानी के अनुसार फसलों का प्रबंधन करें तथा सामूहिक और बड़े पैमाने पर खेती करें, ताकि अधिक आमदनी हो सके। कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि किसानों को अपनी खेती में बदलाव करना होगा। पलामू प्रमंडल में सेम की खेती बड़े पैमाने पर दिखती है। इसके लिए यहां के मौसम और मिट्टी दोनों उपयुक्त है। सेम की खेती व्यापक तरीके से की जाए, तो यह सेम के लिए बड़ा हो सकता है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लिए भी किसानों को प्रेरित किया, जिसके लिए कोई केमिकल की आवश्यकता नहीं होती है। कृषि विज्ञान केंद्र पलामू के वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि खेती में किसानों की आमदनी बढ़ेगी, तो उनका रुझान भी बढ़ेगा।

## नगर उपाध्यक्ष ने किया रिक्शा चालकों के बीच कंबल का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के वार्ड-2 में नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयास-ुद्दीन सिद्दीकी के आवासीय परिसर में बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया गया। मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने शहर के दर्जनों गरीब असहाय रिक्शा चालक व ठेला चालक के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गरीब असहाय की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए रिक्शा व ठेला चालको के बीच कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि ठंड में गरीब परिवार को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि शहर के लोगों के हर सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का कार्य करू। उन्होंने कहा कि सरकार के अलावा समाज के संपन्न लोगों को भी गरीब असहाय की सेवा में अपना योगदान देना चाहिए।उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा कभी बेकार नही जाती है।मौके पर लाभुक ढेमल साह, सुखदेव प्रजापति, कृष्णा चौधरी, चंद्रावती देवी, जसमतिया देवी, चंद्रदेव गुप्ता, रफीक कुरैशी, मदन चौधरी, नाशिम साह, शकील हाशमी, बसीर खां, हसबुन निशा आदि मौजूद थे।

## दंगवार ओपी पुलिस ने अवैध महुआ शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महुअरी गांव के समीप दंगवार पुलिस के द्वारा अवैध महुआ शराब निर्माण के विरुद्ध अभियान चलाकर भट्ठी को ध्वस्त किया गया। यह अभियान दंगवार ओपी प्रभारी चन्दन शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। इस संबध में ओपी प्रभारी चन्दन शर्मा ने बताया कि सुचना मिली थी कि महुअरी गांव के समीप बड़े पैमाने पर अवैद्य महुआ शराब निर्माण की भट्ठी संचालित हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ उक्त स्थान पर पहुँचकर अभियान शुरू कर दिया। पुलिस को उक्त स्थल पर पहुंचने से पहले ही उसमें संलिप्त लोग फरार हो गए। छापेमारी अभियान में लगभग पांच क्विंटल जावा महुआ,करीब बीस लीटर अवैध महुआ का शराब एवम इसके निर्माण में इस्तेमाल किया जाने वाला बर्तन एवम चूल्हा को पुलिस ने नष्ट कर दिया।दंगवार ओपी प्रभारी ने कहा कि अवैध महुआ शराब निर्माण के विरुद्ध पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मौके पर दंगवार ओपी प्रभारी चन्दन शर्मा के अलावे हवलदार कपरदार, आरक्षी आरिफ आलम, राजेंद्र मेहता आदि मौजूद थे।

## अजाप्टा के शिक्षक नेताओं ने पलामू डीएसइ का किया स्वागत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अजाप्टा जिला महासचिव अमरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुसैनाबाद प्रखंड सचिव निर्मल कुमार, कार्यकारिणी सदस्य धुरेंद्र पटेल, डॉक्टर कामेश्वर पासवान,हैदरनगर सचिव अरुण कुमार ने पलामू डीएसई मनोज कुमार से उनके कार्यालय कक्ष में भेंट कर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।मौके पर शिक्षक नेताओं ने कहा कि लंबे समय से वांछनीय ग्रेडों में प्रोन्नति अवरुद्ध है जिसका प्रतिकूल असर पठन-पाठन पर पड़ रहा है।शैक्षणिक वातावरण बनाने में सहयोग की अपील की,इसपर डीएसई ने कहा कि ससमय सभी काम निष्पादित होंगे। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी मानदंडों को पूरा किया जायेगा।राशि के अभाव में मीड डे मील बंद नहीं होगा,अगर इसकी सूचना मिलती है तो उसे चालू रखने के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा। मोहम्मदगंज प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाली बंद होने की सूचना पर बिफरे दिखे और दूरभाष पर प्रधानाध्यापक से बात कर सभी गतिरोध को दूर करते हुए मीड डे मील चालू करवाया।साथ ही शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर उनके स्तर से सभी आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

## हैदरनगर ब्लास्टर ने विजेता बनकर स्व. अंशु अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के गुलबाग खेल मैदान पर आयोजित एचपीएल में स्व0 अंशु अग्रवाल की टीम हैदरनगर ब्लास्टर ने छतरपुर को हराकर मैच का विजेता बनकर स्व0 अंशु अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी है। विदित हो कि विगत माह हुसैनाबाद के प्रबुद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी का आकस्मिक निधन हो गया था।गुलबाग खेल मैदान में आयोजित एचपीएल मे हैदरनगर ब्लास्टर की टीम को समाजसेवी के मित्र सह वार्ड-9 के पार्षद नजीर अहमद ने अंशु अग्रवाल के नाम पर टीम को खरीदा था जो सोमवार को फाइनल मुकाबले में विजेता बना।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद बिधायक कमलेश कुमार सिंह ने समाजसेवी की पुत्री प्रिंशु अग्रवाल व उनकी विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया।मौके पर अंशु अग्रवाल टीम के मालिक नजीर अहमद ने कहा कि हैदरनगर ब्लास्टर की जीत स्व0 अंशु अग्रवाल को श्रद्धांजलि के साथ समर्पित है।उन्होंने कहा कि समाज के लिए उनका समर्पण और गरीब असहाय की सेवा में उत्कृष्ट योगदान अविस्मरणीय है।उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्य आज हमे भी समाज के लिए कुछ बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है।

## रेहला ग्रासिम में मनाया गया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह

**ऊर्जा का संरक्षण निजी जीवन में बहुत ही जरूरी है : अजीत तिवारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर ।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पिछले एक सप्ताह से मनाया जा रहा है ।ऊर्जा संरक्षण जागरूकता अभियान कारखाना परिसर में किया गया। इस कायर्क्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, कमचार्रीगण, बच्चें, संविदाकर्मियों ने भाग लिया। साथ ही साथ कारखाना परिसर में ऊर्जा संरक्षण हेतु सप्ताहिक कायर्क्रम का आयोजन भी किया गया जिसके तहत इस कायर्क्रम को सफल बनाने हेतु विभीन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्वीज, स्लोगन पोस्टर एवं संस्थान परिसर में एक सप्ताह तक ऊर्जा संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा का संरक्षण किया जा सके । विदित हो कि 14 दिसम्बर को भारत सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है जो भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अंतगर्त आयोजित किया जाता है । राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस भारत में सन् 1991 से मनाया जा रहा है । आज कारखाना परिसर में ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि ऊर्जा का संरक्षण निजी जीवन में बहुत ही जरूरी है। ऊर्जा के स्रोत धरती पर बहुत ही सीमित मात्रा मे बचा हुआ है इसको आने वाले पीढ़ी के लिए संरक्षण करना बहुत जरूरी है। कम से कम ऊर्जा का खपत हम अलग अलग तरीके से कर सकते है जैसे कि अनावश्यक बिजली का खपत, अनावश्यक इंधन;तेल की खपत करना। आप ऊर्जा का उचित प्रयोग करे जहां जरूरत हो वहां वैकल्पिक तरीको का इस्तेमाल कर इसका को संरक्षण करें। आप सभी को ज्ञात है कि हमारे देश में मात्र 110 वर्षों के लिए ही कोयला का भंडार बचा हुआ है इसको बचाने हेतु अभी से नये नये तकनीक के द्वारा खपत को कम करना होगा ताकि आगे आने वाले पिढ़ियों के लिए हम ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा का संरक्षण कर सके। अगर हम अभी से हम सभी इसका संरक्षण नही करेंगें तो आने वाले पिढ़ियों के लिए हम क्या छोड़ कर जायेगें। श्री तिवारी ने कहा कि ग्रासीम परिवार के सदस्यों से यही कहना चाहूंगा कि अगर हम सभी इसी तरह प्रकृति का दोहन करते रहेंगे तो अपने आने वाली पिढ़ियों को क्या संदेश देंगें। हम अपने कारखाना ऊर्जा बचत के मानकों के अनुरूप संरक्षित कर एक मिशाल कायम करे। इस अवसर पर पावर प्लांट प्रमुख दीपक शर्मा ने कहा कि आधुनिक समय में ऊर्जा का हमारे जीवन मे अत्यन्त महत्व है।हम सभी कार्यरत कमर्चारियों और उपस्थित लोगों से कहना चाहूंगा कि अपने दैनिक जीवन मे ऊर्जा संरक्षण हेतु आवश्यक कदम उठाने होंगे तभी हम इसका संरक्षण कर सकते है। इस कायर्क्रम का संचालन सूरज पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर दिनेश पाण्डेय, आनंद किशोर, प्रणव पांडा, सुजित सिंह, अशोक सिंह, विक्रम मणी आदि कमचारी एवं संविदाकर्मी उपस्थित थे ।

## 31 करोड़ की रोड बनते ही उखड़ने लगी और पूर्व विधायक संवेदक के संरक्षक बने है : डां एसबीपी

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही) ।** पांकी लेस्लीगंज-मेदिनीनगर सड़क गुणवतापूर्ण कार्य नही होने के कारण विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने 13 दिसम्बर को लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत बसौरा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था। मौके पर जांच टीम भी पंहुची सड़क में गड़बड़ी भी पाया गया। विधायक डां मेहता ने विभाग के अधिकारियों को गड़बड़ी के सुधार हेतु मांग पत्र सौंपा। राज्य सरकार ने तत्काल सड़क से सम्बंधित अधिकारियो के जांच के लिए भेजा गया। जांच टीम के ऊपर पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने अपने चहेते ठिकेदार के पक्ष में पदाधिकारियों एवं विधायक डॉ मेहता के कार्यकर्ताओ के साथ अभद्र व्यहार किया गया। मौके पर विधायक डॉ



मेहता ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों के द्वारा जनता के आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा था। इन लोगो ने वर्षो तक दमन और गुंडागर्दी के द्वारा जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा कि इसी सामंतवादी सोच भ्रस्टाचार और दमन के खिलाफ मैं जानता की लड़ाई लड़ते आया हु और लड़ता रहूंगा। विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे सिर्फ विधायक ही नही चौकीदार भी बनाया है। जनता का सेवक होने के नाते उनके साथ अन्याय कभी नही होने दूंगा।

## लोग घूम-घूम कर अपनी कमियां दिखा रहे हैं : महापौर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** अंबेडकर तालाब के बीच दीनदयाल मार्ग खोलने का रास्ता प्रशस्त हो चुका जिससे जेल हाता की ओर रहने वाले नागरिकों को बाजार आना जाना सुलभ हो जाएगा। यह मार्ग पूर्व के कार्यकाल में जब अंबेडकर पार्क का नक्शा पारित किया गया था उस नक्शे में रास्ता को बंद कर दिया गया था जिसके कारण निगम को मजबूरन दीनदयाल मार्ग को बंद करना पड़ा। मोहल्ले वालों ने वार्ड पार्षद धीरेंद्र पांडे के साथ महापौर करुणा शंकर से मिलकर आवागमन में हो रही तकलीफ की जानकारी दी थी। महापौर अरुणा



शंकर ने मोहल्ले वालों को अस्वस्थ किया था कि किसी भी परिस्थिति में मार्ग खुलेगा लेकिन अचानक चुनाव की घोषणा होता देख सारा काम निगम का थम सा गया। कल महापौर ने चुनाव स्थगन के बाद अपनी पहली बोर्ड बैठक में ही दीनदयाल मार्ग का 4 फीट गेट खोलने हेतु एजेंडे में लाकर सर्वसम्मति से पारित करते हुए गेट खोलने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। इस संबंध में महापौर ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि जो लोग इस रास्ते को बंद करते हुए सरकार को नक्शा पारित कर भेजे थे वही लोग इसे चुनावी मुद्दा भी बना रहे थे। महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य है जो लोग बैंड, बाजा,बाराती के साथ जगह-जगह घूम कर नली-गली दिखा रहे वह मेरी नहीं अपनी कमियों को दिखा रहे है अगर वे अपने 5 साल के कार्यकाल में यह सब काम किए होते तो निगम क्षेत्र की स्थिति कुछ और होती।

## पलामू उपायुक्त नीलाम पत्र वाद के मामलों में वसूली को लेकर हैं सक्रिय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे नीलाम पत्र वाद के मामलों में वसूली को लेकर सक्रिय है जिसका प्रतिफल है कि अक्टूबर व नवंबर माह में दो करोड़ रुपये की वसूली की गयी है। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष में धारा 7 के तहत दो माह में 2043 सर्टिफिकेट दर्ज कर संबंधित डिफॉल्टरों को नोटिस भी भेजा गया है। जिले में अब तक कुल 2282 डिफॉल्टरों के खिलाफ कुर्की का नोटिस दिया गया है।

**एलडीएम व नीलाम पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर सभी वादों का निष्पादन सुनिश्चित करें : उपायुक्त**

उपायुक्त श्री दोड्डे ने जिला नीलाम पदाधिकारी व एलडीएम को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी प्रकार के वादों को त्वरित गति से निष्पादन हेतु निर्देशित किया है। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला नीलाम पदाधिकारी कपिल देव ठाकुर ने भी सक्रियता दिखाते हुए रजिस्टर 9 व 10 का मिलान को लेकर विभिन्न बैंकों के साथ तिथि का निर्धारण कर दिया गया है। वहीं डिफॉल्टरों के विरुद्ध कुर्की जब्ती व वारंट भी निर्गत किये जा रहें हैं।

**राजस्व को बढ़ाने व वादों की संख्या को कम करने की दिशा में काम करें : उपायुक्त**

उपायुक्त श्री दोड्डे ने नीलाम पदाधिकारी को राजस्व बढ़ाने व वादों की संख्या को कम करने की दिशा में कार्य करने को लेकर निर्देशित किया है। ज्ञातव्य है कि उपायुक्त के पदस्थापन के बाद नीलाम वाद विभाग में राजस्व वसूली में तेजी आयी है जिसके तहत अक्टूबर में 38 डिफॉल्टरों से एक करोड़ 12 लाख 71 हजार व जबकि नवंबर में 35 डिफॉल्टरों से 79 लाख रुपये की वसूली की गयी है साथ ही डिफॉल्टर लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों का निष्पादन करवा रहें हैं।

# स्पोर्ट्स



**फीफा वर्ल्ड कप : क्रोएशिया को हराकर अर्जेंटीना फाइनल में**

## भारत-बांग्लादेश टेस्ट : पहले दिन का खेल खत्म भारतीय टीम ने 6 विकेट पर बनाए 278 रन

**चट्टोग्राम।** बांग्लादेश के खिलाफ यहां खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 6 विकेट पर 278 रन बना लिए हैं। श्रेयस अय्यर 82 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि चेतेश्वर पुजारा ने बेहतरीन 90 रनों की पारी खेली। इस मुकाबले में टॉस जीतकर भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत को कप्तान केएल राहुल और शुभमन गिल ने सधी शुरूआत दिलाई। हालांकि यह जोड़ी ज्यादा दूर तक नहीं जा सकी और 41 के कुल



स्कोर पर गिल 20 रन बनाकर तइजुल इस्लाम का शिकार बने। इसके बाद 45 के कुल स्कोर पर खालेद अहमद ने केएल राहुल को बोल्ड कर भारत को दूसरा झटका दिया। राहुल ने 22 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर तइजुल इस्लाम का दूसरा शिकार बने। 112 के कुल स्कोर पर पंत 46 रन बनाकर मेंहदी हसन मिराज की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद श्रेयस अय्यर और पुजारा ने भारतीय पारी को संभाला और टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। पुजारा और अय्यर के बीच पांचवें विकेट के लिए 149 रनों की साझेदारी हुई। तइजुल इस्लाम ने पुजारा को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। पुजारा ने 90 रन बनाए। पुजारा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए अक्षर पटेल ने 14 रन बनाए और दिन की आखिरी गेंद पर आउट हुए। उन्हें मेंहदी हसन मिराज ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। श्रेयस अय्यर 82 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत ने दिन का खेल खत्म होने पर 6 विकेट पर 278 रन बना लिए हैं। बांग्लादेश की तरफ से तइजुल इस्लाम ने 3, मेंहदी हसन मिराज ने 2 और खालेद अहमद ने 1 विकेट लिया।

## फीफा विश्वकप फाइनल के बाद संन्यास लेंगे अर्जेंटीना के लियोनल मेसी

**लसेल ।** अर्जेंटीना ने फीफा विश्वकप 2022 के फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने सेमीफाइनल मैच में क्रोएशिया पर शानदार जीत दर्ज की । अब फाइनल मैच से ठीक पहले बड़ी खबर सामने आई है. अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी और कप्तान लियोनल मेसी फीफा विश्वकप 2022 के फाइनल मैच के बाद संन्यास का ऐलान कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मेसी ने संन्यास लेने की बात की पुष्टि की है। मेसी अपने करियर का आखिरी विश्वकप खेल रहे हैं। मेसी ने कहा, ह्वमैं इस बात को लेकर खुश हूं कि विश्वकप का सफर फाइनल मैच में



खेलने के साथ खत्म करूंगा। अगला विश्वकप काफी वक्त के बाद आएगा और मुझे नहीं लगता है कि तब तक मैं यह कर पाऊंगा. इस तरह से फिनिश करना बेस्ट है.ह्व अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में मंगलवार की देर रात क्रोएशिया को 3-0 से हरा दिया। मैच के हीरो जूलियन अल्वारेज रहे। जूलियन ने 2 और लियोनल मेसी ने एक गोल दागा ।

**करियर की शुरूआत साल 2005 में की थी**

मेसी के करियर की बात करें तो वह शानदार रहा है। उन्होंने अर्जेंटीना के लिए अभी तक 171 मैच खेले हैं और इस दौरान 96 गोल किए हैं। उन्होंने इस साल अपनी टीम के लिए 9 मैच खेले हैं और 16 गोल किए हैं. मेसी ने 2021 में 16 मैच खेलते हुए 9 गोल किए थ । उन्होंने अर्जेंटीना के लिए इंटरनेशनल करियर की शुरूआत साल 2005 में की थी ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस ने बनाया नया कीर्तिमान



बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस की टीम ने पहली बार चार फर्नेस के परिचालन से 15015 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पहले ब्लास्ट फर्नेस के कर्मियों ने 27 मार्च 2022 को चार फर्नेस के परिचालन से 14912 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर रिकॉर्ड बनाया था। इस सिलसिले में 14 दिसंबर को बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ ब्लास्ट फर्नेस जाकर टीम ब्लास्ट फर्नेस को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। अमरेन्दु प्रकाश ने ब्लास्ट फर्नेस के अधिकारियों एवं कर्मियों को आने वाले समय में भी बेहतर प्रदर्शन के इस सिलसिले को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) अनिल कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सीइडी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) वीके सिंह, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) महेंद्र प्रसाद, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) गुलशन कुमार आदि उपस्थित थे।

### कृषि संबंधित योजनाओं को मूर्त रुप देने वाली आत्मा मरने की कगार पर : मोतीलाल



बोकारो (आजाद सिपाही)। विगत 10 वर्षों से आत्मा में कार्यरत कर्मी केंद्र एवं राज्य सरकार से संबंधित कृषि एवं संबंधित विभाग के योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए अथक रूप से कार्य कर रहे हैं। कृषि विभाग की सभी योजनाओं को सफल बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आत्मा कर्मी एटीएम बीटीएम कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल, लिपिक, रात्रि प्रहरी को विगत 10 माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है जिससे आत्मा कर्मियों का गुजर बसर एवं क्षेत्र भ्रमण कार्य करने में बाधा आ रही है। झारखंड जैसे कृषि प्रधान राज्य में कृषि कर्मियों के प्रति विभाग की उदासीनता कहीं न कहीं सरकार एवं उच्च पदाधिकारियों की कथनी और करनी में अंतर दिखाता है। कृषि के प्रति इतनी उदासीनता विकसित झारखंड का सपना देखने वालों के लिए एक कुठाराघात है। इन्हीं समस्यायों को लेकर बोकारो जिले के सभी आत्मा कर्मी बबलू सिंह, मोतीलाल रजक, राजन मिश्रा, अरुण कुमार, हर्षवती लागुड़ी, खुशबू कुमारी और गोमती कुमारी ने जिला कृषि पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए मानदेय भुगतान की अपील की है।

### बकाया वेतन और नियोजन को लेकर पूर्व कर्मी ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र में संचालित अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी में नियोजन और बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर पूर्व कर्मी अख्तर हवारी ने भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। अख्तर हवारी ने 13 अक्तूबर को आउटसोर्सिंग कंपनी के परियोजना में आत्मदाह करने का भी प्रयास किया था, जिसे बाघमारा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर रोक लिया और अख्तर हवारी को पूरे परिवार के साथ हिरासत में लेकर दिनभर थाने में रखने के बाद छोड़ा था। एक बार फिर से अख्तर हवारी ने भूख हड़ताल पर जाने का निश्चय किया है। अख्तर ने कहा कि जब तक मांग न पूरी हो जाय तब तक अपनी बेटी के साथ रणधीर वर्मा चौक पर भूख हड़ताल पर रहूंगा। अख्तर ने धनबाद डीसी को पत्र के माध्यम से कहा है कि अगर उसकी मांग को 14 दिनों के अंदर पूरा नहीं किया गया तो बेटी के साथ 15 वे दिन भूख हड़ताल पर बैठ जाएगा। कहा की एक जनप्रतिनिधि के निर्देश पर 10 फरवरी 2017 को आउटसोर्सिंग कंपनी से बाहर निकाल दिया गया था। तब वहां चालक के पद पर था। कंपनी ने उसका बकाया वेतन का भुगतान भी नहीं किया था। अख्तर ने कहा की टर्मिनेट हो चुकी आउटसोर्सिंग कंपनी शैली में एक माह 13 दिन के वेतन और सीएमपीएफ और अंबे कंपनी में आठ महीने के बकाया वेतन की मांग को लेकर लंबे समय से गुहार लगा रहा है। लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हुआ है।

### समाजसेवी मरहूम इकबाल की याद में कंबल वितरण




कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास श्यामडीह मुसलिम टोला में समाजसेवी इकबाल अंसारी की याद में बुधवार को कंबल वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के संस्थापक दीप नारायण सिंह ने कहा कि मरहूम इकबाल एक अच्छे इंसान थे। समाज व गरीब हित के लिए हमेशा तत्पर थे। आज उनके चालीसवां पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसकी शुरूआत इकबाल अंसारी की पत्नी सालेहा बीबी व निचितपुर पंचायत-1 के मुखिया उषा देवी ने किया और सैकड़ों गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन सूराज सिंह ने किया। इस मौके पर मुखिया पति रामसुंदर दास, जमशेद अंसारी, मो सब्बीर अंसारी, मो इम्तियाज खान, सूफी समसुद्दीन अंसारी, सदर इस्राइल अंसारी, पूरण दास, मोहम्मद समसुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

धनबाद सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने सुनाया फैसला

# 11.6 करोड़ घोटाला मामले में बीसीसीएल के पूर्व सीएमडी सहित आठ को जमानत

**साल 2017 में चाइना की कंपनी से रोड हेडर मशीन की खदीरादी में हुई थी धांधली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** वर्ष 2017 में बीसीसीएल की ओर से चाइनीज कंपनी से रोड हेडर मशीन की खरीदारी में प्रबंधन को 11.6 करोड़ का चूना लगाने वाले चर्चित मामले में बुधवार को बीसीसीएल के पूर्व सीएमडी टीके लाहिड़ी, रुद्रजीत दास गुप्ता, पूर्व डीटी डीसी झा, केसरी किशोर शरण सिन्हा, गिरिजा उपरेती, आलोक मंडल, मदन मोहन मिश्रा, प्रदीप कुमार चक्रवर्ती ने अदालत में आत्मसमर्पण किया था। धनबाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता समर श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव सिद्धार्थ शर्मा, मनोज सिन्हा, दीप नारायण भट्टाचार्य ने दलील देते हुए कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय ने अग्रिम जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है। लिहाजा उन्हें बंध पत्र दाखिल करने की अनुमति दी जाए। उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में अदालत ने आरोपियों को बंधपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया और उन्हें जमानत पर मुक्त कर दिया।



जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आते पूर्व सीएमडी व अन्य।

### ये है मामला

बताते चलें कि चार साल की जांच के बाद सीबीआइ की भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने रोड हेडर मशीन की खरीदारी में हुए घोटाले का पदार्फाश करते हुए पूर्व सीएमडी टीके लाहिड़ी समेत आठ अधिकारियों, चाइनीज कंपनी और कंपनी के भारतीय एजेंट समेत 17 लोगों के खिलाफ 23 सितंबर 2021 को आरोप पत्र दायर किया था। सीबीआइ ने चार वर्ष पूर्व अधिकारियों को क्लीन चिट दी थी। पर दो दिसंबर 21 को अदालत ने पूर्व सीएमडी टीके लाहिड़ी, पूर्व डायरेक्टर डीसी झा, पूर्व डायरेक्टर ए साहा, इसीएल के पूर्व सीएमडी आर के सिन्हा, पूर्व सीजीएम पीके चक्रवर्ती, पूर्व सीजीएम केके सिन्हा, पूर्व जीएम आरके मिश्रा, पूर्व सीजीएम एके सिन्हा, पूर्व जीएम एसए नारायण, पूर्व जीएम चंद्र मोहन, पूर्व जीएम जी उत्प्रीति, आरके मुंशी, चंद्रमोहन, मेसर्स डायनासॉर्स कोल माइनिंग मिशनरी कंपनी लिमिटेड बीजिंग चाइना, मेसर्स मीनू इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता, मुद्रजीत दासगुप्ता सीजीएम इएनएम, भोगीलाल चोटालिया जीएम फिनांस, मदन मित्रा डिप्टी चीफ मैटेरियल मैनेजर और कंपनी के भारतीय एजेंट प्रवीण परखिया एवं मिलन परखिया के विरुद्ध संज्ञान लेकर उन्हें हाजिर होने का आदेश दिया था।

### मधुबन पुलिस ने की छापामारी, 400 बोरा अवैध कोयला जब्त



कतरास/महुदा (आजाद सिपाही)। मधुबन पुलिस ने बुधवार को अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ अभियान चलाते हुए फुलारीटांड स्थित फैक्ट्री के समीप छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया। पुलिस ने बरामद कोयला को बरोरा एरिया प्रबंधन को सौंप दिया। हालांकि पुलिस ने मामले में किसी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया है। वहीं, लोगों का आरोप है कि कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के आशीर्वाद से अवैध धंधा वर्षों से फलफूल रहा है। दिन में कोलियरी से अवैध तरीके से कोयला निकाल कर इकट्ठा किया जाता है और रात में ट्रकों में भरकर बाहर भेजा जाता है। उधर, मधुबन पुलिस द्वारा की औचक छापामारी के बाद अवैध धंधे से जुड़े लोग मौके से भाग गए। वहीं, प्रबंधन की मानें तो जब्त कोयले का वजन छह टन है।

## अंबाटांड गांव में जंगली हाथियों का उत्पात, वृद्धा की गयी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के झुमरा पहाड के तलहटी में बसे अंबाटांड गांव में मंगलवार की रात 10 बजे डंगली हाथियों का झउंट प्रवेश कर जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथी की ने 75 वर्षीय एक वृद्ध महिला की जान भी ले ली। जिसकी पहचान अपरुगीया देवी के रूप में हुई है। उधर, घटना की सूचना पाकर चतरोचट्टी के वन बीट वनरक्षी और चतरोचट्टी थाना प्रभारी नीरज कुमार व सीआरपीएफ 26वीं बटालियन के सहायक कंमाडेट प्रभात कुमार अपने सदलबल के साथ पहुंचे। घटना की विस्तृत जानकारी लेने के बाद शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमाटम के लिये अनुमंडलीय अस्तपताल भेज दिया। घटना के संबंध में ग्रामीणों व उनके पोता दिनेश कुमार महतो ने बताया कि रात करीब 10 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गये थे। कुछ क्षण में ही घर के सामने लगे अरहर बारी से आवाज सुनाई दी। वृद्धा को अरहर बारी में जानवर होने का संदेह हुआ। जिसे भगाने के लिये एक हाथ में डंडा व एक हाथ में टार्च लेकर निकली थी। पर रात में टार्च जलाते ही हाथी ने उन्हें दबोच लिया और घर से महज 50 मीटर की दूरी पर लेजाकर पटक-पटक कर जान ले ली। उसके बाद विजय महतो के खलिहान में में रखे धान के बीडा को भी चट कर गये और लिलो महतो के बारी में लगे आलू की फसल को रौंद दिया। वहीं वन विभाग के कार्यालय सहायक हैदर अली व वनकर्मियों ने तत्काल नगद 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। बाकि कागजी प्रकिया करते हुए जल्द मुआवजा भुगतान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वनरक्षी उदय कुमार, राजा अहमद, विकास कुमार, विनोद कुमार गंझु, रवि कुमार, बडकीसिधावारा पंचायत के पंसस लोकेंद्र कुमार महतो, धर्मेंद्र महतो, पूर्व मुखिया डालचंद महतो आदि उपस्थित थे।



### चपरी नंद घर परियोजना में सम्मान समारोह का आयोजन



नावाडीह/जरीडीह/बेरमो( आजाद सिपाही)। नंदघर परियोजना वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की सामाजिक पहल के तहत बोकारो में 150 नंदघर संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन को नंदघर परियोजना की सभी गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। इस तत्वधान में नावाडीह प्रखंड के चपरी पंचायत भवन में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन की ओर से अवार्ड- रिवॉर्ड कार्यक्रम किया गया। इसमें आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका को परियोजना में सक्रिय भागीदारी, उत्कृष्ट प्रदर्शन और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर महत्वपूर्ण रूप से ध्यान देने द्व सम्मानित करने के लिए अवार्ड और रिवॉर्ड कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत 14 नंदघरों की सेविका/सहायिका को सम्मानित किया गया। इस मौके पर चपरी की मुखिया आरती देवी, अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन की टीम व अन्य गण्यमान्य उपस्थित हुए।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा**

**अज्ञात शव :–आवश्यक सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चन्दवारा थानान्तर्गत एक अज्ञात मृतक का शव पाया गया है। जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उक्त मृतक महिला का हुलिया इस प्रकार है। उम्र–लगभग 40 वर्ष, पहनावा–काला रंग का स्वेटर, काला रंग का चेकदार/छींटेदार साड़ी, गले में काले रंग का धागा, बायां हाथ में लाल रंग का बाला, लम्बाई करीब –4'5'' रंग– सांवला है।

इस संबंध में चन्दवारा थाना कांड सं0–101/2022, दिनांक–10.12.2022, धारा–302/201 भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। यदि किसी को उक्त अज्ञात महिला का शव के बारे में जानकारी मिले तो, इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा :–9431706350,
अनुमण्डल पुलिस पदा0 कोडरमा :–9431706351,
थाना प्रभारी, चन्दवारा :– 7004559377,

पुलिस अधीक्षक,
कोडरमा

PR.NO.284967 Police(22-23):D

## मधुबन गोलीकांड में हुई एकतरफा कार्रवाई: कुंदन रजक

**मामले को लेकर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सहित मानवाधिकार आयोग को देंगे पत्र: रामशंकर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास/महुदा।** खरखरी पंचायत सचिवालय में वर्तमान मुखिया कुंदन रजक ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर आरोप लगाया कि नारायण धौड़ा की घटना को पूर्व मुखिया पिंकी कुमारी द्वारा प्रायोजित तरीके से षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया गया है। चुनाव में हुई करारी हार को वह पचा नहीं पा रही हैं, इसलिए अनुसूचित जाति होने का गलत फायदा उठाते हुए अनुसूचित जाति के लोगों पर ही व पंचायत चुनाव में सक्रिय रूप से उनके साथ रहे सहयोगियों को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। कहा कि पूर्व मुखिया पिंकी कुमारी द्वारा वैसे योजना के नाम पर जो धरातल पर है ही नहीं, लाखों रुपये गबन किये गए है, जिसकी शिकायत मैंने खुद लिखित रूप से जिला अधिकारी और झारखंड सरकार से किया है। जिसकी जांच भी चल रही है। खुद किये गए गबन व जांच की दिशा को बदलने के उद्देश्य से प्रायोजित तरीके से नारायण धौड़ा की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना को लेकर दिल्ली से आये जांच पर असंतुष्टि जताते हुए रजक ने कहा कि मैं खुद अनुसूचित जाति से हूं। जांच के लिये आये अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हलधर को दूसरे पक्ष की बात को भी सुनना चाहिए था। बिना दोनों पक्षों की बातों को सुने आयोग को किसी निर्णय पर पहुंचना उचित नहीं है। रजक ने अनुसूचित जाति आयोग से घटना की लिखित शिकायत करने की बात कही है। रजक ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से भी मामले में जांच पड़ताल की मांग करते हुए कहा कि उचित जांच के बाद ही दोषी को पकड़े जाएं और निर्दोष सजा से बच जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनकी तरफ से भी आयोग, प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सहित जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर इसकी सूचना देंगे और उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। मौके पर मुखिया कुंदन रजक, भीम रजक, चंदन रजक, भुनु बाउरी आदि थे।

### अपहरण के मामले में अभियुक्त गया जेल

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। कसमार थाना अंतर्गत बरईकला ग्राम पंचायत के कोयरिजारा निवासी लक्ष्मण महतो ने अपनी नाबालिग बेटी अपहरण का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त बरईकला पंचायत के करकट्टा खुर्द निवासी चंदन करमाली को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, नाबालिक का न्यायालय में ब्यान के बाद उसके माता-पिता को सौंप दिया गया।

**JHARKHAND INFORMATION CENTER,
JHARKHAND BHAWAN, NEW DELHI-110057**

**VERY SHORT NOTICE INVITING BIDS**

Bids are invited for empanelment of photographers to cover functions/events to State Government ( Jharkhand)for a period of one year from the date on which the competent authority gives orders for awarding of contract.

**Participation in this tender is by invitation only and is limited to the selected Photographers/Photo Studios. Unsolicited offers are liable to be ignored.**

The general information as regards to collection and submission of Bids is as under:

| Details of Tender | Last date and Timing of Submission of Technical and Financial Bid | Date and Timing of Opening of Technical and Financial Bid |
|---|---|---|
| Tender for Empanelment of a photographer to cover functions/ events | 22/12/2022 6:pm | 23/12/2022 11:45AM |

I. The Financial and Technical bids of the limited tender are placed at Annexure II and Annexure III respectively.
II. Detail tender document can be downloaded from departmental website: prdjharkhand.in

Sd/-
(Chief Administrative Officer)
Govt. of Jharkhand, Jharkhand Bhawan, New Delhi.

PR 285026 IPRD(22-23)#D

धनबाद के सामान जलकर हुए खाक, ढाई घंटे बाद बीसीसीएल के दमकल ने आग पर पाया काबू

## कचरा गोदाम में लगी भीषण आग, घर छोड़कर लोग भागे

आजाद सिपाही संवाददाता





**कतरास।** बाघमारा थाना अंतर्गत डुमरा सायरबांध के नजदीक स्थित कचरा गोदाम में मंगलवार की देर रात 12 बजे भीषण आग लग गई। आग की लपेटें और धूएं की गुबार को देख आसपास के घर वाले बिजली कनेक्शन को खुद से काट कर अपने-अपने घरों से निकल कर खुले मैदान की तरफ भाग गए। आसपास के लोग अपनी कार, बाइक, गैस सिलेंडर को लेकर बाहर आ गये, ताकि उनकी घरों में अगर आग लगे, तो भारी तबाही ना मचे। कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी जैसा माहौल उत्पन्न हो गया था। घर की महिलाएं डर से सड़क पर आ गई थी। पहले तो लोग खुद ही अपने स्तर परआग पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया, लेकिन भीषण आग पर काबू नहीं पा सके। घटना के समय कचड़ा गोदाम बंद था। वहीं, संचालक सूचना पर मौके पर पंहुच गया। उधर, आगजनी की सूचना पाकर बाघमारा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र से अग्निशमन विभाग से मदद मांगी। लगभग ढाई घंटे के बाद बीसीसीएल ब्लॉक टू से दमकल के इंजन मौके पर पहुंची। तब तक आग में सबकुछ जलकर खाक हो चुका था। बावजूद इसके दमकल की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। स्थानीय प्रशासन के पास खुद का दमकल वाहन नहीं है। स्थानीय बीसीसीएल कर्मचारी पवन रजक ने बताया कि हमलोग पहले से गोदाम संचालक को बोले थे कि घनी आबादी के बीच गोदाम नहीं चलाना चाहिए, कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। लेकिन गोदाम संचालक ने उनकी एक न सुनी। आज इतनी बड़ी घटना हो गई। स्थानीय लोगों की मानें तो गोदाम के पास हर समय असमाजिक तत्वों का जुटान रहता है। कोई सिगरेट तो को गंजा या अन्य प्रकार का नशा करता है। लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन को ये सब दिखाई नहीं देता है। इस पर पूरी तरह अंकुश लगना चाहिए।

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

Phone no. 06524-223003 (office) e-mail :- dfogumla@yahoo.in,
forest-gumla@jharkhandmail.gov.in 9102600556 P (mob.)8987790115 O (Mob.)
कार्यालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.11.2022 को गुप्त सूचना के आधार पर मौजा–लाटु अम्बाटोली, थाना–रायडीह के पास से 86 पीस साल बोटा सहित एक दस चक्का ट्रक संख्या– CG04DC-6665 एवं एक टाटा सूमो विक्टा सं0– JH01U-5982 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सम्मी अफताब, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 24.12.2022 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 284991 (Forest, Environment and Climate Changes) 22-23 (D)

## संसद में फिर गूंजा तवांग मुद्दा

# चर्चा की मांग को लेकर लोकसभा में हंगामा, 17 विपक्षी दलों का वॉकआउट



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने हंगामा किया। तवांग मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर राज्यसभा से 17 विपक्षी दलों ने वॉकआउट कर दिया। संसद के शीतकालीन सत्र में बुधवार को भी तवांग का ही मुद्दा गूंजा। लोकसभा में विपक्ष ने हंगामा किया। चर्चा की मांग को लेकर राज्यसभा से 17 विपक्षी दलों ने वॉकआउट कर दिया। इसमें कांग्रेस, आरजेडी, आम आदमी पार्टी, एमडीएमके, सीपीआइ, जदयू, डीएमके, टीएमसी और टीडीपी समेत अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल रहे।

### भाजपा संसदीय बोर्ड की मीटिंग में पीएम के लिए 3 मिनट तक बजी तालियां

कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा संसदीय बोर्ड की मीटिंग की। जब पीएम मोदी की एंट्री हुई तो पार्लियामेंट्री बोर्ड के मेंबर्स ताली बजाकर उनका स्वागत करते रहे। ये स्वागत गुजरात में जीत के लिए किया गया। करीब 3 मिनट तक तालियां बजती ही रहीं। कांग्रेस ने भी भारत-चीन सैनिकों की झड़प पर विपक्षी दलों की हाईलेवल मीटिंग बुलायी। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तवांग पर सरकार को घेरने के लिए विपक्षी दलों के साथ चर्चा की।

### कांग्रेस को तवांग में राजीव गांधी फाउंडेशन का नाम खींचने पर ऐतराज

मंगलवार को मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि रक्षामंत्री संसद में आए और अपना बयान पढ़कर बाहर चले गए। वह चर्चा करने के लिए तैयार ही नहीं थे। इसका राजीव गांधी फाउंडेशन मामले से कोई संबंध नहीं है। अगर इसमें हमारी किसी भी तरह की गलती है तो हमें फांसी पर लटका दो। खड़गे का कहना था कि उपसभापति ने कहा था कि हमें स्पष्टीकरण का मौका दिया जाएगा, लेकिन उन्होंने नहीं दिया। हमारी बात भी सुनने को तैयार नहीं थे। यह देश के लिए अच्छा नहीं है। यह राज्यसभा की मंगलवार की तस्वीर है। खड़गे ने सरकार से तवांग इलाके में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प मामले में सवाल किया था।

### तवांग झड़प पर 2 बड़े बयान

#### 1. राजनाथ बोले- भारतीय सैनिकों ने बहादुरी दिखाई

राजनाथ ने कहा- 9 दिसंबर 2022 को पीएलए ट्रूप्स ने तवांग में एलएसी का उल्लंघन कर नियम तोड़े थे। भारतीय सेना ने ढछअ को अतिक्रमण से रोका। उन्हें उनकी पोस्ट पर जाने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोटें भी आई हैं। हमारे किसी भी सैनिक की न तो मृत्यु हुई है और न कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। समय से हमने हस्तक्षेप किया। इसकी वजह से चीनी सैनिक वापस चले गए।इसके बाद लोकल कमांडर ने 11 दिसंबर को चाइनीज काउंटर पार्ट के साथ व्यवस्था के तहत फ्लैग मीटिंग की। चीन को ऐसे एक्शन के लिए मना किया गया और शांति बनाए रखने को कहा। कूटनीतिक स्तर पर भी मुद्दा उठाया गया। हमारी सेनाएं भौमिक अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसी भी प्रयास को रोकने के लिए तत्पर हैं। विश्वास है सदन सेनाओं की वीरता और साहस को समर्थन देगा। यह संसद बिना किसी संशय के भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और क्षमता का अभिनंदन करेगी।

#### 2. शाह बोले- राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से पैसा मिला

इससे पहले तवांग झड़प को लेकर संसद में भारी हंगामा हुआ। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने संसद के बाहर कहा कि भारत की एक इंच जमीन पर चीन ने कब्जा नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने बहादुरी दिखाई। कांग्रेस दोहरा व्यवहार कर रही है। कांग्रेस ने प्रश्न काल चलने नहीं दिया। हमने जवाब देने की बात कह दी थी। उसके बावजूद इन्होंने संसद नहीं चलने दी। शाह ने आरोप लगाया कि चीन पर कांग्रेस का रवैया दोहरा है। राजीव गांधी फाउंडेशन का सवाल प्रश्न काल में रखा गया था। मैं बता दूं कि इसका एफसीआरए लाइसेंस रद्द किया गया था।

## चीनी हैकर्स ने किया था एम्स के सर्वर पर अटैक

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एम्स सर्वर हैकिंग मामले में चीन की साजिश सामने आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने पुष्टि की है कि एम्स के सर्वर पर चीनी हैकर्स ने अटैक किया था। मंत्रालय के मुताबिक, एम्स के 100 में से 5 सर्वर हैक किये गये थे, इन सभी का डेटा रिकवर कर लिया गया है। एम्स का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। जांच अधिकारियों ने इसके पीछे चीन का हाथ होने की आशंका जतायी थी। उनका कहना था कि हैकिंग के दौरान एम्स का पर्सनल डेटा भी लीक हुआ था। दिल्ली एम्स में 23 नवंबर को सर्वर हैक होने की वजह से डॉक्टर अपने ई-सर्वर पर लॉगिन नहीं कर पा रहे थे। हैकिंग की जांच कर रहे अधिकारी ने बताया था कि साइबर एक्सपर्ट्स के मुताबिक, चीन के दो रैंसमवेयर ग्रुप- सम्राट ड्रैगनफ्लाई और ब्रांज स्टारलाइट (देव 0-0401) इस हमले के पीछे हो सकते हैं। वहीं, दूसरा संदेह लाइफ नाम के एक ग्रुप पर था, जिसे वानारेन नामक रैंसमवेयर का नया वर्जन माना जा रहा है। जांच से यह भी पता चलता है कि हो सकता है कि हैकर्स ने बिक्री के लिए डेटा को डार्क वेब पर डालना शुरू कर दिया हो, क्योंकि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई थीं।



राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई एवं राज्यसभा के सचेतक झारखंड प्रभारी के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह पूर्व आइजी ने दिल्ली में झारखंड की राजनीति के बारे में विचार-विमर्श किया।

### बंगाल हिंसा के आरोपी की खुदकुशी

**कोलकाता।** बंगाल के बीरभूम में हुई हिंसा के आरोपी की खुदकुशी पर सीबीआइ अफसर पर केस दर्ज किया गया है। इस साल की शुरूआत में बीरभूम के बोगतुई गांव में हुई हिंसा में ललन शेख मुख्य आरोपी था। उइकको 9 महीने से ललन शेख की तलाश थी। ललन को झारखंड के मुफस्सिल में नरोत्तमपुर से 10 दिन पहले ही गिरफ्तार किया गया था। ललन को सीबीआइ ने एक अस्थाई कैंप में कस्टडी में रखा था।

## शिकार करने गये दो दोस्त गोली लगने से एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल बरहा शिकार करने के लिए जंगल गये थे। तब साथी शिकारी द्वारा की गई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई। ऐसी ही एक अभाबनीय घटना मंगलवार की रात अंगुल जिले पाललहड़ा प्रखंड खमार थाना रोहिला रुगुड़ी साही में हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात 7 से 8 शिकारी ने देशी बंदूक के साथ बरहा का शिकार करने के लिए खमार के रोहिला रुगुड़ी साही के पास जंगल में गये थे। वहीं, एक साथी युवक को एक शिकारी ने मार डाला। मृतक 25 वर्षीय रवि पूर्ति था। जबकि 2 दोस्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक अब बि फेरर है। गिरफ्तार दो युवकों के नाम चैतन्य बोइता और बलभद्र जामुदा हैं। अन्य आरोपी विजय कांडीआन कल रात से फरार है। पुलिस ने देशी बंदूक के साथ लाश को जब्त कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर ने सासन, रेंगाली, लपंगा और बृंदामल स्टेशन का निरीक्षण किया

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, विनीत सिंह ने 13/12/2022 को संबलपुर मंडल के संबलपुर-झारसुगुडा रोड खंड में सासन, रेंगाली, लपंगा और बृंदामल रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशनों पर उपलब्ध करायी जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और इस खंड में चल रही विकास गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बातचीत की और अनुभाग में विभिन्न अचल संपत्तियों, प्रतिष्ठानों, यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को सभी मामलों में संरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने संबलपुर-झारसुगुडा रोड खंड के बीच विंडों ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया।



## सम सीटीवीएस टीम ने जटिल हृदय शल्य चिकित्सा की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा में पहली बार चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) टीम ने यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के चिकित्सा विज्ञान संकाय का सफलतापूर्वक संचालन किया है। हाल ही में प्राणघातक महाधमनी रोग से पीड़ित दो युवा रोगियों की शल्य चिकित्सा की गई। अस्पताल में सीटीवीएस विभाग के प्रमुख डॉ. देबाशीष साहू ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जीवन को खतरे में डालने वाली स्थिति बहुत अधिक मृत्यु दर से जुड़ी है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है और मरीजों की मृत्यु हो जाती है क्योंकि इलाज के लिए राज्य से बाहर जाने में समय लगता है। डॉ. साहू ने कहा कि इस तरह की पहली सर्जरी आइएमएस और सम अस्पताल में की गई थी, जब उन्होंने देवगड के 26 वर्षीय अनादि चरण साहू का इलाज किया था, जिसमें एओर्टिक रूट रिप्लेसमेंट और आर्क रिप्लेसमेंट प्रक्रिया का इस्तेमाल किया गया था, जो लगभग 15 घंटे तक चला था। 22 वर्षीय बिस्वजीत बेहेरा भी इसी तरह की स्थिति से पीड़ित थे और 8 घंटे की सर्जरी के बाद ठीक हो गए थे। डॉ. साहू ने कहा कि सीटीवीएस टीम में डॉ. सुशांत कुमार भोई कंसल्टेंट कार्डियक एनेस्थीसिया और डॉ. मनभंजन जेना कार्डिएक कंसल्टेंट शामिल हैं। प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद अनादि चरण साहू और बिस्वजीत बेहेरा ने कहा कि सर्जरी के बाद वे काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और सामान्य रूप से काम कर पा रहे हैं। जब मैं अस्पताल आया, तो मैं बोल नहीं पा रहा था और सीने में दर्द का अनुभव कर रहा था। लेकिन अब मैं सामान्य महसूस कर रहा हूं, अनादि चरण साहू ने कहा। प्रो. (डॉ.) पुष्पराज सामंतसिंहार चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि बीएसकेवाई के तहत अस्पताल द्वारा नियमित रूप से इस तरह की उच्च स्तरीय सर्जरी की जा रही है। समाचार सम्मेलन में अस्पताल के कॉर्पोरेट प्रमुख, बीएसके, डॉ. मागुनी बेहेरा उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
धनबाद, दिनांक 12/12/2022
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:–
क्रम सं०–(i) 1. (ii) ई–नीलामी सूची : पार्किंग। (iii) ई–नीलामी सूची सं०: एयूसी–पार्क–16 (iv) ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण: 27.12.2022 12 बजे से। (v) कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : पहाड़पुर स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। बरवाडीह स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/ समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01666/डीएचएन/कॉम/एन/22–23/36

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**